सूर्योदय 7:14 सूर्यास्त 5:36

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.6 न्यू | 17.2 अधि |
| धर्मशाला | 5.8 न्यू | 22.9 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79943.71 |
| निफ्टी | 24188.65 |
| सोना 78,330 | चांदी 91,510 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



क्या सिडनी टेस्ट में अंतिम एकादश से बाहर होंगे रोहित?

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 3 जनवरी 2025 | 20 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 16, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### सिक्किम और नेपाल में भूकंप से डोली धरती



**नई दिल्ली।** उत्तर नेपाल और दक्षिण-पश्चिमी सिक्किम में वीरवार सुबह भूकंप के झटके लगे। सिक्किम में भूकंप की रिक्टर स्केल पर 3.9 रही तीव्रता रही। हालांकि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। वहीं, नेपाल में 4.8 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके राजधानी काठमांडू और पड़ोसी जिलों में महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान अनुसंधान केंद्र के अनुसार, भूकंप अपराह्न 1.02 बजे आया।

### हिंदू संत चिन्मय की जमानत याचिका खारिज



**ढाका।** बांग्लादेश की एक अदालत ने हिंदू संत और इस्कॉन से जुड़े रहे चिन्मय कृष्ण दास को देशद्रोह के मामले में जमानत देने से इनकार कर दिया। चिन्मय को सुनवाई के लिए अदालत नहीं लाया गया और वह ऑनलाइन माध्यम से अदालत की कार्यवाही में शामिल हुए। इस्कॉन के सदस्य रह चुके दास को 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था।

### संजय ने भाजपा नेता मनोज व मालवीय को नोटिस भेजा



**नई दिल्ली।** 'आप' सांसद संजय सिंह ने गलतबयानी के आरोप में भाजपा सांसद मनोज तिवारी और भाजपा आईटी सैल के प्रमुख अमित मालवीय को लीगल नोटिस भेजा। संजय सिंह ने कहा कि मेरी पत्नी अनीता सिंह के वोट के मामले में बीजेपी के नेताओं ने गलत जानकारी देकर मेरी छवि खराब करने की कोशिश की है। संजय ने कहा कि मेरी पत्नी अनीता ने 4 जनवरी 2024 को जिला निर्वाचन कार्यालय में वोट कटवाने की एप्लीकेशन दी। सुल्तानपुर में मेरी माता और पिता के अलावा किसी का वोट नहीं है।

### ओवैसी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट वीरवार को एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी की पूजा स्थल कानून से जुड़ी याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। ओवैसी ने याचिका में 1991 के प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट (पूजा स्थल कानून) को लागू करने की मांग की है। कानून के मुताबिक, 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- करसोह गांव में क्रशर लगाने का विरोध -पेज 2
- गत वर्ष रिकॉर्ड 2,08,275 यात्री पहुंचे कांगड़ा एयरपोर्ट -पेज 4
- स्कूलों की पब्लिक लाइब्रेरियों की रिपोर्ट तलब -पेज 9
- देश के 440 जिलों के भूजल में पाया गया नाइट्रेट का उच्च स्तर -पेज 13
- रित्विक बोलीपल्ली ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट से बाहर -पेज 14

# मनु भाकर समेत चार को खेल रत्न और 32 को मिलेगा अर्जुन अवॉर्ड

## खेल मंत्रालय ने किया राष्ट्रीय खेल पुरस्कार का ऐलान, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 17 जनवरी को करेंगी प्रदान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**खेल** मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 की घोषणा कर दी है। ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, शतरंज के विश्व चैंपियन डी गुकेश, भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार दिया जाएगा।

वहीं, अर्जुन पुरस्कार के लिए चुने गए 32 खिलाड़ियों में रिकॉर्ड 17 पैरा एथलीट हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 17 जनवरी को राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले विशेष समारोह में पुरस्कार प्रदान करेंगी। खेल रत्न अवॉर्ड पाने वाले को एक मेडल, प्रशस्ति पत्र और 25 लाख, अर्जुन अवॉर्ड में 15 लाख रुपए नकद, अर्जुन की मूर्ति और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। मनु भाकर एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली भारत की पहली खिलाड़ी बनी, जिन्होंने पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारत ने लगातार दूसरे ओलंपिक में पदक जीता। 18 साल के गुकेश सबसे युवा विश्व चैंपियन बने, जो पिछले साल शतरंज ओलंपियाड में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक में भी सूत्रधार रहे थे।

### इन्हें मिलेगा अर्जुन पुरस्कार

**अर्जुन** पुरस्कार के लिए चुने गए खिलाड़ियों में पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान अमन सहरावत, निशानेबाज स्वप्निल कुसाले और सरबजोत सिंह, पुरुष हॉकी खिलाड़ी जरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, संजय और अभिषेक, फर्राटा धाविका ज्योति याराजी, भाला फेंक खिलाड़ी अन्नु रानी, महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे, विश्व चैंपियन मुक्केबाज नीतू गंघास और स्वीटी, तैराक साजन प्रकाश, ओलंपियाड शतरंज स्वर्ण पदक विजेता वंतिका अग्रवाल और स्कवाश खिलाड़ी अभय सिंह शामिल हैं। पैरा खिलाड़ियों में पेरिस पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता धरमबीर (क्लब थ्रो), नवदीप सिंह (भाला फेंक) और नितेश कुमार (पैरा बैडमिंटन) शामिल हैं। पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता पैरा तीरंदाज राकेश कुमार, पैरा निशानेबाज मोना अग्रवाल और रूबिना फ्रांसिस को भी अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना गया है।

### द्रोणाचार्य पुरस्कार

**द्रोणाचार्य** पुरस्कार के लिए ओलंपिक कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले की कोच दीपाली देशपांडे का नाम शामिल है। द्रोणाचार्य पुरस्कार (लाइफटाइम) श्रेणी में भारतीय फुटबाल टीम के पूर्व मैनेजर अर्मांडो कोलासो और बैडमिंटन कोच एस मुरलीधरन शामिल है। लाइफटाइम अर्जुन पुरस्कार पाने वालों में भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर शामिल हैं, जिन्हें 1972 पैरालंपिक में 50 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी में पीला तमगा मिला था। भारत पाकिस्तान युद्ध 1965 में गोलियां लगने से विकलांग हुए पेटकर पर हाल ही में फिल्म 'चंदू चैंपियन' बनी है। पैरा हाई जंपर प्रवीण ने पेरिस पैरालंपिक में टी 64 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। यह उन खिलाड़ियों की श्रेणी है जिनका घुटने से नीचे एक या दोनों पैर नहीं होता है और वह दौड़ने के लिए कृत्रिम पैर पर निर्भर होते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- डल्लेवाल का अनशन तुड़वाने के लिए नहीं कहा

## पंजाब सरकार को फटकार, कहा- अधिकारी, किसान नेता फैला रहे गलत धारणा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के मामले में पंजाब सरकार को फटकार लगाई। शीर्ष अदालत ने कहा कि सरकार के अधिकारी और कुछ किसान नेता मीडिया में यह गलत धारणा बना रहे हैं कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन खत्म कराने की कोशिश की जा रही है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि हमने कभी भी डल्लेवाल का अनशन खत्म कराने का निर्देश नहीं दिया, वे केवल उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंतित है। हम चाहते हैं कि उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की जाए। कोर्ट ने कहा कि ऐसा लगता है कि पंजाब सरकार के अधिकारी और कुछ किसान नेता जमीनी स्तर पर स्थिति को और जटिल बनाने के लिए मीडिया में गैरजिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि हमें डल्लेवाल के प्रति कुछ किसान नेताओं की सद्भावना को परखने की जरूरत है। पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने स्थिति को जटिल बनाने के किसी भी प्रयास से इनकार किया और कहा कि डल्लेवाल को अपना अनशन खत्म किए बिना चिकित्सा सहायता लेने के लिए मनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पीठ ने कहा कि पंजाब के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) इस मामले में डिजिटल माध्यम से पेश हो रहे हैं, इसलिए उम्मीद है कि अदालत का संदेश नीचे तक जाएगा।

### हलफनामा दाखिल करने को कहा

**सुप्रीम** कोर्ट ने दोनों अधिकारियों से हलफनामा दाखिल करने को कहा, जिसमें यह बताया गया हो कि 20 दिसंबर के उसके आदेश का कितना पालन किया गया है। उस आदेश में न्यायालय ने पंजाब सरकार को डल्लेवाल को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था। कोर्ट इस मामले की अगली सुनवाई के लिए छह जनवरी की तारीख तय की।

### केंद्र को जारी किया नोटिस

**शीर्ष** अदालत ने डल्लेवाल की ओर से दायर एक नई याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया है। डल्लेवाल की याचिका में केंद्र सरकार को कृषि कानूनों को निरस्त किए जाने के बाद 2021 में प्रदर्शनकारी किसानों से किए गए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न वादों को पूरा करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

### मुख्तार अंसारी की मौत से जुड़ी रिपोर्ट बेटे को उपलब्ध कराई जाए

**सुप्रीम** कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि वह गैंगस्टर एवं नेता मुख्तार अंसारी की मौत से जुड़ी चिकित्सा और मजिस्ट्रेट जांच रिपोर्ट उसके बेटे को उपलब्ध कराए। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय की पीठ ने उमर अंसारी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों पर गौर किया। उमर ने कहा कि उसके पिता की मौत से संबंधित चिकित्सा और न्यायिक जांच रिपोर्ट राज्य सरकार की ओर से प्रस्तुत नहीं की गई। मऊ सदर से पांच बार विधायक रहे मुख्तार अंसारी की 28 मार्च 2024 को यूपी के बांदा स्थित एक अस्पताल में मौत हो गई थी।

### सील बंद लिफाफे में संभल जामा मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट की पेश

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद पर चल रहे मामले में वीरवार को एडवोकेट कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने सर्वे रिपोर्ट कोर्ट में पेश की। यह रिपोर्ट 40 पन्नों की है और सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर इसे सील बंद लिफाफे में जमा किया है। 19 और 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद का सर्वे किया था। यह सर्वे संभल के चंदौसी जिला कोर्ट के निर्देश पर हुआ। एडवोकेट कमिश्नर ने बताया कि स्वास्थ्य कारणों से रिपोर्ट पेश करने में थोड़ा समय लगा।

# चंडीगढ़, दिल्ली और गोवा का भ्रमण करेंगे 22 अनाथ बच्चे

## सीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के पहले दल को रवाना





शिमला में चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के पहले दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार 22 चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के पहले दल को 13 दिवसीय भ्रमण पर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों की वोल्वो बस को हरी झंडी दिखाई और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के 6000 अनाथ बच्चों को कानून बनाकर चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया है। इन बच्चों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना लागू की है, जिसके तहत अनाथ बच्चों की देखभाल, उन्हें शिक्षा प्रदान करने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रावधान किए गए हैं। इन 22 बच्चों को इसी योजना के तहत चंडीगढ़, दिल्ली और गोवा के भ्रमण पर भेजा गया। सुक्खू ने कहा कि भ्रमण पर निकले 22 बच्चों में 16 लड़कियां और 6 लड़के शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ये बच्चे 4 जनवरी तक चंडीगढ़ का भ्रमण करेंगे और हिमाचल भवन चंडीगढ़ में ठहरेंगे। 5 जनवरी को ये शताब्दी ट्रेन से दिल्ली जाएंगे और 8 जनवरी तक दिल्ली में ठहरेंगे, जहां विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों का दौरा करेंगे। 9 जनवरी को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट हवाई जहाज से गोवा के लिए रवाना होंगे और 13 जनवरी तक गोवा में एक थ्री स्टार होटल में ठहरेंगे और वहां के विभिन्न पर्यटन और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। 14 जनवरी को ये बच्चे गोवा से हवाई जहाज के माध्यम से चंडीगढ़ पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन अनाथ बच्चों का हिमाचल की संपदा पर अधिकार है। इन बच्चों की सरकार ही माता और ही पिता है।

### सरकार की सराहनीय पहल : डॉ. शांडिल

**स्वास्थ्य** एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल ने कहा कि राज्य सरकार की यह सराहनीय पहल है और अनाथ बच्चों की देखभाल राज्य सरकार कर रही है। इन बच्चों की कोई सुनवाई नहीं होती थी, लेकिन अब वर्तमान राज्य सरकार उनकी हर जरूरत का परिवार की तरह ध्यान रख रही है।

# नीट-यूजी परीक्षा पर समिति की सिफारिशों को लागू करेगा केंद्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बताया कि नीट-यूजी की परीक्षा को लेकर विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को लागू करेंगे। सरकार ने बीते साल नीट-यूजी की परीक्षा कराने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के कामकाज की समीक्षा के लिए सात सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित की थी।

> सुप्रीम कोर्ट को बताया समिति ने कर दी है रिपोर्ट दाखिल

इस समिति को परीक्षा में संशोधन के सुझाव देने हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल दो अगस्त को विवादों से घिरे नीट-यूजी 2024 को रद्द करने से इनकार कर दिया था और कहा था कि वर्तमान में रिकॉर्ड में ऐसी कोई पर्याप्त सामग्री नहीं है, जो परीक्षा की शुचिता से समझौता करने वाले प्रणालीगत लीक या कदाचार का संकेत दे। केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने वीरवार को न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ को बताया कि केंद्र की ओर से नियुक्त समिति ने अपनी रिपोर्ट दाखिल कर दी है और सरकार सभी सिफारिशों को लागू करेगी।

# हिमाचल में दो दिन बारिश और बर्फबारी

## 5 शहरों का तापमान माइनस में, 7 जिलों में कोहरे का येलो अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में शनिवार से फिर मौसम के मिजाज बदलेंगे और दो दिन बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। प्रदेश में 4 जनवरी पश्चिमी विक्षोम सक्रिय होगा। 5 व 6 जनवरी को भारी बारिश-बर्फबारी होने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को चंबा, किन्नौर, कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिले की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हो सकती है।



शिमला के रिज मैदान में खिली धूप के बीच चहलकदमी करते पर्यटक।

वहीं, मौसम विभाग ने सात जिलों ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा, मंडी, सोलन और सिरमौर में घना कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के 5 शहरों कल्पा-2.0 डिग्री, केलांग -6.2 डिग्री, कुकुमसैरी-6.9 डिग्री, समदो-9.3 डिग्री और ताबो का -14.7 डिग्री का पारा माइनस में रहा। हिमाचल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। शिमला का न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री, डलहौजी में 8.8 डिग्री, बिलासपुर में 7.7 डिग्री, मनाली में 2.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। प्रदेश का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया।

# राजघाट के पास बन सकता है मनमोहन सिंह का स्मारक

> केंद्र ने परिवार को जगह सुझाई; जमीन लेने के लिए ट्रस्ट बनेगा, वही आवेदन करेगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पूर्व** प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का स्मारक बनाने के लिए जमीन आवंटन का काम शुरू हो चुका है। केंद्र सरकार ने स्मारक के लिए डॉ. मनमोहन सिंह के परिवार को कुछ जगहें सुझाई हैं। परिवार की तरफ से जगह का चुनाव हो जाने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

सूत्रों के मुताबिक, गांधी-नेहरू परिवार की समाधियों के नजदीक ही डॉ. सिंह का स्मारक बनाए जाने की संभावना है। स्मारक के लिए एक-डेढ़ एकड़ जमीन दी जा सकती है। इसके लिए शहरी विकास मंत्रालय के अधिकारियों ने राजघाट और उसके आसपास का दौरा भी किया है। नई पॉलिसी के मुताबिक, जमीन आवंटन किसी ट्रस्ट को ही किया जा सकता है। इस वजह से पहले ट्रस्ट का गठन करना होगा। जमीन के लिए आवेदन ट्रस्ट ही करेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 27 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर कहा था कि डॉ. सिंह का अंतिम संस्कार जहां हो, वहीं स्मारक बनाया जाए। हालांकि, गृह मंत्रालय ने निगमबोध घाट पर अंतिम संस्कार करवाया था।

**पहल** एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशनों पर विज्ञापन स्थलों का उपयोग करने की नई पहल की योजना बना रहा टी बोर्ड

# टी बोर्ड बढ़ाएगा कांगड़ा चाय की लोकप्रियता

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

**कांगड़ा** चाय की महक से हर कोई वाकिफ है लेकिन इसकी लोकप्रियता अभी तक उस स्तर की नहीं हो पाई, जिसकी वह हकदार है। इसी मकसद से इसकी लोकप्रियता बढ़ाने के लिए अब टी बोर्ड आगे आया है। बोर्ड ने देशभर के एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों पर विज्ञापन स्थलों का उपयोग करने की नई पहल की है, जिसके लिए योजना बनकर लगभग तैयार है।





हाल ही में टी इंडिया बोर्ड की पालमपुर में हुई बैठक में इस मामले पर विचार-विमर्श किया था, जिसे अब बोर्ड मूर्त रूप देने जा रहा है। अगर बोर्ड का यह मंसूबा कामयाब हो जाता है तो कांगड़ा चाय को बहुत बड़ा बाजार मिल सकता है। बोर्ड के उपनिदेशक राकेश कुमार ने बताया कि जमीनी कार्य शुरू हो चुका है और प्रस्ताव पर काम चल रहा है। प्रस्ताव मंत्रालय को भेजा जाएगा। कांगड़ा चाय पश्चिमी हिमालय में धौलाधार पर्वत श्रृंखला की ढलानों पर समुद्र तल से 900-1,400 मीटर ऊपर उगाई जाती है। चाय बगान मालिक कांगड़ा चाय के प्रचार-प्रसार और उसके अभाव को लेकर चिंता जताते रहे हैं और इस बात पर जोर देते रहे हैं कि इसकी दृश्यता बढ़ाने के लिए और अधिक प्रयासों की आवश्यकता है। (अनंत ज्ञान)

### कांगड़ा चाय का बढ़े विपणन स्तर : सूक्ष्म

**कांगड़ा** घाटी लघु चाय बागान मालिक संघ के अध्यक्ष सूक्ष्म बुटेल ने कहा कि कांगड़ा चाय का विपणन उस स्तर तक नहीं किया है, जिसकी वह हकदार है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में महत्वपूर्ण प्रभाव डालने की क्षमता है, लेकिन इसके लिए सरकार के ठोस प्रयासों की आवश्यकता है।

### 2023 में मिला था जीआई टैग

**यूरोपीय** आयोग ने 2023 में अद्वितीय कांगड़ा चाय के लिए एक संरक्षित भौगोलिक संकेत यानी जीआई टैग प्रदान किया था। एक समय यूरोप, मध्य एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और पाकिस्तान में लोकप्रिय रही थी। अब कांगड़ा चाय ने लोकप्रियता खो दी है और हाल के वर्षों में इसका उत्पादन कम हो गया है। हालांकि, समर्पित प्रयासों के कारण, वर्तमान में वार्षिक उत्पादन लगभग 9 से 10 लाख किलोग्राम है।

# पानी घोटाला मामले के दोषी नहीं बच पाएंगे : कुलदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



> बोले- भ्रष्टाचार और विकास कार्यों की गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता

**ठियोग** के विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने कहा कि वह अपने विधानसभा क्षेत्र में किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार व विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं कर सकते।

राठौर ने कहा कि ठियोग में पेयजल आपूर्ति में घपले का मामला पहले ही उनके ध्यान आया है। इस बारे में ठियोग के एसडीएम, आईपीएच एक्सईएन सहित डीसी को इस मामले की जांच करने को कहा था। पानी घोटला मामले में दोषी नहीं बच पाएंगे। सरकार जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टि में इस पूरे मामले में दाल में काला नजर आता है और जांच रिपोर्ट के बाद ही पूरे तथ्य सामने आएंगे। राठौर ने कहा कि यहां बने निम्न स्तर के नवनिर्मित होस्टल निर्माण को लेकर भी विधानसभा की लोक लेखा समिति ने हिमुडा के निदेशक को अपना पक्ष रखने को बुलाया है। हॉस्टल भवन को असुरक्षित घोषित किया गया है। नागरिक अस्पताल का निर्माण भी संतोषजनक नहीं पाया है, जिसकी जांच की जा रही है।

# यूरोपीय देश मोंटेनेग्रो में फायरिंग, 10 की मौत

**पॉडगोरिका।** यूरोपीय देश मोंटेनेग्रो में एक शख्स ने बार में फायरिंग कर अपने ही परिवार के सदस्यों समेत 10 लोगों की हत्या कर दी। मरने वालों में परिवार के अलावा बार के मालिक और उसके 2 बच्चे भी शामिल हैं।

वहीं, 4 लोग घायल भी हुए हैं। आरोपी हमलावर की पहचान 45 साल के आको मार्टिनोविक के रूप में हुई है, जो हमले के बाद मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए इलाके की सभी सड़कों को बंद कर दिया और उसकी तलाश में जुट गई। गृह मंत्री ने बताया कि आरोपी हमलावर ने आत्महत्या कर ली है। वहीं, मोंटेनेग्रो सरकार ने तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। गोलीबारी को देश के प्रधानमंत्री ने भयानक हादसा करार दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### हमीरपुर शहर के कई क्षेत्रों में 5 को बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत सब्जी मंडी और ब्वायज स्कूल के आसपास विद्युत उपकरणों एवं लाइनों को पुनर्व्यवस्थित करने के कार्य के चलते 5 जनवरी को उपायुक्त कार्यालय परिसर, लोक निर्माण विभाग कालोनी, पूल्ड कालोनी, गांधी चैक, अप्पर बाजार, नादौन चैक, बस स्टैंड, पुलिस स्टेशन गांधी गेट, प्रतापनगर, बराड़ बल्ह, अणु कलां और आसपास के क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### भोरंज पुलिस ने 10 ग्राम चिट्टे के साथ युवक धरा



**अनंत ज्ञान, जाहू।** उपमंडल भोरंज में 10 ग्राम चिट्टे के साथ एक युवक को भोरंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस टीम थाना भोरंज ने पंकज कुमार उर्फ बोटी (उम्र 27 साल) पुत्र नरेश कुमार शर्मा गांव व डाकघर जाहू तहसील भोरंज को को 10 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस थाना प्रभारी एसएचओ प्रशांत कुमार ने बताया कि युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है। उन्होंने क्षेत्र के ग्रामीणों से निवेदन किया कि मादक पदार्थ में संलिप्त ऐसे व्यक्तियों के बारे में जानकारी प्रदान करें तथा नशे के विरुद्ध लड़ाई में सहयोग करें।

### नादौन की 6 पंचायतों की मेधावी छात्राएं सम्मानित



**अनंत ज्ञान, नादौन।** बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय नादौन ने बेटियों को प्रोत्साहित करने के लिए 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना' के अंतर्गत क्षेत्र की छह ग्राम पंचायतों भरमोटी, भदरोल, गौना, कमलाह, बसारल और मझियार की मेधावी छात्राओं को विशेष रूप से पुरस्कृत किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में पलक पुत्री वीरेंद्र कुमार, सिमरन पुत्री अश्वनी कुमार, प्रियंका पुत्री प्रवीण कुमार, जाहनवी पुत्री दिनेश कुमार, राबिया पुत्री राजीव भारती, अर्शी पुत्री सुनील कुमार, सामवी पुत्री अरुण दत्त और अन्य प्रतिभाशाली छात्राओं को पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर सबाल विकास परियोजना अधिकारी संजय गर्ग ने कहा कि आज के दौर में लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नहीं हैं। उन्होंने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा एवं क्षमता का लोहा मनवाया है। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली बेटियों के अभिभावक, वृत पर्यवेक्षक संजय कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

### 10 जनवरी तक प्रभावित रहेगी बिजली की आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत उपमंडल धनेटा में 3 से 10 जनवरी तक लाइनों की आवश्यक मरम्मत एवं नई तारें लगाने के कार्य के चलते गांव झलाण, लुहारली, चेली, अंसरा, किटपल, भियांबी और आसपास के गांवों में प्रतिदिन सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सुशील कुमार ने इस दौरान क्षेत्र के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### बडैहर में मेगा क्रिकेट प्रतियोगिता 5 से

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** बडैहर में 11वीं मेगा लोकल क्रिकेट प्रतियोगिता 2023-24 जो पवनु, ऊधो राम, संजीव कुमार व प्रवीण कुमार की यादगार में युवक मंडल बडैहर क्रिकेट प्रतियोगिता 5 जनवरी से करवाने जा रहे हैं। युवक मंडल के प्रधान पंडित हेम राज शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 5000 निर्धारित किया गया है। इसमें विजेता टीम को 51000 रुपए व ट्रॉफी व उपविजेता टीम को 41000 रुपए व ट्रॉफी पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में नियम व शर्तें भी निर्धारित की गई हैं, जिसमें प्रत्यक टीम किट व हेलमेट तथा एडोमन गाई के साथ होनी चाहिए। प्रतियोगिता संबंधी किसी भी फैसले के निर्णय का अधिकार आयोजक मान का होगा। अपांयर का निर्णय अंतिम निर्णय होगा। इस पर अनुवित टिप्पणी करने वाली टीम व प्लेयर को निष्कासित कर दिया जाएगा। कोई भी री-एंट्री नहीं होगी। किसी भी प्रकार को चोट लगने या हादसा होने पर आयोजक जिम्मेदार नहीं होंगे। सभी टीमें मैच समय से 30 मिनट पहले खेल स्थान पर पहुंचे। एक खिलाड़ी एक ही टीम से खेल सकता ह, नहीं तो उसी वक्त पूरी टीम को बाहर कर दिया जाएगा। मैन ऑफ द सीरीज भी दी जाएगी। हर मैच में मैन ऑफ द मैच दिया जाएगा।

# एनआईटी की होगी फैकल्टी प्रमोशन, सुधरेगी रैंकिंग: डॉ. सूर्यवंशी

**हमीरपुर** स्थित सूबे का एकमात्र राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) पिछले कुछ सालों से कई तरह के विवादों से घिरा रहा। रैंकिंग में गिरावट का मसला हो या फिर उससे पहले तत्कालीन डायरेक्टर विनोद यादव की बर्खास्तगी और बाद में फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की रिपोर्ट को लेकर जुड़ा विवाद। इसकी भीतरी व्यवस्था में खामियों को लेकर भी कई तरह की चर्चाएं होती रहती हैं। इन सब सवालों का जवाब देने के लिए 'अनंत ज्ञान' ने संस्थान के डायरेक्टर **डॉ. एचएल सूर्यवंशी** से विस्तार से बातचीत की। वह हमीरपुर में गांधी चौक पर स्थित अखबार के कार्यालय में पहुंचे और इस दौरान उन्होंने बेबाकी से अपनी बात रखी। पेश हैं ब्यूरो चीफ **विक्रम ढटवालिया** के साथ हुई उनकी बातचीत के मुख्यांश :-

*सवाल: सर, संस्थान की गिरती रैंकिंग की वजह से पिछले लगातार दो-तीन साल अच्छा खासा झटका लगा है। ढेर सारे सवाल भी उठे हैं, क्या कारण हैं, क्या सुधार हो पाएगा, कब और कैसे?*

**जवाब:** देखिए जो नुकसान होना था, वह हो चुका है, अब पिछले दो सालों में इसमें सुधार के लिए अच्छे प्रयास किए गए हैं और अब अगले साल के शुरू से इसके रिजल्ट्स बेहतर तरीके से सामने आ जाएंगे। संस्थान अब इसी पर फोकस किए हुए हैं।

*सवाल : 3 साल हो चले आपको इस संस्थान में। कैसा महसूस कर रहे हैं, अपने तुजुर्बे के बूते आप संस्थान को कितना दे पाए हैं?*

**जवाब :** मेरे आने से पहले इस संस्थान में जो हुआ, उस पर मैं नहीं जाना चाहता। सभी को पता है, लेकिन एक साल के बाद इसके भीतर जितना कुछ सुधार के लिए शुरू हो सकता था। उसकी शुरुआत की गई है और अब रिजल्ट्स सामने आने लगे हैं। उम्मीद यही है कि रिसर्च वर्क पर यह संस्थान अब बेहतर दिशा में जाने के लिए तैयार हो चुका है।

*सवाल : कौन-कौन से प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं, जो संस्थान की साख को बेहतर बनाएंगे और स्टूडेंट्स को सुविधा प्रदान करेंगे?*

**जवाब :** बरसों पुरानी इंटरनेट की वाई-फाई व्यवस्था को हॉस्टल्स में चालू करवा दिया गया है। यह मसला 2003 से पेंडिंग था। 12 हॉस्टल्स में शुरू हो गया है। दो नए हॉस्टल्स में भी शुरू करने की इसकी व्यवस्था बना दी गई है। जितना बजट पहले खर्च किए जाने की योजना थी, उससे बहुत कम खर्च पर यह व्यवस्था अब चालू करवाई है। संस्थान का पैसा बचाया है।

*सवाल : स्टूडेंट-फैकल्टी रेशों में काफी फर्क है। इसका विपरीत असर पढ़ाई पर निश्चित रूप में पड़ रहा है, क्या योजना है इसे लेकर?*

**जवाब :** अभी इसमें 17 का अनुपात है। इसे और बेहतर बनाने के लिए कदम उठाए गए हैं। पिछले साल 51 पदों को भर गया था। 50 से 60 और पद भरे जाने की अब प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इससे काफी फर्क पड़ेगा।

*सवाल : संस्थान के आप डायरेक्टर हैं और बीओजी कमेटी के चेयरमैन भी। आपको क्या लगता कि दोनों काम आप ही के हवाले हैं, इससे कोई दिक्कत है क्या?*

**जवाब :** हमने मंत्रालय से रिक्वेस्ट किया है कि चेयरमैन की नियुक्ति शीघ्र की जाए क्योंकि उनकी मौजूदगी में काम करने का सिलसिला और बेहतर रहता है। उम्मीद यही है कि जल्दी इस पर फैसला होगा। कई बार ऐसे फैसलों पर मुहर लगाने में दिक्कत भी रहती है, जो इंडिपेंडेंट चेयरमैन फैसला ले तो बेहतर होता है।

**सवाल : कैंपस की चारदीवारी को लेकर काफी सवाल उठते रहे हैं, जिस कारण बाहरी लोगों की यहां चोर दरवाजों से पहुंच बनती रही। इसकी अब क्या स्थिति है?**

**जवाब :** चारदीवारी को लेकर दिक्कत थी पहले, लेकिन अब यह सॉल्व हो गई है। अब केवल तीन गेट ही ऐसे हैं, जहां से आना-जाना हो सकता है। बाकी सारे रास्ते बंद कर दिए गए हैं।

***सवाल : फैकल्टी की प्रमोशन से जुड़ा हुआ मामला कोर्ट में चल रहा है। 12 साल से प्रमोशन नहीं हुई। इससे वर्क कल्चर खत्म नहीं होता क्या?***

**जवाब :** स्टैग्नेशन तो आ जाती है, लेकिन इस साल हर हाल में इस मामले को सुलझा लिया जाएगा और सीनियोरिटी के हिसाब से जितने लोगों की प्रमोशन हो पाएगी, हो जाएगी। इस पर काम चल रहा है।

**सवाल : रजिस्ट्रार के इस्तीफे को लेकर जो विवाद था, वह अचानक कैसे खड़ा हुआ? अब शांत कैसे हो गया?**

**जवाब :** रजिस्ट्रार मैडम के पति का मामला था। इसलिए वह चाहती थीं कि वह उनके स्वास्थ्य देखभाल को लेकर वापस लौट जाएं। संस्थान से इस्तीफा दे दें, लेकिन इस पर ऐसा इस्तीफा देने की नौबत नहीं आएगी। मैडम को समझाया गया था और भी इस पर वह राजी हो गईं। अब कोई विवाद रजिस्ट्रार के स्थिति को लेकर नहीं है। (अनंत ज्ञान)

एनआईटी के डायरेक्टर से
**विशेष बातचीत**



#### इंफ्रास्ट्रक्चर मिलते ही शुरू होंगे नए कोर्स

**एनआईटी** में वर्तमान में तकरीबन 5000 स्टूडेंट्स अध्ययनरत हैं और पूरे परिसर में 184 फैकल्टी मेंबर्स सेवाएं दे रहे हैं। जहां तक नई कोर्सेज शुरू करने की बात है तो उसके लिए सबसे पहले हमें इंफ्रास्ट्रक्चर की बेहद जरूरत है। उस पर वर्क हो रहा है। फिलहाल पीएचडी में 66 स्टूडेंट्स हैं। जैसे ही इंफ्रास्ट्रक्चर की व्यवस्था हो जाएगी, नए कोर्सेज भी शुरू होंगे।

#### बर्खास्त डायरेक्टर पर जल्द होगा फैसला

**बीओजी** की बैठक दो सप्ताह पहले हुई थी, जिसमें बहुत सारे मसलों को सुलझा लिया गया है। बर्खास्त डायरेक्टर विनोद यादव के मामले को भी इस बैठक की अप्रूवल के बाद मंत्रालय को भेज दिया गया है। उस पर बहुत जल्द अंतिम फैसला हो जाएगा। इसके अलावा फैकल्टी और स्टूडेंट्स से जुड़े हुए कई मामलों पर भी मुहर लगाई गई है।

#### दो साल में बनेगा 700 सीटर हॉस्टल

**एनआईटी** में 185 करोड़ रुपए की लागत से 700 सीटर का नया हॉस्टल तैयार किया जा रहा है। 2 साल में काम पूरा हो जाएगा। कुछ नए क्लासरूम भी बनाए जा रहे हैं। फैकल्टी के लिए नए क्वार्टर्स भी तैयार किया जा रहे हैं। यह सारी योजना एक-दो सालों में मुकम्मल हो जाएगी। वहीं, 300 छात्राओं वाले हॉस्टल का निर्माण कार्य भी चल रहा है। 150 सीटर वाले ब्वॉयज हॉस्टल का भी निर्माण जारी है। चार महीनों में इसे पूरा कर लिया जाएगा। 700 सीटर वाला निर्माण अलग से हो रहा है, जो कि अंतिम चरण में है।

# करसोह गांव में क्रशर लगाने का विरोध

## उपायुक्त हमीरपुर को ज्ञापन सौंपकर एनओसी को रद्द करने की लगाई गुहार

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

विकास खंड टौणी देवी की पंचायत ग्वारडू के अंतर्गत करसोह गांव में क्रशर लगाने के लिए जारी की गई एनओसी को लेकर ग्रामीण लामबंद हो गए हैं। ग्राम पंचायत ने गांववासियों को बिना बताए क्रशर लगाने के लिए एनओसी जारी कर दी है, जिसका ग्रामीणों में गहरा रोष है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस क्रशर के कारण पर्यावरण और उनकी आजीविका को गंभीर नुकसान होगा। यहां तक ग्रामीणों ने जो पशु घरों में पाल रखे हैं, उन्हें भी चारा नसीब नहीं होगा। ग्रामीणों ने वीरवार को डीसी हमीरपुर अमरजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर क्रशर को तुरंत बंद करने की मांग की है। उनका कहना है कि क्रशर लगने से गांव की उपजाऊ जमीन को बरसात के दौरान बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचने की संभावना है। पानी के तेज बहाव से किसानों की उपजाऊ जमीन बहने का खतरा है, जिससे उनकी कृषि गतिविधियां प्रभावित होंगी।



उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने जाते हुए ग्रामीण।

पूर्व उपप्रधान मस्तराम ने बताया कि क्रशर लगाने के लिए पंचायत से कोई अनुमति नहीं ली गई है। उन्होंने कहा कि यह स्थान ग्रामीणों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यहां पशुओं के लिए चारा यहां से ही लिया जाता है। क्रशर लगने से यह सब बर्बाद हो जाएगा, जिससे ग्रामीणों को भारी कठिनाई होगी।

ग्रामीणों के साथ पहुंची बीडीसी सदस्य अलका ठाकुर ने भी क्रशर लगाने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि क्रशर से गांव के पर्यावरण पर गंभीर असर पड़ेगा और लोगों की आजीविका को खतरा होगा। यह निर्णय पूरी तरह से ग्रामीणों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि इस स्थान पर क्रशर लगाने की प्रक्रिया को तुरंत रोका जाए। ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन से इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि क्रशर लगाने के लिए जारी की गई एनओसी को रद्द किया जाए चलते उनके जीवन और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। सरकार और प्रशासन से उम्मीद की जा रही है कि वे ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इस मुद्दे पर उचित कदम उठाएंगे। इस अवसर पर सूबेदार अमी चंद, सूबेदार विचित्र सिंह, उपप्रधान पंचायत मस्त राम, वार्ड पंच संसार चंद, सुनीता देवी, राजकुमार, विजय कुमार, सूबेदार कर्म चंद, बलदेव सिंह व गांव की महिलाएं उपस्थित रहीं। (अनंत ज्ञान)

## बचत भवन के विश्रामगृह दुकान, पार्किंग के कमरे की नीलामी 16 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बचत भवन परिसर हमीरपुर में 6 कमरों के विश्रामगृह, इसी परिसर की ऊपरी मंजिल पर बाजार की तरफ नवनिर्मित दुकान एवं बरामदे और उपायुक्त कार्यालय परिसर की पार्किंग की ऊपरी मंजिल पर स्थित एक कमरे एवं साथ लगती कुछ खाली जगह को मासिक किराये पर आवंटित किया जा रहा है। इन तीनों परिसरों के अलग-अलग आवंटन की नीलामी प्रक्रिया 16 जनवरी को सुबह 11 बजे बचत भवन के हॉल में पूर्ण की जाएंगी।

उपायुक्त की सहायक आयुक्त और जिला बचत विकास एवं सेवा समिति की सचिव अपराजिता चंदेल ने बताया कि बचत भवन के विश्रामगृह के 6 कमरों को रसोई सहित बचत भवन परिसर की ऊपरी मंजिल पर बाजार की तरफ नवनिर्मित दुकान को बरामदे सहित और उपायुक्त कार्यालय परिसर की पार्किंग की ऊपरी मंजिल पर स्थित एक कमरे को साथ लगती कुछ खाली जगह सहित मासिक किराये पर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नीलामी के नियमों एवं शर्तों के संबंध में अधिक जानकारी के लिए सहायक आयुक्त कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## चार जिलों के स्कूल प्रमुखों को पीएम श्री स्कीम की दी जाएगी जानकारी



डाइट हमीरपुर में पीएम श्री स्कूल के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत हुई।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

समग्र शिक्षा और डाइट हमीरपुर द्वारा पीएम श्री स्कूल मुखिया के लिए हमीरपुर में तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 2 से 4 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में एडीएम राहुल चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

इस मौके पर उपनिदेशक गुणवत्ता व जिला परियोजना अधिकारी नवीन कुमार, डाइट के प्रधानाचार्य मदन लाल बन्याल, जिला नोडल अधिकारी सुनील कुमार व डाइट स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहा। जिला परियोजना अधिकारी नवीन शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और पीएम श्री स्कीम के बारे में बताया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पीएम श्री स्कूलों को मजबूत बनाने के लिए और उन्हें नवीनतम आधुनिक उपकरणों से जोड़ने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना है।

जिला नोडल अधिकारी सुनील कुमार ने कहा कि तीन दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में प्रत्येक दिन चार सैशन आयोजित किए जाएंगे।

### एनआईटी के छात्रों ने तेलंगाना के राजभवन का दौरा कर राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा से की मुलाकात

## तेलंगाना की जीवंत परंपराओं का किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश और मानू हैदराबाद, तेलंगाना का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा संगम चरण 5 के प्रतिनिधियों को हैदराबाद में राजभवन का दौरा करने और तेलंगाना के महामहिम राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा के साथ बातचीत करने का सौभाग्य मिला। यह यात्रा, शिक्षा मंत्रालय की एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल का हिस्सा थी, जो भारत की विविधता में एकता का जश्न मनाने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए एक मंच थी।

बातचीत के दौरान राज्यपाल ने युवा सशक्तिकरण और विभिन्न क्षेत्रों में सद्भाव को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डाला। एनआईटी हमीरपुर के प्रतिनिधियों ने हिमाचल प्रदेश की विरासत के बारे में जानकारी साझा की, जबकि तेलंगाना के उनके समकक्षों ने अपने राज्य की जीवंत परंपराओं का प्रदर्शन किया।



तेलंगाना के महामहिम राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा के साथ एनआईटी के छात्र।

राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा के प्रेरक संबोधन ने प्रतिभागियों को विविधता अपनाने और सामूहिक प्रगति की दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद एक आकर्षक सत्र हुआ, जहां नेतृत्व, नवाचार और आपसी सम्मान पर चर्चा की गई। इस यात्रा ने प्रतिभागियों पर स्थायी प्रभाव छोड़ा और उन्हें युवा संगम द्वारा परिकल्पित सहयोग और सांस्कृतिक एकता की भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

युवा संगम चरण 5 के नोडल अधिकारी एनआईटी हमीरपुर डॉ. परम सिंह ने राष्ट्रीय एकता और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, उनके आतिथ्य और मार्गदर्शन के लिए राज्यपाल का आभार व्यक्त किया।

## नगर परिषद हमीरपुर के कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर ने छोड़ी बिजली की सब्सिडी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- अपने घर और अन्य स्थानों पर लगे मीटरों से सब्सिडी समाप्त करने को लेकर सहायक अभियंता को लिखा पत्र

नगर परिषद हमीरपुर के कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर ने मुख्यमंत्री की 'सब्सिडी छोड़ो जरूरतमंदों को सहयोग करो' पहल का समर्थन करते हुए अपने घर, दुकान व अन्य स्थानों पर लगे बिजली के मीटरों पर मिलने वाली सब्सिडी छोड़ने का निर्णय लिया है। इसके लिए उन्होंने संबंधित एसडीओ को पत्र लिखकर अपने बिजली के मीटर से सब्सिडी हटाने का अनुरोध किया है।



अजमेर ठाकुर समाज में एक सकारात्मक संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री की अपील का इस पहल का उद्देश्य उन नागरिकों को प्रेरित करना है, जो आर्थिक रूप से सक्षम हैं, ताकि वे अपनी बिजली सब्सिडी छोड़कर जरूरतमंदों को इसका लाभ दिला सकें। अजमेर ठाकुर ने इस पहल को न केवल सराहा, बल्कि इसे व्यक्तिगत रूप से अपनाकर अन्य सरकारी अधिकारियों और आम जनता के लिए प्रेरणास्रोत बन गए हैं। ठाकुर का कहना है कि मुख्यमंत्री की इस पहल ने मुझे यह सोचने पर मजबूर किया कि मेरी आर्थिक स्थिति बेहतर है और मुझे उन जरूरतमंद परिवारों के बारे में सोचना चाहिए जो इस सब्सिडी के सहारे अपनी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करते हैं।

उन्होंने बताया कि समाज में सभी सक्षम व्यक्तियों को इस अभियान से जुड़कर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि जिला में इस अभियान को लेकर जागरूक भी कर रहे है। उन्होंने कहा कि साधन संपन्न लोगों के इस कदम से आम जनता को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश को आर्थिक दृष्टि से सशक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का यह कदम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हो सकता है।

### 51 बोतलें अवैध देसी शराब की बरामद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस थाना सुजानपुर और नादौन के तहत पुलिस ने गश्त के दौरान तीन व्यक्तियों से 51 बोतलें अवैध देसी शराब की बरामद की हैं। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि जिला पुलिस हमीरपुर के थाना सुजानपुर के अधीन पुलिस की एक टीम के द्वारा गश्त के दौरान शशि कुमार निवासी गांव बगेहड़ा डाकखाना बीड़ बगेहड़ा तहसील सुजानपुर के कब्जे से 35 बोतलें अवैध देशी शराब की बरामद की गई।

इसके अलावा थाना नादौन के अधीन पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान सरवन कुमार निवासी गांव व डाकघर कोहला तहसील नादौन के कब्जा से 8 बोतल अवैध देश्सी शराब की बरामद की गई। वहीं अशोक कुमार निवासी गांव बेला तहसील से भी 8 बोतल अवैध देसी शराब की बरामद की गई। उन्होंने बताया कि उपरोक्त व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## बस्सी झनियारा पंचायत के प्रधान की याचिका खारिज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- माननीय उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के फैसले को रखा सुरक्षित

विकास खंड हमीरपुर की ग्राम पंचायत बस्सी में जनवरी 2021 में संपन्न हुए पंचायत चुनावों में निर्वाचन नियमों का सही पालन न करवाने के चलते अशोक कवि ने उक्त पंचायत के चुनाव को एसडीएम हमीरपुर के पास चुनाव को रद्द करने की याचिका दायर की थी। इस पर 21 फरवरी, 2023 को एसडीएम हमीरपुर ने इस चुनाव को रद्द करने का फैसला दिया था।

एसडीएम हमीरपुर के इस फैसले को निवर्तमान प्रधान ने उपायुक्त महोदय के पास चुनौती दी, लेकिन 23 मई 2023 को उपायुक्त महोदय ने भी प्रधान की याचिका को खारिज करते हुए एसडीएम के फैसले को सुरक्षित रखने के आदेश जारी किए। उक्त पंचायत के प्रधान ने उपायुक्त के फैसले को माननीय उच्च न्यायालय में चुनौती दी, लेकिन माननीय उच्च न्यायालय ने भी प्रधान की याचिका को 30 दिसंबर 2024 को पिछले फैसलों को सही करार देते हुए प्रधान द्वारा दायर की गई याचिका को निष्फल करने के आदेश जारी किए। अशोक कवि ने जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला पंचायत अधिकारी से मांग की है कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों की पालना करते हुए उक्त पंचायत के प्रधान को बिना किसी देरी के पदमुक्त करके इस पंचायत में शीघ्र दोबारा चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू की जाए।

इस बारे में जिला पंचायत अधिकारी शशि बाला ने बताया कि हाईकोर्ट के निर्णय के बारे में जानकारी नहीं है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद ही कोई कार्रवाई की जाएगी।

**रोष** | बिजली बोर्ड पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन जिला हमीरपुर की बैठक का किया आयोजन

# संशोधित वेतन व पेंशन का एरियर नहीं देने से पेंशनरों में आक्रोश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

बिजली बोर्ड पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन जिला हमीरपुर की बैठक ई. केके कपिल की अध्यक्षता में टिक्कर में संपन्न हुई। इसमें जिला के पेंशनरों सहित ई. केडी डोगरा सलाहकार, सीएस चंदेल प्रदेश उपाध्यक्ष तथा डीएस ढटवालिया प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में बड़सर इकाई के प्रधान सरवन शर्मा, ई. प्रीतम चंद, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता, लाल चंद परमार महासचिव, ई. केडी डोगरा सलाहकार, सीएस चंदेल तथा डीएस ढटवालिया ने संबोधित किया। बैठक में बिजली बोर्ड द्वारा पेंशनरों को संशोधित वेतनमान तथा पेंशन का एरियर नहीं दिए जाने पर अत्याधिक रोष एवं आक्रोश प्रकट किया। इतना ही नहीं बोर्ड द्वारा संशोधित ग्रेच्युटी, लीव इनकैशमेंट तथा कम्युटेड पेंशन भी नहीं दी जा रही है। प्रदेश सरकार ने 75 वर्ष से अधिक आयु वाले पेंशनरों को सारा एरियर जारी कर दिया है, लेकिन बिजली बोर्ड द्वारा इसका भुगतान नहीं किया जा रहा है।



बिजली बोर्ड पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन जिला हमीरपुर की बैठक में पेंशनरों ने मांगों को लेकर चर्चा की।

डीएस ढटवालिया ने आरोप लगाया कि बिजली बोर्ड प्रबंधक न तो उनकी एसोसिएशन द्वारा प्रेषित मांगपत्र पर कोई गौर कर रहा है और बार बार आग्रह करने के बावजूद एसोसिएशन को वार्ता हेतु भी नहीं बुलाया जा रहा है। बोर्ड प्रबंधन पेंशनरों द्वार विषम परिस्थितियों में समूचे प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों में विशाल विद्युत ढांचा स्थापित करने के लिए सराहनीय कार्यों की अनदेखी करके अपना दायित्व निभाने में अक्षम साबित हो रहा है।

उन्होंने प्रदेश सरकार से कर्मचारियों व पेंशनरों को पहली जनवरी 2016 से देय वितिय देनदारियों का जल्द भुगतान करने का आग्रह किया ताकि उनमें व्याप्त आक्रोश बहुत अधिक न बढ़ जाए। बैठक में नववर्ष अभिनंदर के साथ जिला कार्यकारिणी का आगामी दो वर्षों के लिए चुनाव भी करवाया गया। इसमें ई. केके कपिल तथा लाल चंद परमार को पुन: निर्विरोध क्रमश प्रधान तथा महासचिव चुना गया।

इसके अतिरिक्त ई. प्रीतम चंद सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता को वरिष्ठ उपप्रधान, देश राज शर्मा, ओपी चंदेल तथा रात आसरा शर्मा को उपप्रधान, कमलजीत ठाकुर, अतिरिक्त महासचिव कमलेश शर्मा उप महासचिव, अशोक शर्मा विज सचिव, सुनील शर्मा उप वित सचिव, एके कतना मुख्य संगठन सचिव, चंद्रसेन, यशपाल धीमान, उत्तम चौहान, तथा जोगिंद्र शर्मा संयुक्त सचिव, राजन गुप्ता, अरूण शर्मा, मुकेश मढ़िया व सुभाष धीमान को संगठन सचिव और पीडी शर्मा को निविरोंध आडिटर चुना गया। ई. केडी डोगरा को पुन: सलाहकार बनाया गया है।

जिला कार्यकारिणी के साथ-साथ हमीरपुर इकाई का प्रधान किशोरी लाल शर्मा व सचिव मनोहर लाल आर्य, बड़सर इकाई का प्रधान सरवन कुमार शर्मा, व सचिव सोमदत धीमान तथा नादौन इकाई का प्रधान ओपी धीमान व सचिव सुरेंद्र वर्मा को भी निर्विरोध चुना गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### पंजाब के राज्यपाल ने मुख्यमंत्री से की भेंट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। यह एक शिष्टाचार भेंट थी। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को शॉल और हिमाचली टोपी से सम्मानित किया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल और कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार इस मौके पर उपस्थित रहे।

### कुपवी में दुकानों से प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद

**अनंत ज्ञान, चौपाल,/कुपवी।** एसडीम कुपवी अमन राणा एवं खाद्य एवं आपूर्ति विभाग निरीक्षक चौपाल आतिश राणा द्वारा कुपवी बाजार का औचक निरिक्षण किया गया। इस मौके पर कुपवी थाना के दो पुलिस जवान विशेष रूप से मौजूद रहे । आतिश ने बताया कि उन्होंने एसडीम कुपवी की अगुवाई में कुपवी के लोअर और अप्पर बाजार का निरीक्षण किया। इस दौरान तीन दुकानों से करीब 300 ग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद किया गया। दोषी दुकानदारों के खिलाफ गार्बेज कंट्रोल एक्ट 1995 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए चालान कट कर 1500 रुपए जुर्माना मौके पर ही वसूला गया।

### देवभूमि क्षत्रिय संगठन सवर्ण मोर्चा का स्थापना दिवस 11 को


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** देवभूमि क्षत्रिय संगठन सवर्ण मोर्चा का स्थापना दिवस 11 जनवरी को कुनिहार में मनाया जाएगा। जिसमें प्रादेशिक बैठक भी आयोजित होगी। साथ ही संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए, ग्राम पंचायत मंडल, विधानसभा, जिला, प्रदेश स्तर पर नई जिम्मेदारी के साथ नियुक्ति पत्र जारी किए जाएंगे। प्रदेश में सवर्ण समाज को एकजुट करने और अन्य मुख्य सामाजिक मुद्दों पर चर्चा होगी। प्रदेश में सत्ता पक्ष और विपक्ष से जनता परेशान है इस समय पर संगठन जनता की आवाज कैसे बन सकता है। इस विषय पर रणनीति तय करेंगे। आप सभी सादर आमंत्रित हैं। समाज और प्रदेश को नई दशा-दिशा देने के लिए। आपकी उपस्थिति प्रदेश और समाज को आगे बढ़ाने में अपनी अहम भूमिका अदा करेगी। मेरा आपसे विनम्र निवेदन है आप सभी 11 जनवरी को सुबह 11 बजे होटल दावत कुनिहार प्रादेशिक बैठक एवं स्थापना दिवस में अवश्य पधारें, यही समय की मांग है। पूरे प्रदेश में अपने समाज के प्रत्येक व्यक्ति को संगठन से जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान चलाने के लिए अहम रणनीति बनाई जाएगी।

# 22 नई जल विद्युत परियोजनाओं के आवंटन के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

## सीएम बोले-इन परियोजनाओं से बिजली की आपूर्ति, मुफ्त बिजली के रूप में राजस्व में होगी बढ़ोतरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार 22 नई जल विद्युत परियोजनाओं का आबंटन करने जा रही है, जिनकी कुल विद्युत क्षमता 828 मेगावाट है।



उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं में 6.5 मेगावाट से लेकर 400 मेगावाट तक की परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह परियोजनाएं प्रदेश के कुल्लू, चंबा, किन्नौर, लाहौल-स्पीति और शिमला जिलों में चिन्हित की गई हैं, जिनमें सबसे अधिक 595 मेगावाट क्षमता की नौ परियोजनाएं चिनाव नदी बेसिन, 169 मेगावाट क्षमता की आठ परियोजनाएं सतलुज नदी बेसिन, 55 मेगावाट की क्षमता की चार परियोजनाएं रावी व एक परियोजना नौ मेगावाट क्षमता की ब्यास बेसिन में लगाना प्रस्तावित है।

सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पहली बार इन परियोजनाओं को देश के अन्य राज्यों एवं केंद्र शसित प्रदेशों व अन्य राज्य व केंद्रीय उपक्रमों को 10 लाख प्रति मेगावाट अपफ्रंट प्रीमियम के आधार पर 40 वर्ष के लिए आबंटित करने का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में ऊर्जा निदेशालय द्वारा सभी राज्य के सचिवों व केंद्रीय उपक्रमों को पत्र भी भेजा गया है। इन परियोजनाओं के आबंटन के लिए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार के लिए विज्ञापन भी जारी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के लगने से बिजली की आपूर्ति, मुफ्त बिजली के रूप में राजस्व में बढ़ोतरी, स्थानीय लोगों को रोजगार व स्थानीय क्षेत्रों का विकास सुनिश्चित होगा। हिमाचल प्रदेश देश के एक समृद्धतम राज्य के रूप में उभरेगा।

### मुख्यमंत्री आज और कल विधायक प्राथमिकता बैठकों की करेंगे अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** वार्षिक बजट 2025-26 में विधायकों की प्राथमिकताओं के निर्धारण के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में दो दिवसीय बैठकों का आयोजन शुक्रवार और शनिवार हिमाचल प्रदेश सचिवालय में किया जाएगा। शुक्रवार 10.30 बजे से 1.30 बजे तक कांगड़ा, किन्नौर और कुल्लू तथा दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक सोलन, चंबा, बिलासपुर और लाहौल-स्पीति जिले के विधायकों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। 4 जनवरी को पूर्वाह्न 10.30 बजे से 1.30 बजे तक शिमला और मंडी जिलों तथा अपराह्न 2 से 5 बजे तक ऊना, हमीरपुर और सिरमौर के विधायकों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। इन बैठकों में वार्षिक बजट 2025-26 की विधायक प्राथमिकताओं के निर्धारण के लिए विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठकों में विधायकों से वर्ष 2025-26 के लिए मित्तव्ययता उपायों, वित्तीय संसाधन जुटाने एवं बेहतर प्रशासन के संदर्भ में प्राप्त सुझावों पर भी चर्चा होगी।

# डाइट मनी और अन्य भत्ते जारी न करने पर खिलाड़ियों में रोष

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

खेलों इंडिया के खिलाडियों को प्रदेश सरकार द्वारा डाइट मनी और अन्य भत्ते जारी न करने पर खिलाड़ियों में भारी रोष है। उनका कहना है कि जहां सरकारें खिलाड़ियों को बड़ी-बड़ी सुविधाएं देने के दावे कर रही है, वहीं खिलाड़ी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरस रहे हैं।



पत्रकारों से बातचीत करते हुए शैलेंद्र शर्मा।

**कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की दी चेतावनी**

हमीरपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंडी जिला से ताल्लुक रखने वाले स्पोर्ट्स एवं कल्चरल क्लब संधोल के महासचिव शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि खेलों इंडिया के खिलाड़ी अपने खर्चे पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं और युवा सेवाएं एवं खेल विभाग द्वारा उन्हें सुविधा के नाम पर महज आश्वासन दिए जा रहे हैं।


उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार द्वारा खिलाड़ियों की सुविधा के लिए जो मापदंड तय किए गए है, उन नियमों के अनुसार जो खिलाड़ियों को सुविधा मिलनी थी, वह नहीं दी जा रही है। शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि 2023 में युवा सेवाएं एवं खेल विभाग से उन्हें टीए-डीए मिला था, लेकिन इस वर्ष से बिना किसी कारण के विभाग के कर्मचारियों के द्वारा रोक दिया गया, जबकि उन्होंने इस बार गोल्ड भी जीता और सांसद अनुराग ठाकुर व विधायक चंद्रशेखर द्वारा भी हमारी प्रशंसा की गई।

उन्होंने बताया कि वह जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी मंडी से भी इस संदर्भ में मिले हैं। उन्होंने खेल सचिव को भी पत्र लिखा है, लेकिन खिलाड़ियों को टीएडीए और खेल के साजो सामान नहीं दिए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि सम्मान दिए बिना ही खेल विभाग साजो सामान के प्रयोग का प्रमाण पत्र भी मांग रहा है। उन्होंने कहा कि वे 6 महीने से चक्कर काट रहे हैं। इसमें गरीब घरों के खिलाड़ियों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड रहा है। उन्होंने चेताया कि यदि अब भी उनकी अनदेखी की गई, तो वे कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे और जरूरत पड़ी तो मंडी में संबंधित कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन भी करने से भी वे चूकेंगे नहीं। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में 15 प्रतिशत मौतें हृदय रोग से हो रहीं: शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश के लिए एक बहुत अधिक चिंता का समाचार अखबारों में छपा है। उन्होंने कहा कि एक ग्लोबल स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हिमाचल में हृदय रोग के रोगी बढ़ रहे हैं। प्रदेश में 15 प्रतिशत मौतों का कारण हृदय रोग बन गया है, जो राष्ट्रीय औसत से भी अधिक है। शुद्ध ताजी हवा और शांत वातावरण के हिमाचल में यह समाचार और भी चिंताजनक है। इसका सबसे बड़ा कारण युवा पीढ़ी की बदलती जीवन शैली और नशे का प्रकोप है।

उन्होने कहा कि योग एक चमत्कार है। उसका सबसे बड़ा प्रमाण मेरा स्वयं का जीवन है। अत्यंत कठोर संघर्षशील अस्त-व्यस्त जीवन जीने के बाद भी 91 वर्ष की आयु में प्रभु कृपा से पूर्ण रूप से स्वस्थ और प्रसन्न हूं। जीवन के 60 वर्ष राजनीति में व्यस्त रहा। तीन बार जेल गया और अढ़ाई वर्ष जेलों में ही काटे। जेल में रह कर गहरा जीवन का अध्ययन किया।

उन्होंने कहा कि यही सोचकर पालमपुर में योग केंद्र कायाकल्प की स्थापना की। आज यह भारत का सबसे प्रमुख योग केंद्र बन गया है। पूरे भारत से ही नहीं विदेशों से भी हजारों लोग कायाकल्प का लाभ ले रहे हैं परंतु उन्हें इस बात का बहुत दुख है कि हिमाचल प्रदेश के लोग बहुत कम लाभ ले रहे हैं।

### शिमला के रिज मैदान पर विंटर कार्निवल में पंजाबी गायक सतिंद्र सरताज का धमाल

# सजन राजी हो जावे... पंजाबी गाने पर झूमे दर्शक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राजधानी शिमला के रिज मैदान पर विंटर कार्निवल में वीरवार शाम को पंजाबी गायक सतिंद्र सरताज ने धमाल मचाया। सरताज ने सजन राजी होजी रोला नहीं पाइदा गाने में रंगारंग प्रस्तुति दी। इस दौरान दर्शक भी झूम उठे।

वहीं दिन के समय हिमाचल के विभिन्न सांस्कृतिक दलों ने पहाड़ी गाने में धमाल मचाया। इस दौरान पानी रे दिए री नारना और रेणुका माईए गाने पर नाटी डाली। इस दौरान पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने देखने का लुत्फ उठाया। शिमला में फिर से विंटर कार्निवल के लिए भीड़ जुट चुकी है।

बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन के चलते विंटर कार्निवल को स्थगित कर लिया गया था। अब फिर से पर्यटक भी शिमला में विंटर कार्निवल का लुत्फ उठा रहे हैं। वैसे तो शिमला में न्यू ईयर को लेकर भीड़ जुटी थी, लेकिन अब विंटर कार्निवल को लेकर पर्यटकों की भीड़ जुट गई है। वहीं, कारोबारी के चेहरे भी खिल गए हैं। कारोबारी की खूब कमाई हो रही है। शहर में पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों ने ली राहत की सांस ली है। इंग्लैंड, जर्मनी, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, स्विट्जरलैंड, कनाडा, फ्रांस के सैलानी शिमला पहुंच रहे हैं। वहीं, रिज मैदान में स्टॉल भी लगाए गए है, जहां पर लोग भारी मात्र में खरीददारी कर रहे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग और डीएम से मांगा जवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ याचिका पर भारत के चुनाव आयोग और गौतम बुद्ध नगर के जिला मजिस्ट्रेट को नोटिस जारी किया, जिसमें उन्हें चुनाव याचिका में पक्षकार के रूप में हटाने की अनुमति दी गई थी।

**गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट पर खारिज हुआ था महिला नेता का पर्चा**

मामले में मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ गीता रानी शर्मा नाम की एक महिला की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर निर्वाचन क्षेत्र के लिए 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान उनके नामांकन पत्रों को गलत तरीके से खारिज कर दिया गया था।

दिल्ली सरकार, उपराज्यपाल को विवादों को हमेशा के लिए सुलझाना चाहिए : सुप्रीम कोर्ट एजेंसी, नई दिल्लीसुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच विवादों को हमेशा के लिए सुलझा लिया जाना चाहिए। सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए बनाई गई एक योजना के लिए धनराशि जारी किए जाने की जानकारी मिलने के बाद न्यायालय ने यह टिप्पणी की। इस योजना के तहत लोगों को सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को बचाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसके अलावा, इस योजना के तहत सरकार ऐसे पीड़ितों के अस्पताल के बिल का भुगतान भी करती है।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने यह टिप्पणी उस समय की जब दिल्ली सरकार ने कहा कि शहर के अस्पतालों में सड़क दुर्घटना पीड़ितों को निःशुल्क चिकित्सा उपचार की सुविधा देने वाली उसकी योजना 'फरिश्ते दिल्ली के' की खातिर धनराशि मंजूर कर दी गई है।

अदालत दिल्ली सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें लंबित बिलों का भुगतान करने, निजी अस्पतालों को भुगतान जारी करके योजना को फिर से चालू करने और जानबूझकर इसे 'बंद' करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध किया गया है। दिल्ली सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शादान फरासत ने पीठ को दिसंबर 2023 में शीर्ष अदालत की ओर से दिए गए नोटिस के बाद धनराशि जारी करने की जानकारी दी।

# 40 साल बाद भूंडा महायज्ञ भव्य देव मिलन के साथ शुरू

**दशमी रावत, रोहड़ू**



संघेड़ा के अवसर पर देवमिलन व धूड़ पीटने की रस्म निभाते हुए समरैई के महेश्वर देवता।

चालीस वर्षों के लंबे इंतजार के बाद आखिर देवता बकरालू महाराल दलगांव (स्पैल वैली) के भूंडा महायज्ञ का वीरवार को ऐतिहासिक देव आस्था के साथ देवमिलन (संघेडा) के रूप में शुभारंभ हुआ।

प्रदेश के सबसे बडे देव अनुष्ठान में मंडलगढ क्षेत्र के पांच लबरंदारी के अआराध्य देवता ब्रौंद्रा महाराज, समरैरी क्षेत्र के प्रमुख देवता महेश्वर महाराज व खशकुडी, गुम्मा व अंद्रेवठी से देवता परशुराम अपने हजारों देवलुओं के साथ पारंपरिक देवधुनों व अस्त्र शस्त्रों के साथ आस्था में नाटी नाचते हुए मंदिर परिसर में बारी-बारी से पहुंचे। जिसके बाद देवता बकरालू व एकटांगा महाराज ने सभी मेहमान देवताओं व खुंदों का दलगांव में स्वागत किया। वहीं, सभी देवताओं ने परशुराम से विधिवत मिलन व मेजबान देवता बकरालू महाराज से मिलन की अटूट परंपरा को निभाया। वंही इस दौरान मंदिर परिसर व इसके आसपास एक लाख से अधिक आस्थावान लोग इस भव्य देव मिलन के साक्षी बने।

अपने-अपने कुल देवता के साथ भूंडा महायज्ञ में शामिल होने वाले तीन खूंद व बटोली अपने देवता की पालकी के साथ जयकारों व ढोलनगाडों की थाप पर नाचते-गाते हुए शाम पांच बजे देवता बकरालू के मंदिर प्रांगण में पहुंचे। इस दौरान सभी देवताओं ने बारी-बारी से देवता बकरालू से मिलन की पंरापरा निभाने के बाद अपने-अपने डेरों के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान हजारों देवलुओं ने अस्त्र-शस्त्र से सुस्सजित होकर सैकड़ों पारंपरिक वाध्य यंत्रों की मधुर धुनों के साथ जमकर नाटी डाली व जयकारे की गूंज से पुरे दलगांव को देवमयी कर लिया। (अनंत ज्ञान)

**पौराणिक रास्तों से देवता व खूंद पहुंचे दलगांव**

**देव** आस्था व रिति-रिवाज के मुताबिक कई किलोमीटर दूर से आनेवाले खूंदों ने यहां पहुंचने के लिए पैदल व दुर्गम रास्तों से गुजरकर हजारों देवलुओं के साथ कदम भरे। इस देवकार में अपने कुल देवता के प्रति आस्थावान सैकड़ों देवलुओं ने हर घर से एक व उससे अधिक लोगों ने भाग लिया। जिसमें प्रदेश सरकार में बड़े औहदों पर बैठे अधिकारियों ने भी देवता के आदेश की पालना कर पैदल मार्च किया। भूंडा महायज्ञ में जिला व स्थानीय प्रशासन की ओर से नीजी वाहनों का कम से कम उपयोग करने की बजाय परिवहन निगम की बसों को 30 मिनट के अंतराल के बाद दलगांव के लिए चलाया जा रहा है।

# प्रदेश में चल रही आमजन की सरकार : अनिल गोयल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया को-ऑर्डिनेटर अनिल गोयल ने कहा है कि हिमाचल में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में चल रही सुख की सरकार आम जनता की सरकार है। दो साल में सरकार ने जो काम किये वो जनहित के थे। बेशक सरकार के कामों से विपक्ष को तकलीफ है मगर आम जनता इसे अपने हक में मानती है। यही वजह है कि प्रदेश में हुए उपचुनाव में जनता ने खुलकर कांग्रेस सरकार का साथ दिया।

गोयल ने कहा कि दो साल में सरकार ने कई मुश्किलें देखी और उनका डटकर सामना की। यह मुख्यमंत्री सुक्खू की खासियत है जो हमेशा से योद्धा की तरह लड़े और आगे बढ़े हैं। पहले संगठन में और अब सरकार में रहकर उन्होंने प्रदेश की जनता को दिखा दिया है कि वे जनहित के लिए क्या कुछ कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि आम जनमानस से मुख्यमंत्री ने बिजली सब्सिडी छोड़ने की अपील की है क्योंकि यह सुविधा उस वर्ग के लिए ही होनी चाहिए जो समर्थ नहीं हैं। जिन लोगों में सामर्थ्य है उन्हें इसे छोड़ देना चाहिए। ऐसे कई उदाहरण पूर्व में भी मुख्यमंत्री ने सामने लाए हैं।

गोयल ने कहा कि विपक्ष को भी अपनी बिजली सब्सिडी छोड़ देनी चाहिए, ताकि जनता में संदेश जाए। इस समय सरकार जो भी कदम उठा रही है वे पूरी तरह से हिमाचल के हित में और जनता में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है।

**राजनीति** | झूठी गारंटियों पर सत्ता में और अब पूरी नहीं कर पा रहे

# नैतिकता के आधार पर सुक्खू सरकार त्यागपत्र देकर दोबारा हिमाचल में जनमत करे हासिल: जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सुक्खू सरकार त्यागपत्र देकर दोबारा हिमाचल में करवाएं जनमत हासिल करे। भाजपा नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान यह बात कही। इसके साथ-साथ उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू पर बिजली की सब्सिडी छोड़ने को लेकर बड़ा हमला बोला।



उन्होंने कहा की 300 यूनिट फ्री बिजली देने की गारंटी देने वाले अब स्वेच्छा से बिजली सब्सिडी छोड़ने की अपील किस मुंह से कर रहे। यह हिमाचल की जनता के साथ धोखा है, जिस गारंटियों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने सत्ता हासिल की आज उन्हीं गारंटियों से कांग्रेस की सरकार पलटने का काम कर रही है। जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर जमकर हमला बोला है। बीते कल मुख्यमंत्री के बिजली सब्सिडी छोड़ने के फैसले पर जयराम ठाकुर ने कहा कि चुनावों के दौरान 300 यूनिट फ्री बिजली देने की गारंटी देने वाले सब्सिडी स्वेच्छा से छोड़ने की बात कह रहे हैं। इससे साफ प्रतीत होता है कि कांग्रेस सरकार झूठी गारंटियों के सहारे सत्ता में आई थी, नैतिकता के आधार पर सरकार अपनी दी गारंटियों को पूरा नहीं कर पा रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री की हिम्मत है तो त्यागपत्र देकर दोबारा जनमत हासिल करें।

जयराम ने पूछा कि बिजली सब्सिडी को लेकर जो परफॉर्मा दिया है, उसका क्या मापदंड होगा, इस फैसले को जबरन जनता पर लागु करेंगे इसका जवाब मुख्यमंत्री को देना होगा? इससे पहले भी सीएम सुक्खू ने विधानसभा में अपने विधायकों के वेतन को निलंबित की बात की थी पर तीन माह का इक्कठा वेतन यह कांग्रेस के विधायक ले चुके हैं।

हिमाचल में 26 लाख बिजली उपभोक्ता हैं, जिनमें से घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली सब्सिडी भाजपा सरकार के समय से दी जा रही है, आपने तो उसको भी बंद कर दिया। हिमाचल में घरेलू बिजली की प्रति यूनिट कीमत 5 रुपए 60 पैसे है, जिसमें से 3 रुपए 53 पैसे की सब्सिडी पहले से ही दी जा रही थी, सरकार सिर्फ 2 रुपए 7 पैसे की सब्सिडी लोगों को 125 यूनिट में दे रही है। 126 यूनिट से ज्यादा 6 रुपए प्रति यूनिट पर 1 रुपए 83 पैसे सब्सिडी, जबकि 300 यूनिट से ऊपर को 1 रुपए 3 पैसे की सब्सिडी दी जा रही थी, जिसको इस सरकार ने बंद कर दिया है। उन्होंने कहा की उद्योगों को दी जाने वाली बिजली पर भारी भरकम टैक्स लगा दिए गए हैं।

जयराम ने सुक्खू सरकार के दो साल के कार्यकाल को पूरी तरह विफल करार दिया है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में कॉमेडी शो चल रहा है जिसको लेकर उन्होंने सरकार की तुलना जसपाल भट्टी के कॉमेडी शो उल्टा-पुल्टा से की। हिमाचल में एक के बाद एक उल्टे-पुलटे फैसले यह सरकार लेती है, इस अवसर पर जयराम ठाकुर ने समोसा जांच, जंगली मुर्गा, टॉयलेट टैक्स का जिक्र भी किया। इसके साथ साथ जयराम ठाकुर ने नगर निगम शिमला द्वारा लगाया शौचालय शुल्क पर भी तंज कसा कहा अच्छा होते की नगर निगम के मानपुर महिलाओं पर लगने वाला शौचालय शुल्क बंद कर देते।



# बलदेव बने युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव व अनूप रोहड़ू ब्लॉक के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** छौहारा एप्पल वैली सोसायटी के दो सदस्य बलदेव सिंटियांण को प्रदेश युवा कांग्रेस का सचिव व अनूप ठाकुर को रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र का ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सोसायटी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। समिति के अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने बताया कि भविष्य में समिति का कोई भी सदस्य किसी भी विचारधारा एवं समुदाय का व्यक्ति किसी भी चुनाव में भाग लेता है तो छौहारा एप्पल वैली सोसायटी सबके साथ भरपूर सहयोग करेगी। इस दौरान उनके साथ हिमाचल सरकार में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य विजय चौहान, जिला शिमला प्रधान परिषद के अध्यक्ष ललीत (बंटी) कायथ, जिला शिमला युवा कांग्रेस के महासचिव रमन, छौहारा ब्लॉक युवा कांग्रेस के अध्यक्ष हरीश का भी सोसायटी के सदस्यों ने फूल मालिओं से स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि हिमाचल युवा कांग्रेस के आंतरिक चुनाव में निर्वाचित हुए बलदेव सिंटियांण व अनुप ठाकुर मिलकर छौहारा एप्पल वैली सोसायटी की मांगों को सरकार के समक्ष रखेंगे। इस अवसर पर एफपीओ के प्रधान सुधीर ठाकुर, सोसायटी के फाऊंडर सदस्य दलीप शर्मा, महासचिव हंसराज शर्मा, सुरेश पीथियाण, राजगुरु रुमाण, मोतीराम, शुभम ठाकुर, प्रवीण मेहता, अलोद मेहता, अमीर चंद मेहता, संजीव माली, राजकुमार खुराना, सुधीर शौंघी,अरविंद शौंघी, अनिल शौंघी, नितीन खुराना एवं सुधीर खुराना इत्यादि मौजूद रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### आईटीआई संसारपुर टेरेस में इंटरव्यू 7 को

**अनंत ज्ञान डाडासीबा।** आईटीआई पासआउट युवाओं को राजकीय मॉडल औद्योगिक पशिक्षण संस्थान संसारपुर टेरेस में सुजुकी मोटर गुजरात की ओर से 7 जनवरी को सुबह 9.30 बजे कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। कंपनी द्वारा ट्रेड फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, मोटर मैकेनिक वाहन, इलक्ट्रीशियन, पीपीओ, ट्रैक्टर/डीजल मैकेनिक, पेंटर जनरल, वायरमैन, शीट मेटल, इलेक्ट्रॉनिक, वेल्डर उम्मीदवारों के लिए साक्षात्कार रखा गया है। इंटरव्यू में चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी की ओर से आठ घंटे ड्यूटी के लिए 24550 रुपए प्रति माह वेतन दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने साथ योग्यता के प्रमाण पत्र दसवीं व अपने व्यवसाय से संबंधित दस्तावेज, पहचान के लिए आधार कार्ड, फोटो तथा बायोडाटा आदि साथ लाना होगा। आयु 24 वर्ष तक होनी चाहिए। अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। यह जानकारी संस्थान के प्राचार्य ललित मोहन ने दी है।

### 15 जनवरी से पहले करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल डाडासीबा सहायक अभियंता दिनेश कुमार ने बिजली उपभोक्ताओं से यह अपील की है कि जिन घरेलू उपभोक्ताओं ने अभी ई-केवाईसी नहीं करवाई है, वे 15 जनवरी तक अपने विद्युत मीटर की ई-केवाईसी करवा लें। वहीं, जिन उपभोक्ताओं को विद्युत सब्सिडी मिल रही है और जो उपभोक्ता अपनी इच्छा से विद्युत सब्सिडी का परित्याग करना चाहते हैं, इसके लिए बिजली बोर्ड ने एक प्रारूप जारी किया है। इस पर्सैम को भरकर उपभोक्ता विभिन्न माध्यमों से विभाग के पास जमा करवा सकते हैं।

### फतेहपुर में सफेदे के पुराने पेड़ बने खतरा

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल मुख्यालय फतेहपुर में काफी पुराने सफेदे के पेड़ जहां दुकानदारों व राहगीरों के लिए खतरा बने हुए हैं, तो वहीं सरकारी कार्यालयों पर भी खतरा मंडरा रहा है। खतरा बन चुके सफेदे के पेड़ों को काटने की अनुमति देने वाले विभाग का कार्यालय खुद सफेदे के पेड़ों के खतरे की जद में है। ऐसा ही एक फोटो गुरुवार को मीडिया के कैमरे में कैद हुई जब उपमंडल अधिकारी (नागरिक) के मोच स्थित कार्यालय के परिसर का मीडिया द्वारा दौरा किया गया व पाया गया कि उक्त कार्यालय के भवन पर भी सफेदे के पेड़ों का खतरा बना हुआ है। सफेदे के पेड़ों कारण बने खतरे की जद में बैठे दुकानदारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जब खतरा बने सफेदे के पेड़ों को काटने की अनुमति देना वाले विभाग के कार्यालय पर ही पेड़ों का खतरा बना हुआ है फिर भी वह उम्मीद लगा सकते हैं कि पेड़ों को काटने की अनुमति का पत्र कितनी जटिल प्रक्रियाओं के बाद निकलेगा।



### कलाकारों ने जागरूक किए कोठियां-घोड़व के लोग

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने वीरवार को विधानसभा क्षेत्र नगरोटा बगवां के ग्राम पंचायत कोठियां और घोड़व में एससी समुदाय के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी कार्यक्रमों का गीतों और नाटकों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया। इसमें अमरीक सिंह, कमल वीर, अजयसिंह, संजय, रॉकी,सोनू कुमार, नेहा, शबनम इत्यादि कलाकारों ने भाग लिया और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया।




# सीयू में विद्यार्थियों ने विकसित भारत कार्यक्रम में दिखाई प्रतिभा

## ‘विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2025’ के तहत चरण तीन का समापन

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

‘विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2025’ के लिए हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय को हिमाचल प्रदेश राज्य की नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। इस संदर्भ में वीरवार को चरण 3 के तहत राज्यभर से प्राप्त पीपीटी प्रविष्टियों का व्यक्तिगत प्रस्तुतीकरण निरीक्षण, मूल्यांकन धौलाधार परिसर-। और परिसर-॥ में किया गया और विद्यार्थियों का चयन किया गया। इससे पहले पूरे हिमाचल के 10 जिलों से चयनित प्रतिभागियों ने केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल से मुलाकात की और उन्हें अपने-अपने विषयों के बारे में बताया।



कुलपति बंसल ने कहा कि विकसित भारत 2047 के अनुरूप कई कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय ने आयोजित किए हैं। उसी कड़ी में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार और युवा मंत्रालय मिल करके विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद 2025 पीपीटी व्यक्तिगत प्रस्तुतीकरण का केंद्रीय विवि में आयोजन हुआ। इसके दो चरण पहले हो चुके हैं। पहले युवाओं से कुछ प्रविष्टियां आमंत्रित की गई थीं। इसमें स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्र अब आगे के चरण को पार करके चरण तीन में पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 119 रजिस्ट्रेशन प्रतिभागियों की आई हैं। उसके तहत हमारे 12 जिलों में से 10 जिलों के विद्यार्थी रिप्रजेंटेशन के लिए धर्मशाला में आए हैं और आज हमने यहां 20 ज्यूरी मेंबर्स सेलेक्ट किए हैं। 10 विषय चयनित किए गए हैं, जिनमें बच्चे अपनी प्रतिभा दिखाएंगे और उनमें जो बच्चे यहां से सेलेक्ट होंगे वह दिल्ली जाएंगे, जिसकी हमारा हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय व्यवस्था कर रहा है। दिल्ली में जो बच्चे जाएंगे, उनकी 11 तारीख को एक प्रतियोगिता और होगी और जो बच्चे वहां से सेलेक्ट होंगे, 12 जनवरी को फाइनल राउंड में प्रधानमंत्री के समक्ष उन्हें बोलने का मौका मिलेगा।

इस मौके पर उनके साथ डॉ. सुनीता बंसल, कुलसचिव प्रो. सुमन शर्मा, समन्वयक प्रो. संदीप कुलश्रेष्ठ, सह समन्वयक प्रो. सूर्यरश्मि रावत और अन्य संकाय सदस्य मौजूद रहे। इसके बाद विभिन्न जिलों से आए विद्यार्थियों का धौलाधार परिसर एक में स्वागत किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. प्रदीप कुमार रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई दी और अगले चरण के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रो. संदीप कुलश्रेष्ठ समन्वयक और सह समन्वयक प्रो. सूर्यरश्मि रावत ने बताया कि सीयू के पास लगभग 110 विद्यार्थियों की प्रविष्टियां आईं थीं, जिनमें से 30 से 40 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# गत वर्ष रिकॉर्ड 2,08,275 यात्री पहुंचे कांगड़ा एयरपोर्ट

**अनंत ज्ञान, गगल**



कांगड़ा एयरपोर्ट पर इस बार बंपर हवाई यात्रियों का दिल्ली से आना-जाना हुआ। आंकड़ों की जानकारी देते हुए एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि इस बार यात्रियों का अधिक आवागमन रहा। निदेशक ने कहा कि वर्ष 2009 में 10149 यात्रियों का आना-जाना हुआ। वर्ष 2010 में 24173 यात्री आए और गए। वर्ष 2011 में 32137 यात्री, वर्ष 2012 में 25297 यात्री, 2013 में 13220 यात्री, 2014 में 56075 यात्री आए और गए। वर्ष 2015 में 17130 यात्री आए और गए। वर्ष 2016 में 106141 यात्री, तो वहीं वर्ष 2017 में 130 792 यात्री आए और गए। वर्ष 2018 में 133192 यात्री, वर्ष 2019 में 152854, वर्ष 2020 में 93535, वर्ष 2021 में 136353 यात्री, वर्ष 2022 में 176015 यात्री और वर्ष 2023 में 193114 यात्रियों ने कांगड़ा एयरपोर्ट के माध्यम से आवागमन किया।

**एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह बोले, इस साल और बढ़ेगी संख्या**

उन्होंने कहा कि गत वर्ष 2024 में सबसे अधिक 2,08,275 यात्रियों ने दिल्ली से कांगड़ा एयरपोर्ट का आवागमन किया। यह एक रिकॉर्ड है। निदेशक ने कहा है कि इस बार और हवाई यात्रियों की संख्या बढ़ने की संभावना है। क्योंकि इस समय कांगड़ा एयरपोर्ट पर छह विमान अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जिसमें तीन हवाई जहाज इंडिगो, दो विमान स्पाइस जेट और एक विमान एलाइंस एयर का सेवाएं दे रहा है। निदेशक ने कहा है कि अब एयरपोर्ट के भीतर हवाई यात्रियों के लिए और भी कई सुविधाएं हैं जैसे तीन स्नैक्स बार, बुक शॉप, गिफ्ट शॉप, आई हेल्प यू व्हील चेयर, दो एटीएम,दो एंबुलेंस, जो हर समय यात्रियों की सुविधा के तैयार रहती हैं। हालांकि एयरपोर्ट में पुलिस जवानों की संख्या 77 है, जो कि कम है। पिछले सप्ताह जिला प्रशासन की बैठक में यह मुद्दा उठाया था, जिसमें जवानों के संख्या बढ़ाने पर विचार हुआ है।

## डीएवी तियारा की नव्या अंतरराष्ट्रीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, गगल**

डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा की प्रधानाचार्या एकता अत्री ने बताया कि स्कूल के 7 विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की ताईक्वांडो प्रतियोगिता के लिए हुआ। पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में मतसोगी डू जम्मू द्वारा यह प्रतियोगिता करवाई गई। इस प्रतियोगिता में भारत के 18 राज्यों से 780 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें डीएवी स्कूल तियारा के 3 छात्रों ने 1 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक जीते। कक्षा पांचवीं की नव्या ठाकुर ने अंडर-14 में स्वर्ण झटका और इसी श्रेणी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल में खेलेंगी और कक्षा चौथी की वैष्णवी और सात्विक ने कांस्य मेडल झटका। उन्होंने इस सब का श्रय बच्चों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों की निष्ठा और ताईक्वांडो के कोच विजय डोगरा को दिया। वहीं, स्कूल के चेयरमैन जस्टिस प्रीतम पाल, क्षेत्रिय अधिकारी डॉ. बिक्रम सिंह, मैनेजर डॉ. रश्मि जामवाल और प्रधानाचार्य एकता अत्री ने अभिभावकों को बधाई दी और विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं व्यक्त कीं।



## आंगनबाड़ी वर्कर्स के इंटरव्यू स्थगित

**अनंत ज्ञान, डरोह।** बाल विकास परियोजना अधिकारी सुलह ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा है कि बाल विकास परियोजना सुलह के अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए 7 जनवरी को रखे गए साक्षात्कार प्रशासनिक अपरिहार्य कार्य से स्थगित कर दिए गए हैं। वहीं, आंगनबाड़ी केंद्र भदरोल, धीरा खास, पनापर,लाहड़, छलैणा, मरूंह-1, पनापर खोली, गगल खास, टंग, घड़ेला, बलोटा-1, भटका, सनवाड़, झरेट ठाकरां, रझूं खास, डईं, भदरोल -1 तथा भाटी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं के लिए 8 जनवरी को एसडीएम धीरा के कार्यालय में रखे गए साक्षात्कार भी स्थगित किए हैं।

## बच्चे राज्य और देश का भविष्य : ब्रह्म दत्त

### हिम ज्वाला कॉन्वेंट स्कूल जवाली ने धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह

**अनिल छांगू, जवाली**

हिम ज्वाला कान्वेंट स्कूल जवाली में हर वर्ष की तरह इस साल भी वार्षिक पारितोषिक वितरण सम्मान समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसमें मुख्यातिथि ब्रह्म दत्त शर्मा व स्कूल प्रिंसिपल अमन शर्मा ने मुख्य रूप से शिरकत कर दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। स्कूली बच्चों ने गणेश वंदना व सरस्वती वंदना करके कार्यक्रम का आगाज किया। स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने खूबसूरत प्रस्तुतियां कर आए हुए अभिवावकों का मन मोह लिया।



इस अवसर पर मुख्यातिथि ब्रह्म दत्त शर्मा व स्कूल प्रिंसिपल अमन शर्मा ने होनहार बच्चों को सम्मानित कर बच्चों की हौसला अफजाई की। वहीं, मुख्यातिथि ब्रह्म दत्त शर्मा ने कहा कि आज के बच्चे हमारे राज्य और देश का भविष्य है। जैसे एक पेड़ को फलने-फूलने के लिए मेहनत और धैर्य की आवश्यकता होती है, वैसे ही हमें भी अपनी पढ़ाई और जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सतत प्रयास करने होंगे। वहीं, स्कूल प्रिंसिपल अमन शर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और स्कूल की उपलब्धियों बारे विस्तृत जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)




# बालों को हर्बल कलर से करें डाई

## सुंदरता में आएगा निखार

## केमिकल फ्री होते हैं ये कलर

**आजकल बालों को रंगना एक फैशन बन गया है। पहले जहां सफेद बालों को काला करने की लिए ही कलर किया जाता था, वहीं अब युवा फैशन के लिए भी काले बालों को ग्लैमर लुक देने के लिए सफेद रंगत दे रहे हैं। बालों को रंगने में हालांकि कोई बुराई नहीं है, लेकिन अगर केमिकल उत्पादों का जरूरत से ज्यादा उपयोग किया जाए तो बाल झड़ने, खारिश-खुजली के साथ ही बालों की अनेक समस्याएं पैदा हो जाती हैं तथा आप की सेहत को नुकसान पहुंच सकता है। अगर बालों को रंगने से आप युवा दिखने लगते हैं तथा आप की सुंदरता में निखार आता है, तो आप को बालों को रंगने के नुकसानों के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए।**



**मेहंदी, अखरोट और इंडिगो : प्राचीन** काल से ही मेहंदी, अखरोट और इंडिगो को बालों को कलर और चमक देने के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है। यह अलग बात है कि आज बालों को कलर बड़े पैमाने पर किया जाता है और आज के समय में कई तरीकों से फैशन को ध्यान में रखकर कलर विभिन्न तरीकों में किया जाता है। परमानेंट डाई और कलर बालों की संरचना को बदलकर काम करते हैं। वास्तव में यह बाहरी परत को असमान ढंग से हटाकर भीतरी परत में घुसकर काम करती है। सेमी परमानेंट तरीके जैसे बालों को धोना और क्रीम लगाना 4 से 6 शैंपू के बाद निकल जाता है। यह बालों की बाहरी परत में जाकर काम करता है, लेकिन यह परमानेंट कलर्स से ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचता है।



**शहनाज हुसैन**
*(अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौंदर्य विशेषज्ञ तथा हर्बल क्वीन के नाम से लोकप्रिय)*

**हेयर मस्कारा : सब्जी** से बने आधुनिक कलर्स भी आजकल हेयर मस्कारा के रूप में भी उपलब्ध हैं। हेयर मस्कारा कुछ हद तक क्रेयॉन की तरह होता है, जो बालों के स्ट्रैंड को स्ट्रीक करने के लिए किए जाते हैं। यह काफी प्रभावी रूप से सफेद बालों को छिपाते हैं। यह बालों को ग्लैमर लुक देते हैं और सामान्य बालों से अलग लुक देने में भी मदद करते हैं। यह एक अलग लुक पाने के लिए इस्तेमाल किए जा सकते हैं। सिर्फ मनोरंजन के लिए या किसी अलग आयाम जोड़ने के लिए भी उपयोग कर सकते हैं। हेयर मस्कारा हेयर क्लर का अस्थायी तरीका है। यह उपयोग और हटाने में आसान होता है और अगले शैंपू तक ही रहता है। इसका मुख्य लाभ यह है कि यह बालों की संरचना और बनावट को होने वाले नुकसान से सुरक्षा का आश्वासन देता है।

**हर्बल कलर्स : बाजार** में हर्बल उत्पादों से बने प्राकृतिक कलर भी मिल जाते हैं, लेकिन वे सामान्यत: महंगे होते हैं, लेकिन हर्बल रंगों को आप घर पर भी बना सकते हैं, जो बालों को काला भूरा रंग देता है। यह 100 प्रतिशत केमिकल से मुक्त और पूरी तरह से प्राकृतिक है। इसमें मेहंदी, इंडिगो और कत्था जैसी प्राकृतिक कलरेंट शामिल हैं। इनमें मौजूद तत्व बालों के लिए फायदेमंद होते हैं। इसे घर पर उपयोग करने के लिएए पहले पेस्ट बनाने के लिए गुनगुने पानी में मिला लें। रबर के दस्ताने के साथ समान रूप से ऊपर से नीचे तक तुरंत बाल पर लगाएं। 3 घंटे के लिए छोड़ दें। अच्छी तरह धो लें और बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए 15 मिनट के लिए हेयर ड्रायर का उपयोग करें।

**आंवले का रस : आंवला** सफेद बालों को नियंत्रित करने के लिए उत्तम माना जाता है। एक कच्चे आंवले का रस एक पानी के गिलास में डाल कर रोज पीने से ये सफेद बालों को नियंत्रित करने में मदद करता है। आंवले को पानी के साथ पतला करने पीना जरूरी होता है। आंवला मेहंदी पाउडर में मिलाया जा सकता है। हालांकि मेहंदी सफेद बालों को लाल रंग देती है, लेकिन यह काले बालों को रंग नहीं देती। अगर आप मेहंदी से बालों को रंगना चाहते हैं, तो 2 से 3 कप पानी में रात भर सूखा आंवला भिगोकर रख दें। अगली सुबह आंवला पानी से निकाल लें, लेकिन पानी फेंक नहीं है। आंवला पीस लें। मेहंदी पाउडर में आंवला पेस्ट, 4 छोटे चम्मच नींबू का रस और कॉफी, 2 कच्चे अंडे, 2 चम्मच तेल और पर्याप्त आंवले का पानी मिलाएं। दो से तीन घंटे के लिए पेस्ट अलग रखें और फिर पूरे बालों में इस तरह लगाएं कि बाल सारे बाल कवर हो जाएं। कम से कम दो घंटे के लिए रखें और सादे पानी से धो लें। सुनिश्चित करें मेहंदी पाउडर अच्छी गुणवत्ता की ही हो। यह गहरे हरे रंग होना चाहिए। हमें बालों के स्वास्थ्य को अच्छा करने और बालों की समस्याओं को दूर करने के लिए मेहंदी के साथ आंवले, ब्राह्मी, भृंगराज, बेल आदि का इस्तेमाल करना चाहिए।

## कलर लगाते समय बरतें ये सावधानियां

***यदि आप घर पर परमानेंट या सेमी परमानेंट कलर कर रहे हैं, तो इन महत्वपूर्ण बिंदुओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए।***

1. आंखों की कलर एजेंटों से रक्षा करनी चाहिए।
2. इन्हें बच्चों की पहुंच से दूर रखें।
3. कलरिंग से पहले और बाद में कंडीशनर का इस्तेमाल करें।
4. अपने बालों को कलर और स्ट्रेटनिंग एक ही समय न करें। दो प्रक्रियाओं के बीच कम से कम छह सप्ताह का इंतजार करना चाहिए।
5. धूप रंगों को प्रभावित कर सकती है, इसलिए धूप में दुपट्टे से बालों को कवर कर सुरक्षित रखें।
6. अगर आप अपने बालों को कलर करवाने पहली बार जा रहे हैं तो ब्यूटी सैलून में करवाना एक अच्छा विचार हो सकता है। क्योंकि इस तरह आप प्रक्रिया को देख कर समझ सकते हैं।
7. अमोनिया फ्री कलरेंट का उपयोग करना सबसे अच्छे होता है।
8. अगर आप केमिकल कलरेंट का इस्तेमाल किया है, तो तुरंत बाद मेहंदी कंडीशनिंग उपयोग से बचें।





## नारियल, सरसों या फिर आंवला

# जानें कौन सा तेल है आपके बालों के लिए बेस्ट



***बालों के लिए ऑयलिंग बेहद जरूरी होता है। यह एक तरह का प्री-शैंपू ट्रीटमेंट है। तेल लगाने से बाल तेजी से ग्रोथ करते हैं, खूबसूरत, सिल्की, सॉफ्ट और हेल्दी बनते हैं। इससे बालों में शाइनिंग आती है और मजबूती मिलती है। बालों में तेल लगाने से सेहत को भी कई सारे फायदे होते हैं। इससे स्ट्रेस दूर होता है, मूड बेहतर बनता है और ब्लड सर्कुलेशन अच्छा बनता है। अगर बालों में सही तेल लगाया जाए तो तो सही पोषण मिलता है, डैंड्रफ, खुजली और रूखेपन की समस्या दूर होती है। ज्यादातर महिलाएं और पुरुष बालों में नारियल, सरसों या आंवला का तेल लगाते हैं। जानिए तीनों में से आपके बालों के लिए कौन सा तेल बेस्ट है...***

**बालों के लिए सरसों का तेलः** एक्सपर्ट्स के अनुसार, सरसों का तेल बहुत गाढ़ा होता है। इसकी खुशबू भी हैवी होती है, जो हर किसी को पसंद नहीं आती है। इस तेल का इस्तेमाल सर्दी के मौसम में ज्यादा फायदेमंद माना जाता है, क्योंकि इसकी तासीर गर्म होती है और यह बाकी तेल की तरह बालों में जमता नहीं है। ठंड के मौसम में ड्राई स्कैल्प और पपड़ीदार स्कैल्प और डैंड्रफ को दूर रखने में सरसों का तेल ज्यादा फायेदमंद होता है।

**नारियल तेल के फायदेः** नारियल तेल सरसों तेल की तुलना में हल्का और पतला होता है. इसकी खूशबू भी अच्छी होती है. इससे बाल चिपचिपे नहीं होते हैं। हालांकि, सर्दी के मौसम में नारियल के तेल से दूर रहने की सलाह दी जाती है, यह बालों में जम सकता है. इससे स्कैल्प और बालों के रोम को पोषण सही तरह नहीं मिल पाता है और ना ही स्कैल्प में नमी लॉक हो पाती है, जिससे ड्राई स्कैल्प, खुजली, डैंड्रफ और पपड़ीदार स्कैल्प जैसी प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इसकी वजह से बाल भी झड़ सकते हैं।

**आंवले का तेल कितना फायदेमंदः** आंवले का तेल विटामिन सी और कई तरह से एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है, जो बालों की ग्रोथ के लिए फायदेमंद होते हैं। इस तेल के एंटीऑक्सीडेंट्स को बाल आसानी से अवशोषित कर लेते हैं, क्योंकि यह काफी पतला होता है। इससे बालों को अंदर से मजबूती मिलती है. इसके अलावा विटामिन सी स्कैल्प की अच्छी तरह सफाई करते हैं, जिससे बालों की ग्रोथ अच्छी होती है।

**कौन सा तेल बालों के लिए बेस्टः** एक्सपर्ट्स के अनुसार, हर किसी के बालों की प्रकृति अलग-अलग होते हैं, इसलिए किसी भी तेल का उपयोग करने से पहले अपने बालों की जरूरतों को समझना चाहिए। अपनी जरूरत और पसंद के हिसाब से कोई भी तेल इस्तेमाल कर सकते हैं। सरसों, नारियल या आंवला तीनों ही तेल बालों के लिए फायदेमंद हैं। तेल का सेलेक्शन मौसम के अनुसार ही करना चाहिए। वैसे बाल बढ़ाने में आंवले के तेल ज्यादा फायदेमंद हो सकता है। इससे डैंड्रफ की समस्या भी जल्दी दूर हो सकती है।

*(नोटः खबर में दी गई कुछ जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स पर आधारित है। सुझाव को अमल में लाने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से सलाह जरूर लें।)*

# सर्दियों में भी चमक उठेगा चेहरा

## गुलाब जल के साथ इस एक चीज का करें इस्तेमाल

**सर्दियों में अक्सर त्वचा का निखार गुम सा हो जाता है। अगर आप भी अपनी त्वचा के खोए हुए निखार को जल्द से जल्द वापस पाना चाहते हैं, तो आपको दो चीजों को अपने स्किन केयर रूटीन में जरूर शामिल करके देखना चाहिए। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि गुलाब जल और ग्लिसरीन, दोनों चीजें आपकी त्वचा के लिए वरदान साबित हो सकती है।**

**त्वचा के लिए वरदानः** गुलाब जल और ग्लिसरीन का मिक्सचर आपको जिद्दी पिंपल्स की समस्या से छुटकारा दिलाने में कारगर साबित हो सकता है। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए रात में सोने से पहले इस मिक्सचर को अपने चेहरे पर लगाएं और फिर अगली सुबह उठकर फेस वॉश कर लें।





**अपनाएं घरेलू उपायः** अगर आप गुलाब जल को अपने स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बनाते हैं, तो आपकी स्किन की खोई हुई नमी वापस आ सकती है। त्वचा के रूखेपन से छुटकारा पाने के लिए आप हाइड्रेटिंग प्रॉपर्टीज वाले गुलाब जल का इस्तेमाल कर सकते हैं। आपको बता दें कि गुलाब जल और ग्लिसरीन को मिक्स करके अप्लाई करने से आप अपनी त्वचा के निखार को कई गुना बढ़ा सकते हैं। गुलाब जल और ग्लिसरीन की मात्रा बराबर होनी चाहिए।

**मिलेंगे फायदे ही फायदेः** गुलाब जल और ग्लिसरीन का मिक्सचर आपकी त्वचा पर मौजूद डेड सेल्स को रिमूव करने में मददगार साबित हो सकता है। कुल मिलाकर इस मिक्सर की मदद से आपकी त्वचा को गहराई से साफ किया जा सकता है। इन दोनों चीजों को एक साथ अप्लाई करने से आपके स्किन सेल्स को रिलैक्स किया जा सकता है। हालांकि, इस मिक्सचर को अपने पूरे चेहरे पर लगाने से पहले आपको पैच टेस्ट करना नहीं भूलना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### अजीत ने संभाला रैहन थाना प्रभारी का पदभार



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** जिला मंडी निवासी अजीत सिंह ने पुलिस थाना रैहन में बतौर थाना प्रभारी कार्यभार संभाल लिया है। गुरुवार को मीडिया से रू-बरू होते हुए अजीत सिंह ने कहा उनकी प्राथमिकता क्षेत्र को नशामुक्त करना रहेगी। इसके साथ ही अवैध खनन पर भी सख्ती बरती जाएगी। उन्होंने बताया कि बीते दिन ही अवैध खनन की सामग्री से भरे चार ट्रैक्टरों के चालान कर करीब 20 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से भी सहयोग को अपील की है। उन्होंने कहा कि लोगों के सहयोग के बिना अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना पुलिस के लिए कठिन होता है।

### कलाकारों ने लोगों को बताई सरकार की योजनाएं



**भूषण शर्मा, नूरपुर।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग से सम्बद्ध कांगड़ा लोक कला मंच सकोह के कलाकारों ने सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं के विशेष प्रचार अभियान के तहत आज वीरवार को ग्राम पंचायत लोहारपुरा और ठेहड़ में लोगों को जानकारी दी। कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक तथा गीत-संगीत के माध्यम से प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वर्ण जयंती आश्रय योजना, अंतर्जातीय विवाह पुरस्कार योजना तथा अनुवर्ती कार्यक्रम जैसी योजनाओं बारे लोगों को जागरूक किया। नाट्य दल के कलाकारों ने गीतों के द्वारा लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश भी दिया। (अनंत ज्ञान)

### रिड़कमार कॉलेज ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय रिड़कमार में सड़क सुरक्षा क्लब की ओर से सड़क सुरक्षा रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस रैली का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण से होकर दरीणी बाजार तक किया गया। रैली को महाविद्यालय के प्रांगण से प्राचार्य डॉक्टर युवराज सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यातायात नियमों के पालन और सड़क सुरक्षा मानकों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से इस रैली का आयोजन किया गया। रैली में यातायात एवं सड़क सुरक्षा के संकेत चिन्ह, स्लोगन, पोस्टर इत्यादि को प्रदर्शित करते हुए लोगों को यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों से जागरूक किया गया। इस रैली से पूर्व प्रोफेसर मनोज कुमार ने सभी को शपथ दिलाई कि वह हमेशा यातायात नियमों का पालन करेंगे और सड़क सुरक्षा मानकों की अनदेखी कभी नहीं करेंगे तथा साथ ही साथ इस विषय पर अपने परिवारजन, मित्रों व पड़ोसियों को भी जागरूक करेंगे। रैली के दौरान स्थानीय नागरिकों ने छात्र-छात्राओं की इस पहल का स्वागत किया।

### कलाकारों ने घियोरी-बीहण में जागरूक किए लोग



**अनंत ज्ञान, गरली।** सूचना एवं जनसंपर्क के पंजीकृत ग्रुप ओम संस्कृति कला मंच द्वारा पंचायत घियोरी और बीहण पंचायत में संस्कृत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जो अनुसूचित जाति सरकार द्वारा शिविरों कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं। ये कार्यक्रम पूरे हिमाचल प्रदेश में चलाए जा रहे हैं। इसमें ओम प्रकाश, बालकृष्ण, विपिन कुमार, पवन प्रभाकर सोनू, नीलम धीमान, किरण वाला, बुद्धी सिंह, सुरेंद्र रमेश पटियाल आदि ने बेहतरीन कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर घियोरी पंचायत की प्रधान पूनम धीमान व सभी वार्ड मेंबर और बीहण पंचायत में प्रधान तरसेम सिंह और प्रधान अनिल कुमार उपस्थित रहे।

### भारती विद्यापीठ स्कूल ने मनाया वार्षिक समारोह



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भारती विद्यापीठ पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बैजनाथ के सीनियर वर्ग का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि एसडीएम बैजनाथ डीसी ठाकुर ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। स्कूली छात्रों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम में बॉलीवुड डांस, शिव तांडव, भांगड़ा, हरियाणवी डांस तथा हिमाचली नाटी जैसे कार्यक्रम पेश कर आए हुए लोगों का मनोरंजन किया। नवनीत डोगरा ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर कहा कि आज के समारोह में आए हुए सभी अभिभावक स्कूल के लिए मुख्यातिथि है। मुख्यातिथि ने रंगारंग कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि छात्रों को अपने लक्ष्य पर टिका रहना चाहिए तथा बार-बार प्रयास करने से ही छात्र अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नमिता शर्मा, प्रधानाचार्य संजय शर्मा, अमित सूद, सोनिका सूद तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### मटौर कॉलेज के एनएसएस शिविर का समापन



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर के अंतिम दिन समापन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने पंजाबी नृत्य, गीत, शायरी, काव्य पाठ, लोक नृत्य जैसे रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करके अपनी बहुमुखी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। मुख्यातिथि ने इकाई को शिविर के सफल आयोजन पर बधाई देते हुए इन सात दिनों में स्वयंसेवियों के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की साथ ही विषय विशेषज्ञों द्वारा साझा की गई महत्वपूर्ण जानकारी से लाभ उठाने की प्रेरणा दी। बीए प्रथम वर्ष के निक्षित और इतिका, बीए द्वितीय वर्ष को बेस्ट वॉलेंटियर्स चुना गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीतू सिन्हा, अरविंद बैंस, सिम्मी कुमारी, ऊषा भी उपस्थित रहे।

# पौंग झील में वाटर स्पोर्ट्स के लिए जल्द पूरी करें औपचारिकताएं : डीसी

## पर्यटन गतिविधियों के संचालन में स्थानीय लोगों की सहभागिता हो सुनिश्चित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



उपायुक्त हेमराज बैरवा ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पौंग झील में वाटर स्पोर्ट्स की गतिविधियां शीघ्र आरंभ करने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं, ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। वीरवार को उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त हेमराज बैरवा की अध्यक्षता में पौंग बांध में वाटर स्पोर्ट्स की गतिविधियों की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई इसमें शिकारा, क्रूज इत्यादि चलाने के लिए सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने कहा कि जिला कांगड़ा में वाटर स्पोर्ट्स तथा उससे जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा उनके संचालन को लेकर प्रशासन द्वारा एक सोसायटी गठित की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश हैं कि जिले में पर्यटन गतिविधियों के संचालन में जहां स्थानीय लोगों की सहभागिता होनी चाहिए, वहीं इन गतिविधियों के विकास में भी स्थानीय लोगों और पर्यटन कारोबारियों का सहयोग लिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन और स्थानीय लोगों की सहभागिता और आपसी तालमेल से क्षेत्र में वॉटर स्पोर्ट्स और उससे जुड़ी गतिविधियों को बेहतर तरीके से विकसित किया जाएगा।

उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जिला कांगड़ा को राज्य की पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता जाहिर की है। जिसके चलते पौंग क्षेत्र में जल क्रीड़ा और उससे संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के निर्देश हैं कि पौंग क्षेत्र में पर्यटन की दृष्टि से पहले से निर्मित या स्थापित एसेट्स का सही उपयोग किया जाए। जिससे पर्यटन गतिविधियों के संचालन में स्थानीय लोगों की सहभागिता सुनिश्चित होने के साथ क्षेत्र के युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर एडीसी विनय कुमार, एडीएम डा हरीश गज्जू, जिला पर्यटन अधिकारी विनय धीमान, सीएमओ डा राजेश गुलेरी सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।

# विद्यार्थी लक्ष्य निर्धारित करते हुए जिज्ञासु बनें : नवीन कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने नए साल के संबोधन में कर्मचारियों और विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे प्राथमिकताएं तय करते हुए लक्ष्य का निर्धारण कर उसे प्राप्त करने का प्रयास करें। उन्होंने प्रासंगिक ज्ञान को अधिकतम क्षमता में आत्मसात करने और शीर्ष राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में अपने उच्च अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति के लिए प्रतिस्पर्धा करने के लिए हमेशा जिज्ञासु रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी को भी अपनी क्षमता कम नहीं आंकना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय प्रमुख संस्थानों के सहयोग से विशाल हिमालय में मौजूद क्षमता की खोज के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार, प्रदेश सरकार, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अन्य वित्तपोषण एजेंसियों को शिक्षा, अनुसंधान और विस्तार शिक्षा में दिए गए उनके सहयोग के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि एनसीसी निदेशालय ने विश्वविद्यालय को राइफल फायरिंग सिम्युलेटर स्वीकृत किया है जिसे जल्द ही परिसर में स्थापित किया जाएगा। विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को अकादमिक अभिलेखों तक आसान और तीव्र पहुंच प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है और इस दिशा में विश्वविद्यालय ने अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) की प्रक्रिया को अपनाकर विद्यार्थियों के अकादमिक अभिलेखों के डिजिटलीकरण की प्रक्रिया शुरू की है और 7 स्नातक और एमवीएससी कार्यक्रमों के 1023 विद्यार्थियों के 3030 क्रेडिट अभिलेखों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है, जोकि डिजिलॉकर के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध होंगे।

# नववर्ष के जश्न में पड़ोसियों ने जला दी स्कूटी व साइकिल

**सुरेंद्र मिन्हास, फतेहपुर**

विकास खंड फतेहपुर की पंचायत झुंब के बुजुर्ग नंद लाल ने वीरवार को रेस्ट हाउस फतेहपुर में प्रेस वार्ता कर अपनी व्यथा सुनाई। उन्होंने कहा कि नववर्ष का जश्न मनाते हुए उनके पड़ोसियों ने उनका काफी नुकसान कर दिया है। उन्होंने बताया कि 31 दिसंबर की रात को वह व उनका परिवार करीब दस बजे सो गया था लेकिन उन्हीं के पड़ोसी पूरी रात नए साल का जश्न मनाते रहे इसी दौरान उनके द्वारा फोड़े गए पटाखों कारण उनकी स्कूटी व साइकिल जलकर राख हो गई। शुक्र रहा कि इस दौरान परिवार के सदस्य जाग गए व एक महंगी गाड़ी व मोटरसाइकल को सुरक्षित जगह पर पहुंचा दिया, नहीं तो वे भी जल जातीं। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस थाना जवाली में कर दी है। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि ऐसे आधी रात को दूसरों का नुकसान करने के साथ ही परेशानी देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। वहीं, पंचायत उपप्रधान वीरेंद्र सिंह ने बताया कि आग कैसे लगी इस बारे कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन नजदीक ही पटाखों के साथ जश्न का जरूर आयोजन हो रहा था। उधर, जब डीएसपी जवाली बीरी सिंह राठौर के साथ बात की तो उन्होंने कहा अगर ऐसी घटना घटी है तो कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)



नंद लाल ने पुलिस थाना जवाली में की शिकायत

# बालकरूपी स्कूल के दो बच्चे राष्ट्रीय विज्ञान मेले के लिए रवाना

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बालकरूपी के बच्चों ने एक बार फिर से अपना दमखम दिखाते हुए राष्ट्रीय स्तर के लिए दो साइंटिफिक प्रोजेक्ट रिपोर्ट्स में अपना चयन करवाया है। स्कूल के छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर भोपाल में तीन से छह जनवरी तक होने वाले वाले विज्ञान मेले के लिए हुआ है। गाइड अध्यापक एवं रसायन विज्ञान प्रवक्ता तिलक राज राणा ने बताया कि एनआईटी हमीरपुर में हुए विज्ञान मेले में सीनियर वर्ग में संचित मेहरा, अंशिता, अंशिका, स्नेहा, शायना की बनाई प्रोजेक्ट रिपोर्ट तथा जूनियरवर्ग में नितिन कुमार व कनिका की रिपोर्ट अव्वल रही हैं और अब दोनों प्रोजेक्ट रिपोर्ट्स मध्य प्रदेश के भोपाल में 3 से 6 जनवरी में होने जा रहे राष्ट्रीय बाल विज्ञान मेले में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रधानाचार्य राजिंद्र कुमार ने गर्मजोशी के साथ बच्चों को भोपाल के लिए रवाना किया।

# मकर संक्रांति पर दो दिवसीय सांस्कृतिक संध्याओं का होगा आयोजन : एसडीएम

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



एसडीएम कांगड़ा आईएएस अधिकारी इशांत जसवाल ने वीरवार को कांगड़ा मंदिर के जिला स्तरीय मकर संक्रांति पर्व के आयोजन को लेकर बैठक की। उन्होंने पत्रकारों को भी संबोधित किया। बैठक में उन्होंने बताया कि प्रसिद्ध शक्तिपीठ बज्रेश्वरी मंदिर में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर होने वाले जिला स्तरीय घृत मंडल पर्व को भव्य तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया जिला स्तरीय इस पर्व के मौके पर इस वर्ष दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 14 जनवरी को मंदिर के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और इस दौरान पूरे मंदिर को भव्य तरीके से सजाया जाएगा उन्होंने बताया इस दौरान सांस्कृतिक संध्या भी आयोजित होगी, जिसमें माता का जागरण आयोजित किया जाएगा। प्रथम सांस्कृतिक संध्या में विख्यात गायक लखविंदर सिंह लक्खा मुख्य आकर्षण रहेंगे।

उन्होंने बताया पर्व के दूसरे दिन नगर परिषद मैदान में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 15 जनवरी के दिन कांगड़ा मंदिर से माता की ज्योति लेकर कांगड़ा शहर में शोभा यात्रा निकाली जाएगी और माता की ज्योति को कांगड़ा नगर परिषद मैदान में स्थापित किया जाएगा जहां पर सभी श्रद्धालु माता की ज्योति के दर्शन कर सकेंगे। नगर परिषद मैदान कांगड़ा में ही दूसरी सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी जिसमें स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियों के साथ प्रसिद्ध कलाकार माता के जागरण में अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

उन्होंने बताया इस पर्व के मौके पर नगर परिषद मैदान में बच्चों के लिए झूले, स्वयं सहायता समूह की प्रदर्शनियां और अन्य दुकान लगाई जाएगी। नगर परिषद मैदान में 18 जनवरी तक झूले और दुकाने लगी रहेंगी। उन्होंने बताया नगरकोट मकर संक्रांति स्मारिका 2025 का विमोचन भी किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## साढ़े चार करोड़ से होगा दरवाह-समीरपुर रोड का विस्तारीकरण

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** विधायक पवन काजल ने कहा कि दरवाह से समीरपुर तक साढ़े चार करोड़ से सड़क का विस्तारीकरण कर ग्रामीणों को बेहतर सड़क सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तृतीय चरण में छह किलोमीटर सड़क निर्माण को साढ़े चार करोड़ रुपए कि राशि मंजूर हुई हैं। सड़क निर्माण कि टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी हैं। पवन काजल वीरवार को ग्राम पंचायत चकवन समीरपुर से आए प्रतिनिधिमंडल साथ चर्चा करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि समीरपुर पंचायत के अंतर्गत कपाड़िया से चीलबेही वाया कालका माता मंदिर सड़क निर्माण कार्य मार्च महीने तक पूरा होगा।

# अरनी विवि में हवन से नए सत्र का आगाज

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



अरनी विश्वविद्यालय में पूजा व हवन के साथ नववर्ष एवं नए शैक्षणिक सत्र का आरंभ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने मिलकर हवन यज्ञ में भाग लिया और भगवान से शांति, समृद्धि और सफलता की कामना की। हवन के साथ साथ मंत्रोच्चारण और धार्मिक विधि-विधान ने पूरे परिसर को एक दिव्य वातावरण में बदल दिया। यह आयोजन विद्यार्थियों को एक सकारात्मक दृष्टिकोण और मानसिक शांति देने के उद्देश्य से किया गया था। हवन के बाद विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक-दूसरे से मिलकर आशीर्वाद लिया और नए सत्र के लिए अपने उद्देश्यों को पूरा करने का संकल्प लिया। यह समारोह विश्वविद्यालय में एक नई ऊर्जा का संचार करने का कारण बना और सभी को यह प्रेरणा दी कि कठिन परिश्रम और सही दिशा में प्रयास करने से सफलता अवश्य मिलती है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. विवेक सिंह ने सभी छात्रों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी और शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि अर्नी विश्वविद्यालय हमेशा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। (अनंत ज्ञान)

# अर्षित को सर्वश्रेष्ठ स्काउट और कशिश को सर्वश्रेष्ठ गाइड चुना

## पारस स्कूल में स्काउट एंड गाइड कैंप का समापन

**राकेश डोगरा, डरोह**



वीरवार को पारस पब्लिक स्कूल भवारना में चार दिवसीय स्काउट एंड गाइड कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएसपी डरोह कुलदीप कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इसमें बच्चों ने अनेक प्रकार के करतब सीखे, जिसमें विभिन्न प्रकार की तालियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ट्रैकिंग और अनेक प्रकार के करतब शामिल थे। बच्चों ने लघु नाटिका, नृत्य और अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। कैंप में सर्वश्रेष्ठ स्काउट अर्षित भूरिया और सर्वश्रेष्ठ गाइड कशिश को चुना गया।

मुख्यातिथि ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक असफलताओं के पीछे सफलता छुपी होती है। इससे हमें सीख लेनी चाहिए। किसी भी चीज का अभ्यास करते हुए अनेक प्रकार के कष्ट सहन करने पड़ते हैं लेकिन उसका लाभ हमें पूरी जिंदगी मिलता है। उन्होंने बच्चों को नशाखोरी से बचने की सीख दी और अपना काम स्वयं करने की नसीहत दी। विद्यालय के निदेशक महेश चंद्र कटोच और प्रधानाचार्या नीलम राणा ने मुख्यातिथि व सब इंस्पेक्टर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया व कार्यक्रम में उपस्थित गण्यमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया। स्काउट एंड गाइड की तरफ से प्रधानाचार्या को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में सब-इंस्पेक्टर सतीश, डीओसी. रुचि, डीटीसी राहुल, एएसटीसी नविता, ट्रेनर सुमित आदि गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमराई

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** जिला भाजपा महामंत्री राकेश चौहान ने सुक्खू सरकार को घेरते हुए कहा कि सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। व्यवस्था परिवर्तन करते-करते जनता की व्यवस्था खराब हो गई है। 31 दिसंबर डलहौजी में पुलिस कर्मियों द्वारा होटल के जनरल मैनेजर की हत्या, जुखला में मिल्क प्लांट कर्मचारी पर तलवार से हमला, सोलन में भांजे ने ली मामा की जान, हमीरपुर के भोरंज में डंडों से मौत के घाट उतारा मजदूर प्रवासी। अफसर रिश्वत लेते पकड़े जा रहे हैं। पढ़े-लिखे युवा रोजगार दर-दर भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि 16000 करोड़ रुपए आता है। 27000 करोड़ रुपए सैलरी और पेंशन में चला जाता है। मुख्यमंत्री आपके हर एक मंत्री के काफिले में एक-एक पुलिस की गाड़ी भारी भरकम अफसर की फौज और दर्जनों गाड़ियां दौड़ती हैं।



## कांगड़ा ब्वॉयज टीम ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** क्रेयॉनज वर्ल्ड स्कूल बैजनाथ में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में जिला कांगड़ा से सात टीमों ने भाग लिया। इसमें विजेता रही कांगड़ा ब्वॉयज टीम को 7500 रुपए तथा प्रथम रनर अप फ्रेंड्स इलेवन बैजनाथ को 5000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। स्कूल के निदेशक रिशव अवस्थी ने बताया कि अन्य टीमों के खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। भविष्य में भी इस तरह की स्पर्धाओं का आयोजन करवाया जाएगा। इस अवसर पर खेल अध्यापक नरेश कुमार, नितेश चौहान, संसार चंद, पंकज कुमार, पिंटू कुमार, स्वदेश कुमार, अंताक्ष पराशर तथा अजय कुमार मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधान और टैक्सी चालक पर जानलेवा हमला

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** एक पुलिसकर्मी ने अपनी ट्रांसफर से नाराज होकर दो लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। यह घटना ढलियारा बाजार में हुई। घटना उस समय हुई, जब पूर्व प्रधान जरनैल सिंह अपनी दुकान में बैठे थे। आरोप है कि पुलिसकर्मी प्रवीण कुमार और उसके दोस्त मनदीप सिंह ने दुकान में घुसकर जरनैल सिंह पर हमला किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हमलावरों ने बाजार में खड़ी अपनी टैक्सी में सवार सतीश ठाकुर पर भी हमला किया। सतीश पर हुए हमले के बाद बाजार में दहशत का माहौल फैल गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। डीएसपी देहरा अनिल ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नूरपुर जिला कांगडा हि. प्र. ।**
क्रमाक न/211/ रीडर ।।
दिनाँक 30-12-2024
सुनील कुमार पुत्र मेहर चन्द निवासी महाल बदूही तहसील नुरपुर जिला कांगड़ा हि. प्र.
......वादी
**वनाम**
**आम जनता**
.. प्रतिवादी (नाम दुरुस्ती)
ईशतहार अखवार वावत आवेदन नाम दरुस्ती महाल बदूही तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा ईशतहार अखबार द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी सुनील कुमार पुत्र मेहर चन्द निवासी महाल बदूही तहसील नुरपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0 ने एक प्रार्थना पत्र गुजारा है, जिसमें निवेदन किया है कि उसका सही नाम सुनील कुमार पुत्र मेहर चन्द है परन्तु महाल बदूही के राजस्व रिकार्ड में उसका नाम सतीश कुमार पुत्र मेहर चन्द दर्ज है, जो कि गलत है। अतः मेरे नाम की महाल बदूही के राजस्व रिकार्ड में दरुस्ती की जाए।
प्रतिवादी आम जनता को इस ईशतहार अखबार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रार्थी के नाम की दरुस्ती होने पर कोई आपति हो तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 10-02-2025 को ऐतराज पेश कर सकता हैं। एतराज पेश न होने की सूरत में आदेश नामदरुस्तीजारी कर दिए जाएंगे।
आज दिनांक 30-12-2024 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी**
**नूरपुर, जिला कांगड़ा ( हि.प्र. )**

# शिक्षा से होता है सर्वांगीण विकास : संजय

## खैरा स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की धूम

**अनंत ज्ञान, डरोह**



राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खैरा में वीरवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर संजय चौहान अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की व उद्योगपति कुलदीप भंगालिया इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बच्चों ने इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से नशे से दूर रहने व सोशल मीडिया के अत्यधिक इस्तेमाल से बचने के संदेश भी दिए। वहीं, मुख्यातिथि ने कहा कि शिक्षा से मनुष्य का मानसिक भावनात्मक, सामाजिक और आध्यात्मिक विकास होता है। स्थानीय स्कूल के प्रधानाचार्य विजय कुमार शर्मा ने पूरे साल में बच्चों द्वारा हासिल की गई उपलब्धियां के बारे में बताया व उन्होंने बच्चों को जीवन में अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करके कड़ा परिश्रम करने को कहा। विद्यालय की 12वीं कक्षा की छात्रा काशवी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। अंत में मुख्यातिथि ने सभी मेधावी छात्रों को पुरस्कार बांटे। इस अवसर पर एसएससी प्रधान राकेश राणा, सभी एस एम सी सदस्य, प्रधानाचार्य बलबीर राणा, मनोज शर्मा, अनुपम बाला, अंजू गुलेरिया, मुख्याध्यापक बलविंदर कटोच, उत्तम राणा, संजय पटियाल, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य विक्रम गुलेरिया, सरवन चौधरी, जगदीश चौधरी, बच्चों के अभिभावक व समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

**पुरस्कार** द्रोणाचार्य कॉलेज का 'रोटरी यूथ लीडरशिप अवाड्र्स' में शानदार प्रदर्शन

# 'सर्वाधिक पंजीकृत छात्र' का सम्मान किया अपने नाम

**अनंत ज्ञान, शाहपुर/धर्मशाला**



पठानकोट के प्रताप वर्ल्ड स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय रोटरी यूथ लीडरशिप अवाड्र्स आरवाईएलए 2024 में द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार अपने नाम किए। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और नेतृत्व विकास, टीम वर्क और सामुदायिक सेवा से जुड़ी गतिविधियों में हिस्सा लिया। द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज को 'सर्वाधिक पंजीकृत छात्र' का सम्मान मिला, जो महाविद्यालय की सक्रिय भागीदारी का प्रमाण है। बीएड के छात्र हर्षवीर ने 'मिस्टर आरवाईएलए' प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि बीएड छात्रा गुंजन मिस आरवाईएलए में प्रथम उपविजेता रहीं। बीसीए की गायत्री को 'मोस्ट डिपेंडेबल' का खिताब मिला और बीसीए की ही अशिता को सर्वश्रेष्ठ गायिका के रूप में सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, नाटी नृत्य में भी द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज को सांत्वना पुरस्कार मिला। इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक गंधर्व सिंह पठानिया, कार्यकारिणी निदेशक डॉ. बलविंदर सिंह पठानिया, प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा और क्लब सलाहकार सहायक प्रोफेसर अतुल राणा ने छात्रों को प्रोत्साहित किया। द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय का रोटरेक्ट क्लब इस आयोजन में सबसे अधिक पुरस्कृत क्लब बनकर उभरा, जिससे उनकी सामुदायिक सेवा और नेतृत्व कौशल की झलक मिलती है। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का समापन भव्यता के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब की बरामद

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** थाना कोट कहलूर पुलिस ने गश्त के दौरान एक राहगीर से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार गत सायं थाना कोट कहलूर पुलिस गश्त कर रही थी। इस दौरान जब पुलिस सरकारां दा मोड़ के पास पहुंची तो एक व्यक्ति कैनी उठाकर आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस को सामने देखकर वह घबरा गया। जिससे पुलिस को उस पर शक हुआ। पुलिस ने जब कैनी की तलाशी ली तो यह कच्ची शराब बरामद की। आरोपी की पहचान 40 वर्षीय सुनील कुमार निवासी दबट डाकघर मजारी तहसील श्री नयना देवी के रूप में हुई। थाना कोट कहलूर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना कोट कहलूर में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि थाना कोट कहलूर पुलिस द्वारा मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### नववर्ष के उपलक्ष्य पर मिठाई की वितरित



**अनंत ज्ञान, डंगार चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में नव वर्ष के उपलक्ष्य में मिठाई वितरित की गई। प्रातः कालीन सभा में पाठशाला की प्रधानाचार्या तथा अध्यापकों द्वारा बच्चों को नव वर्ष के उपलक्ष्य पर लड्डू वितरित किए। इस अवसर पर पाठशाला की प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने सभी अध्यापकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि सभी का जीवन स्वस्थ, सुखमय, खुशहाल तथा शान्ति प्रिय हो। उन्होंने विद्यार्थियों से आलस्य को त्यागें और खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए विद्यालय के लिए नये कीर्तिमान स्थापित करने का आह्वान किया। रेखा शर्मा ने विद्यार्थियों से कहा कि वे किसी भी प्रकार के नशे की ओर आकर्षित ना हों तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवन को अपनाएं। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना करते हुए सभी के मंगलमय जीवन तथा देश में सौहार्द तथा समृद्धि की कामना की।

### पुलिस ने फरार अपराधी को नेरचौक मंडी से किया गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट से जुड़े एक आपराधिक मामले में अदालत द्वारा घोषित उद्घोषित अपराधी को नेरचौक मंडी से गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पंकज कुमार उर्फ पंकू निवासी जंगल सुंगल तहसील व जिला बिलासपुर के खिलाफ चार फरवरी 2023 को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था। बाद में पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ अदालत में चालान पेश किया गया। अदालत द्वारा आरोपी को पेश होने के लिए कई बार सम्मन जारी किए गए। लेकिन आरोपी एक बार भी अदालत में पेश नहीं हुआ। जिसके चलते अदालत ने आरोपी को 16 दिसंबर 2024 को उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया। बिलासपुर पुलिस को गत दिवस आरोपी के नेरचौक मंडी में होने की गुप्त सूचना मिली। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पंकज उर्फ पंकू को नेरचौक मंडी से गिरफ्तार किया। इस टीम में मुख्य आरक्षी मनोज कुमार, सुरेश कुमार, राकेश कुमार व सिपाही रविंद्र कुमार शामिल थे। उधर, डीएसपी जिला मुख्यालय व पुलिस प्रवक्ता मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि आरोपी को आगामी कार्रवाई के लिए सदर पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

### एचआरटीसी बस और मोटरसाइकिल सवार की टक्कर

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर-घुमारवीं सड़क पर चकली के पास हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस ने एक मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल सवार को चोटें लगीं तथा मोटरसाइकिल को भी नुकसान हुआ। थाना सदर पुलिस ने 28 वर्षीय धीरज ठाकुर निवासी लुहणु-कनैता डाकघर चांदपुर तहसील सदर की शिकायत के आधार पर बस चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत में धीरज ठाकुर ने कहा है कि गत दिवस वह मोटरसाइकिल पर कंदरौर जा रहा था। जब वह चकली के पास पहुंचा तो हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसे चोटें लगीं तथा मोटर साइकिल को भी काफी नुकसान हुआ। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने बताया कि थाना सदर पुलिस द्वारा मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए 3 को चिकित्सा जांच

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि दिव्यांग व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और उनकी सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला चिकित्सा विकलांगता बोर्ड का गठन किया गया है। यह बोर्ड न्यू ओपीडी कॉम्प्लेक्स, कमरा नं. 203 क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में 3 जनवरी को प्रातः 10 बजे से दिव्यांग व्यक्तियों की चिकित्सा जांच करेगा। उन्होंने बताया कि जांच प्रक्रिया समाप्त होने के बाद लाभार्थियों को विकलांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बोर्ड में विशेषज्ञ डॉक्टरों और अधिकारियों को शामिल किया गया है, जिनमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल हैं। बोर्ड में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. परवीन कुमार अध्यक्ष होंगे। जबकि डॉ. सतीश शर्मा- बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ. ऋषि टंडन-ईएनटी विशेषज्ञ, डॉ. प्रशांत शर्मा- सर्जन, डॉ. जसपाल चौधरी- आर्थोपेडिक सर्जन, डॉ. निशांत वर्धन-नेत्र सर्जन, डॉ. नरेश चौहान-चिकित्सा तथा ज्योत्सना गौतम-क्लीनिकल मनोवैज्ञानिक बोर्ड के सदस्य होंगे। उन्होंने चिकित्सा जांच प्रक्रिया में सभी लाभार्थियों को अपने आवश्यक दस्तावेज, पहचान पत्र, और चिकित्सा से संबंधित रिपोर्ट साथ लाने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि प्रमाण पत्र जिला चिकित्सा विकलांगता बोर्ड के कम से कम दो नामित सदस्यों द्वारा प्रमाणित और अनुमोदित किए जाएंगे। यह प्रमाण पत्र इस कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी प्रारूप के अनुसार प्रदान किया जाएगा।

# पुलिस ने देर रात लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ा, सुबह वन विभाग ने दे डाली क्लीन चिट

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

वीरवार को घुमारवीं में पुलिस द्वारा लकड़ी से भरे एक ट्रक को पकड़ने और उसके बाद वन विभाग द्वारा इसे छोड़ देने के बाद इस सारे मामले ने विवाद का रूप ले लिया है। पुलिस के अनुसार उन्हें बुधवार रात को फोन के माध्यम से सूचना मिली कि घुमारवीं के वार्ड नंबर एक बड़डू के पास एक लकड़ी से भरा ट्रक खड़ा है, जिसमें अवैध रूप से लकड़ी भरी गई है।

पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रक को अपने कब्जे में लेकर वन विभाग कार्यालय के बाहर खड़ा कर इसे वन विभाग के कर्मचारियों के सुपुर्द कर दिया ताकि विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जा सके, लेकिन सुबह होते ही इस लकड़ी से भरे ट्रक को लेकर उस वक्त विवाद खड़ा हो गया जब वन विभाग द्वारा इस ट्रक को क्लीन चिट दे दी गई। जहां एक तरफ विभाग का कहना था की लकड़ी जिला हमीरपुर से लाई गई है तथा ठेकेदार के पास परमिट है और इस परमिट को जिला हमीरपुर से जारी किया है।

वहीं दूसरी तरफ सुबह होते ही भारतीय जनता पार्टी द्वारा इस ट्रक को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल कर दिया गया।

इस वीडियो में दावा किया गया है कि इस ट्रक में अवैध रूप से लकड़ी भरी जा रही है तथा इसे प्रदेश से बाहर ले जाने की कोशिश की जा रही है। वहीं वन विभाग के अनुसार अधिकारियों द्वारा मामले की जांच पड़ताल कर पाया कि इस लकड़ी का ठेकेदार के पास परमिट है, इसलिए विभाग ने इस लकड़ी के ट्रक को छोड़ने का फैसला किया, लेकिन इस फैसले के बाद दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी ने अपना कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। इस सारे मामले पर भाजपा नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र गर्ग ने विभागीय अधिकारियों पर मिली भगत का आरोप लगा दिया। उनका आरोप था राजनीतिक दबाव के चलते अधिकारियों द्वारा इस सारे मामले में लीपापोती की गई है। क्योंकि लकड़ियों से भरा यह ट्रक एक कांग्रेस नेता के रिश्तेदार का है।

मुख्यमंत्री बयान देकर स्पष्ट करते है कि लकड़ी प्रदेश से बाहर नहीं जाएगी वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस नेता गाड़ियां भर-भर कर अवैध रूप से लकड़ियां प्रदेश से बाहर ले जाने में लगे हुए है।

> इस बात के सबूत हैं कि इस लकड़ी के ट्रक को प्लासला गांव के पास भरा गया था तथा यह सारी लकड़ी दो दिन पहले ही काटी गई थी और अब विभाग राजनीति के दबाव के चलते इस मामले को दबाने में लगी हुई है। अगर विभाग द्वारा इस मामले में सही कार्रवाई नहीं की गई तो भारतीय जनता पार्टी सड़कों पर उतरकर विभागीय अधिकारियों तथा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलेगी और अवैध धंधों में संलिप्त ऐसे सभी लोगों का खुलासा किया जाएगा। एक और जहां सरकार ने प्रदेश में सभी प्रकार की लकड़ियों के कटान और उसे प्रदेश से बाहर ले जाने पर रोक लगाई हुई है वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के नेता इस अवैध धंधे में संलिप्त है। सुबह वन विभाग के उच्च अधिकारी इस मामले में कड़ी कार्रवाई तथा उचित जांच के आदेश जारी करते हैं वहीं दूसरी शाम होते ही इस अवैध धंधे को क्लीन चिट दे दी जाती है। भारतीय जनता पार्टी ऐसे सभी लोगों को बेनकाब करेगी।
>
> -राजेंद्र गर्ग (पूर्व कैबिनेट मंत्री)



जब्त किया हुआ लकड़ी से भरा ट्रक।

> पुलिस द्वारा लकड़ी से भरे एक ट्रक को जब्त किया गया था। सुबह जांच कर पाया गया कि ठेकेदार के पास लकड़ी ले जाने का परमिट है। जिसे हमीरपुर से जारी किया गया था यह लकड़ी पहले की काटी गई थी और इसलिए ले जाने का परमिट ठेकेदार के पास था, जिस पर ट्रक को छोड़ा गया।
>
> -देशराज (बीओ वन विभाग घुमारवीं)

> बुधवार देर रात पुलिस को एक फोन के माध्यम से सूचना मिली थी कि अवैध लकड़ी से भरा एक ट्रक सड़क किनारे खड़ा है। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस ट्रक को अपने कब्जे में लेकर वन विभाग के सुपुर्द कर दिया था, ताकि इस पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा सके।
>
> -चंद्रपाल सिंह (डीएसपी, घुमारवीं)

# पशुपालन विभाग बिलासपुर से भरा मल्टीविटामिन का सैंपल फेल, नोटिस

## गाय और भैंस को दिया जाने वाला न्यूट्रिसेक बोलस पाउडर चंडीगढ़ लैब में पाया गया फेल

**शुभम राही, बिलासपुर**

पशु पालन विभाग बिलासपुर से मल्टीविटामिन का भरा सैंपल गुणवत्ता की कसौटी पर खरा नहीं उतरा है। गाय और भैंस को दिया जाने वाला न्यूट्रिसेक बोलस पाउडर चंडीगढ़ लैब में फेल पाया गया है। सैंपल फेल पाए जाने पर ड्रग्स विभाग ने पशु पालन विभाग बिलासपुर को नोटिस भी जारी किया है और कुछ दिनों के भीतर विभाग से जवाब भी तलब किया गया है। नोटिस का जवाब आने के बाद ड्रग्स विभाग की ओर से नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। शुरूआती चरण में विभाग ने इन न्यूट्रिसेक बोलस पाउडर को पशुओं को न देने के कड़े आदेश भी जारी किए हैं।

आपको बता दें कि ड्रग्स विभाग बिलासपुर द्वारा कुछ माह पहले ही यह सैंपल एकत्रित किया गया था। जिसके बाद इस सैंपल को जांच के लिए चंडीगढ़ लैब में भेजा गया था। विभाग का कहना है कि अभी कई स्थानों से भी सैंपल एकत्रित किए गए हैं, जिनकी रिपोर्ट आना बाकी है। गौरतलब है कि ड्रग्स विभाग बिलासपुर द्वारा समय-समय पर कड़ी कार्रवाई की जाती है।

अभी जिला के बरमाणा क्षेत्र में एक मेडिकल स्टोर विक्रेता के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की गई थी। क्योंकि उक्त विक्रेता के पास दस्तावेज पूरे नहीं पाए गए थे। वहीं, अब विभाग की ओर से पशु पालन विभाग को भी नोटिस जारी किया गया है। जानकारी के अनुसार पशु पालन विभाग का सबसे बड़ा अस्पताल बिलासपुर मुख्यालय पर ही स्थित है। ऐसे में इन्हीं अस्पतालों में दवाईयों के सैंपल फेल पाए जा रहे हैं, तो कहीं न कहीं विभागीय अधिकारियों पर भी कई सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

जिलाभर के किसान अपने पशुओं को लेकर यहां पर पहुंचते हैं। ऐसे में पशुओं को दी जाने वाली दवाईयां ही सही न पाई जाए तो पशुओं की जान के लिए भी यह खतरा हैं। वहीं, अब देखना यह होगा कि इस अस्पताल को सैंपल फेल पाए जाने के बाद अस्पताल प्रशासन अब ड्रग्स विभाग के नोटिस का क्या जवाब देता हैं।(अनंत ज्ञान)

> ड्रग्स विभाग के अधिकारी ने छापामारी कर कुछ माह पहले भरे थे सैंपल

**अनंत ज्ञान खास खबर**

### नियमों की अवहेलना करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : दिनेश

**उधर,** इस संदर्भ में जब ड्रग्स इंस्पेक्टर बिलासपुर दिनेश शर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि पशु पालन विभाग से भरा एक न्यूट्रिसेक बोलस पाउडर का सैंपल फेल पाया गया है। इस संदर्भ में पशु पालन विभाग को नोटिस जारी किया गया है। नियमों की अवहेलना करने वालों को बिलकुल भी बख्शा नहीं जाता हैं।

# गणतंत्र दिवस पर पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी और स्काउट एंड गाइड के छात्र देंगे सलामी



बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस विभाग, नगर परिषद, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, आईपीएच और विद्युत विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

एसडीएम गौरव चौधरी ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) घुमारवीं के खेल मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10:55 बजे महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने से होगी, इसके बाद 11:00 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। समारोह में पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी और स्काउट एंड गाइड के छात्रों द्वारा सलामी दी जाएगी।

### समारोह की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने की बैठक

उप मंडलाधिकारी गौरव चौधरी ने बताया कि समारोह में देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनकी अवधि लगभग एक घंटे होगी। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और समाजसेवियों को सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। एसडीएम ने पुलिस विभाग को पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और नगर पालिका को समारोह स्थल की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारीयों को लेकर लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया गया है। एसडीएम गौरव चौधरी ने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने और समय पर तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

## बिलासपुर में कानून व्यवस्था चौपट : त्रिलोक

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने बिलासपुर में कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्व आए दिन आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं।

कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाकर वे आराम से फरार भी हो जा रहे हैं। करीब 6 माह पहले जिला मुख्यालय में दिनदहाड़े गोलीकांड की घटना हुई थी। ताजा घटनाक्रम में बंदला पंचायत में परनाली के पास एक व्यक्ति पर नए साल के पहले दिन हॉकी, डंडों व तलवारों से जानलेवा हमला किया गया है। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। चारों ओर अराजकता का माहौल है। बिलासपुर में एक ओर जहां वन, खनन, नशा व भू-माफिया पूरी तरह से सक्रिय है, वहीं दूसरी ओर आपराधिक वारदातें भी रोजमर्रा की बात हो गई है।

त्रिलोक ने कहा कि बिलासपुर में आपराधिक व असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं।

# मंगरोट में फिर से बंद किया सड़क का एक हिस्सा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

शिमला-हमीरपुर वाया जुखाला राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर राजनकांत व लोक निर्माण विभाग के बीच जमीन को लेकर चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। राजनकांत ने वीरवार को सड़क की जमीन पर अपना दावा जताते हुए मंगरोट पर पत्थर रखकर इस सड़क को एक तरफ से बंद कर दिया। जिस कारण आवागमन करने वाले वाहनों को भारी परेशानियों से जूझना पड़ा। इससे पहले भी राजनकांत इस जमीन को अपनी मां सीता शर्मा के नाम पर होने की बात कहकर इस भूमि पर बनी सड़क को बंद कर चुका है। कुछ महीने पहले तो राजनकांत ने यहां पर चारपाई लगा दी थी और उससे पूर्व वह खोखा लगाया था।

वहीं, सड़क पर पत्थर रखने की सूचना मिलने पर प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर सड़क से पत्थर हटाए तथा राजनकांत को हिदायत जारी की। बता दें कि करीब 10 दिन पहले राजनकांत ने संबंधित जमीन की निशानदेही 10 दिन में न करवाने पर सड़क को बंद करने की चेतावनी दी थी। बता दें कि गत नवंबर महीने में एसडीएम सदर की अदालत ने याचिका पर सुनवाई करते हुए दोबारा से निशानदेही करने के आदेश जारी किए थे, लेकिन अभी तक निशानदेही नहीं हो पाई है।



एक तरफ पत्थर रखकर बंद की हुई सड़क।

### मौके पर पहुंचा प्रशासन, रास्ते को खुलवाया

राजनकांत का दावा है कि 2023 में हुई निशानदेही में हाईवे की 8 बिस्वा जमीन उसकी माता सीता शर्मा के नाम निकली है। बता दें कि नवंबर, 2022 को उच्च न्यायालय के आदेश पर लोक निर्माण विभाग ने मंगरोट पर लगे राजनकांत के खोखे को हटा दिया था। इसके बाद राजनकांत बार-बार संबंधित जमीन को अपनी बताते हुए सड़क को बंद कर देता है। 14 अप्रैल, 2023 को हुई निशानदेही में राजनकांत की माता सीता शर्मा के नाम 12 बिस्वा जमीन निकली। इसमें 8 बिस्वा जमीन पर सड़क बनी हुई पाई गई। इसके बाद से राजनकांत और प्रशासन के बीच यह विवाद चल रहा है।

एसडीएम सदर अभिषेक गर्ग ने बताया कि सड़क को बाधित करने की सूचना मिलने पर तहसीलदार सदर की अगुवाई में पुलिस बल को भेजा गया था तथा सड़क पर रखे पत्थर हटा दिए हैं। हिदायत दी गई है कि कोई समस्या है, तो वह प्रशासन से बात करे। सड़क बाधित की तो प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा।

# क्रिसेंट स्कूल के मेधावी विद्यार्थी किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

क्रिसेंट पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल डियारा सेक्टर बिलासपुर में वीरवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसीपल दिनेश ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि स्वामी विवेकानंद ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूट चंडीगढ़ से अक्षय कुमार, ओंकार चंदेल, पंकज संधू विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

वहीं मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथियों ने शिक्षा की देवी मां सरस्वती जी के चित्र के आगे द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। अपने संबोधन में मुख्यातिथि ने बताया कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के रूप में एक अनमोल विरासत खोई है, जो देश के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने कहा कि वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बच्चों को उनके द्वारा अर्जित की गई साल भर की उपलब्धियों को लेकर प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित किया जाता है।

वहीं बच्चों ने जहां देश भक्ति गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर समां बाधां, वहीं हिंदी, पहाड़ी और पंजाबी गीतों पर बच्चे खूब थिरके। मुख्यातिथि ने मेधावी बच्चों को इनाम देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद ग्रुप आफ इंस्टीच्यूट चंडीगढ़ से अक्षय कुमार, ओंकार चंदेल, पंकज संधू, वाईस प्रिंसीपल उपेंद्र सिंह, अमित ठाकुर, प्रेम लता, शिखा, दीपा, लता, अंकिता, सुरेंद्रा, स्मृति, वीना धीमान आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान बच्चे प्रस्तुति पेश करते हुए

**सराहनीय** — खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 144 क्विंटल जैविक मक्की खरीदी

# मक्की का जैविक आटा अब होगा उपलब्ध

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

जिला के शहरी क्षेत्र के मक्की की रोटी खाने के शौकीनों को जल्द ही खाद्य एवं आपूर्ति विभाग मक्की का जैविक आटा उपलब्ध करवाएगा। विभाग द्वारा हिमभोग के नाम से इस आटे को उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके लिए विभाग ने जैविक मक्की को पिसाने के लिए झबोला स्थित एक आटा मिल को भेज दिया है। संबंधित मिल एक-दो दिन के अंदर संबंधित मक्की को पीस कर इसकी पैकिंग कर विभाग को सौंप देगी।

उसके बाद खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा इस आटे की पैकिंग को शहरी क्षेत्र के सस्ते राशन के डिपो को बेचने के लिए उपलब्ध करवाया जाएगा। जानकारी के अनुसार पहले चरण में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा बिलासपुर, घुमारवीं, झंडूता व श्री नयना देवी जी में इस आटे को उपलब्ध करवाया जाएगा।

### विभाग ने 50 रुपए किलोग्राम रेट किया निर्धारित

जानकारी के अनुसार जिला में विभाग द्वारा 144 क्विंटल जैविक मक्की की खरीद की गई है। विभाग द्वारा जैविक मक्की का आटा एक किलोग्राम व 5 किलोग्राम के पैक में हिमभोग आटा उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाया जाएगा।

विभागीय अधिकारियों की माने तो इस आटे की कीमत 50 रुपए प्रति किलोग्राम तय की गई है। पहली बार विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र के सस्ते डिपो में इसे उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके बाद विभाग द्वारा डिमांड के अनुसार ही संबंधित डिपो में इसे भेजा जाएगा। विभागीय अधिकारियों की माने तो ग्रामीण क्षेत्र में लोगों द्वारा मक्की की बिजाई की जाती है। जिस कारण ग्रामीण क्षेत्र में इस आटे की बिकने की संभावना कम ही है, लेकिन यदि ग्रामीण क्षेत्र से जैविक मक्की के आटे की डिमांड आएगी तो वहां पर भी विभाग द्वारा इसे उपलब्ध करवाया जाएगा। विभाग द्वारा अगले सप्ताह तक इस आटे को शहरी क्षेत्र के सस्ते राशन के डिपो में इसे उपलब्ध करवाने की योजना बनाई गई है।

> विभाग द्वारा पहले चरण में शहरी क्षेत्र के सस्ते राशन के डिपो मक्की का जैविक आटा उपलब्ध करवाया जाएगा। अगले सप्ताह से शहरी क्षेत्र के सस्ते राशन के डिपो में यह उपलब्ध करवा दिया जाएगा। इस आटे की कीमत 50 रुपए किलोग्राम निर्धारित की गई है।
>
> 
>
> -ब्रिजेंद्र सिंह पठानिया, जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक बिलासपुर।

# लैब अटेंडेंट पर कातिलाना हमला करने वाले आरोपियों पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

गत दिवस बंदला-परनाली में एक दूध प्लांट में कार्यरत लैब अटेंडेंट पर कातिलाना हमला करने वाले आरोपियों के विरुद्ध थाना सदर में हत्या का प्रयास करने सहित अन्य आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है, लेकिन मुख्य आरोपी अभी तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है।

हालांकि इस कातिलाना हमले में शामिल रहे दो लोगों को पुलिस नेथाना सदर में तलब किया है, जिसमें प्रीतम सिंह निवासी परनाली व वकिास सांख्यान निवासी जुखाला शामिल हैं। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। जबकि इस मामले में मुख्य आरोपी शशीकांत व रोहित को पुलिस अभी तक पकड़ नहीं पाई है। बता दें कि गत दिवस परनाली में स्थित दूध प्लांट में कार्यरत 32 वर्षीय रमेश कुमार निवासी डयोडिया- राम सिंहपुरा तहसील व थाना किशनगढ़ जिला जयपुर गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसका एम्स में उपचार चल रहा है। रमेश कुमार ने पुलिस को दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि गत दिवस उनके प्लांट में रूट ट्रांसपोर्टर शशीकांत बाहर से गाली-गलौज करता आया और उसके साथ मारपीट की।

प्लांट में कार्यरत अन्य कर्मचारियों ने बचाव किया तो शशीकांत ने कर्मचारी कर्ण शर्मा के साथ भी मारपीट की। आरोप लगाया कि इसके बाद वह बाहर चला गया तथा थोड़ी देर बाद 3-4 अन्य लोगों के साथ आया, इसमें रोहित निवासी जीनणू भी शामिल था। आरोपी गाली गलौज करते हुए प्लांट के अंदर आए और आते ही उस पर तलवार व हॉकी से प्राण घातक हमला कर दिया। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने बताया कि दो लोगों को थाना सदर में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। दावा किया कि अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा को लेकर दिलाई शपथ



सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ दिलाते हुए उपायुक्त।

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

जिला में 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य जिला में सड़क सुरक्षा नियमों को बढ़ावा देना है। यह बात उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर आयोजित शपथ कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि सड़क पर गाड़ी चलाते वक्त केवल सड़क सुरक्षा माह के दौरान ही ध्यान देने की जरूरत नहीं है, बल्कि किसी भी प्रकार की गाड़ी को चलाने वाले चालकों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों को जीवन में आत्मसात कर लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि नियमों को जीवनभर अपनाने के लिए उसके बारे में जानकारी रखना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस समर्पित माह के दौरान सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला, उप-मंडल, तहसील, ब्लॉक, ग्राम पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय स्तर पर सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भी सड़क सुरक्षा के संदेश दिए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सार्वजनिक परिवहन चालकों के लिए नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाए जाएंगे। परिवहन विभाग द्वारा ट्रकों और ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव शीटिंग की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। छात्रों और युवाओं को सड़क सुरक्षा पर आधारित क्विज और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### कहा-नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सड़क सुरक्षा का दिया जाएगा संदेश

उन्होंने जिला के सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कर दूसरों को भी प्रेरित करें। इस मौके पर आरटीओ राकेश कुमार कौशल के अतिरिक्त विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रक के पलटने से खड़ामुख-होली मार्ग बंद



**अनंत ज्ञान, भरमौर।** सीमेंट ट्रक के पलट जाने से खड़ामुख-होली मार्ग पिछले नौ घंटों से वीरवार शाम तक बंद रहा। बड़ी मुश्किल से छोटे वाहनों के लिए मार्ग अभी तक बहाल हो पाया है। समाचार लिखे जाने तक मार्ग नहीं खुला था। वीरवार सुबह आठ बजे के लगभग अचानक अनियंत्रित होकर सीमेंट की ये बोगी बीच सड़क ही पलट गई। गनीमत रही कि बोगी बीच सड़क ही पलट गई अन्यथा सीधे ही रावी नदी में जा गिरती। मार्ग के अवरुद्ध हो जाने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। इसमें सरकारी व निजी बसों के फंस जाने से इसमें सवार यात्रियों को कड़ाके की शीतलहर में ठिठुरना पड़ा।

### भू-नक्शा संस्करण के तहत प्रशिक्षण शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** जिला राजस्व अधिकारी जगदीश चंद ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा भूमि मानचित्रों तक आम जनता की पहुंच प्रदान करने के उद्देश्य से प्रथम नियमित भू-व्यवस्था के दौरान तैयार मुसावियों को डिजिटाइज करवाया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत वर्ष 2010 में जिला चंबा की समस्त भूमि मानचित्रों को पैन इंडिया प्राइवेट लि. के माध्यम से डिजिटाइज करवाया जा चुका है। पहले की व्यवस्था में लोगों को भूमि मानचित्र प्राप्त करने के लिए राजस्व विभाग के विभिन्न कार्यालयों में संपर्क करना पड़ता था, जिसके बाद निश्चित समयावधि उपरांत वांछित मानचित्र उपलब्ध करवाए जा सकते थे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सरकार द्वारा आम लोगों की सुविधा हेतु भू-नक्शा पोर्टल तैयार किया है जो सरकार का आधिकारिक पोर्टल है। इसके अंतर्गत मानचित्रों को डिजिटल प्रारूप में एक्सेस किया जा सकता है। भू-नक्शा पोर्टल के माध्यम से भू-स्वामी अपनी भूमि के मानचित्र डाउनलोड व प्रिंट करने में भी सक्षम हैं। मानचित्रण प्रक्रिया के सरलीकरण एवं आम जनता की पहुंच आसान बनाने के उद्देश्य से भू-नक्शा सॉफ्टवेयर के नियमित अद्यतनीकरण के अंतर्गत सरकार द्वारा भू-नक्शा संस्करण-5 आरंभ किया जा रहा है। उक्त नवीनतम संस्करण पर कार्य करने हेतु पटवारियों को प्रशिक्षित करना अनिवार्य है। निदेशालय भू-अभिलेख हिमाचल प्रदेश के निर्देशानुसार भू-नक्शा संस्करण-5 बारे जिला चंबा की समस्त तहसील / उपतहसीलों से दो-दो पटवारियों को प्रशिक्षित करने हेतु 2 से 4 जनवरी तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### हिम आंचल पेंशनर्स संघ ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के देहांत को लेकर हिम आंचल पेंशनर संघ चंबा ने गहरा शोक व्यक्त किया है। पेंशनर संघ चंबा के अध्यक्ष शिवकुमार कोहड़ा ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं अर्थशास्त्र के महानज्ञाता डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन ने हृदय को गहरी पीड़ा पहुंचाई है। उनका जाना, एक राष्ट्र के रूप में भी हमारे लिए बहुत बड़ी क्षति है। भारत विभाजन के उस दौर में अपना सर्वत्र खोकर भारत आना और यहां जीवन के हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करना, ये सामान्य बात नहीं है। अभावों और संघर्षों से ऊपर उठकर कैसे ऊंचाइयों को हासिल किया जा सकता है, उनका जीवन ये सीख भावी पीढ़ी को देता रहेगा। उनकी कमी की भरपाई होना अत्यंत असंभव सा है। इस मौके पर नरेश कुमार अतिरिक्त सचिव, मनजीत सिंह अरोड़ा कोषाध्यक्ष जिला चंबा, मदनलाल अरोड़ा प्रधान डलहौजी ( बनीखेत) इकाई ओम प्रकाश जनरल सेक्रेटरी, जेपी सुरेश ठाकुर, हेमचंद, राजकुमार शर्मा, शेर सिंह ठाकुर, रत्न चंद शर्मा, राजा, कमला देवी, विमला कुमारी, आशा, राणा ओम प्रकाश इत्यादि सदस्यों ने पूर्व प्रधानमंत्री की मौत पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए परमपिता परमेश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# विस अध्यक्ष कुलदीप ने डीएसपी ऑफिस चुवाड़ी का किया शुभारंभ

## पुलिस थाना सिंहुता का लोकार्पण कर लोगों की चिरलंबित मांग को किया पूरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने 2 जनवरी को पुलिस थाना सिंहुता व उपपुलिस अधीक्षक कार्यालय चुवाड़ी का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुलिस चौकी सिंहुता को पुलिस थाना में स्तरोन्नत करना इस क्षेत्र के लोगों की चिरलंबित मांग थी जिसके लिए प्रदेश की वर्तमान सरकार ने सत्ता में आते ही इस पर आवश्यक कार्रवाई शुरू करते हुए इसी वित्त वर्ष के दौरान न केवल सिंहुता पुलिस चौकी को पुलिस थाना में स्तरोन्नत किया, बल्कि चुवाड़ी को डीएसपी कार्यालय की सौगात भी दी।

इसके अलावा हटली में पुलिस चौकी को भी प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचित कर दिया गया है जिसे अतिशीघ्र शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जहां पूर्व में पुलिस चौकी सिंहुता में विभिन्न वर्गों के 32 पद स्वीकृत थे वहीं पुलिस थाना बनने के पश्चात यहां पर 44 पद सृजित होंगे। इसके अलावा चुवाड़ी में डीएसपी कार्यालय खुलने से वहां पर डीएसपी के अलावा लगभग पांच अन्य पद भी सृजित होंगे।



विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भविष्य की चुनौतियों के मध्य नजर प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था स्थापित करना परम आवश्यक है तथा इसी के मध्य नजर समूचे प्रदेश सहित भटियात विधानसभा क्षेत्र में भी कानून व्यवस्था में सुधार करने के दृष्टिगत पुलिस विभाग को सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपराध को रोकथाम व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस क्षेत्र में पुलिस विभाग का सुदृढ़ीकरण भविष्य में कारगर साबित होगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि शीघ्र ही चुवाड़ी तथा सिंहुता में मिनी सचिवालय भवनों का निर्माण शुरू किया जाएगा ताकि इन दोनों स्थानों पर सभी विभागों के कार्यालयों को एक ही छत के नीचे स्थापित कर क्षेत्र के लोगों को लाभांवित किया जा सके। वहीं, जोत क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। इससे पहले पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने विधानसभा अध्यक्ष का विधिवत स्वागत करते हुए सिंहुता में पुलिस चौकी को स्तरोन्नत कर पुलिस थाना बनाने तथा उपमंडल मुख्यालय चुवाड़ी में डीएसपी कार्यालय आरंभ करवाने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# कचरा प्रबंधन के लिए सीसीटीवी कैमरे व रेलिंग लगाने के निर्देश



**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने नगर परिषद चंबा के अधिकारियों को बेहतर ठोस कचरा प्रबंधन के लिहाज से विभिन्न वार्डों के तहत अति संवेदनशील स्थलों में सीसीटीवी कैमरा तथा रेलिंग लगाने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने यह निर्देश जिला पर्यावरण योजना के अंतर्गत उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। मुकेश रेपसवाल ने संबंधित अधिकारियों को कचरा प्रबंधन से संबंधित कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रसिद्ध मंजरी गार्डन तथा विभिन्न स्थानों पर ड्रैन सॉक की व्यवस्था को पुख्ता बनाए रखने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कनिष्ठ अभियंता को नगर परिषद चंबा के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण करने को निर्देशित किया। उपायुक्त ने यह भी निर्देशित दिए कि विशेष कर मोहल्ला हरदासपुर, मुगला सुल्तानपुर, तथा ओबड़ी में लोगों के घरों से एकत्रित किया गया कूड़ा –कचरा गालियों तथा सड़कों पर न पड़ा रहे। उन्होंने चंबा मुख्य बाजार में दुकानों से कचरा एकत्रीकरण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित बनाने को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्य योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए। मुकेश रेपसवाल ने नगर परिषद चंबा के अंतर्गत घरों से एकत्रित किए गए पृथक्कृत (सेग्रिगेटेड) कूड़े–कचरे की प्रतिशत की समीक्षा को लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के जिला अधिकारियों को किन्हीं दो वार्डों में सर्वेक्षण करने को कहा।

# विभाग ने भरमौर के पुराने बस स्टैंड से हेलिपैड तक बर्फ हटाई

**ओपी शर्मा, भरमौर**

भारी हिमपात के बाद भरमौर पुराने बस अड्डे से लेकर हेलिपैड मार्ग पर हुई फिसलन से लोगों को आखिर निजात मिल गई है। वीरवार को लोक निर्माण विभाग की छोटी जेसीबी ने बर्फ हटाकर इस फिसलन से लोगों को राहत पहुंचाई है।

लोगों ने मांग की थी कि इस मार्ग पर साहनू मोहल्ला, भरमौर बाजार, चौरासी मंदिर परिसर, हेलीपेड तथा बाड़ी तथा मलकोता तथा स्पेडका तथा नागरिक अस्पताल भरमौर आदि के लोग अक्सर आते जाते हैं। सबसे महत्वपूर्ण अस्पताल को आने जाने वाले मरीजों के लिए बर्फ की ये जमी परत गंभीर समस्या बनी हुई थी। चौरासी मंदिर के मुख्य गेट से अस्पताल की तरफ खड़ी चढ़ाई पर शीशे की तरह जमी बर्फ पर लोगों को फिसल कर जख्मी भी होना पड़ा है। जिस पर प्रशासन के कड़े आदेशों के बाद विभाग ने बर्फ हटा दी है। हालांकि इससे पहले



विभाग ने बर्फ के ऊपर रेत गिराकर मार्ग को लोगों के चलने योग्य बना दिया था मगर कड़ाके की शीतलहर के कारण शीशे की तरह जम चुकी बर्फ आने जाने वालों के लिए जी का जंजाल बनी हुई थी। सहायक अभियंता विशाल चौधरी ने बताया कि बर्फ के ऊपर पहले ही रेत डालकर चलने योग्य बनाया गया था, मगर शीशे की तरह बर्फ के जम जाने से अस्पताल के मरीजों को आने जाने में समस्या हो रही थी, जिसे अब हटा दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# बनीखेत के निजी होटल में मृत मिले जीएम के परिजनों ने उठाई सीबीआई जांच की मांग

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

बनीखेत के निजी होटल में कार्यरत जीएम वीरेंद्र के अंतिम संस्कार के पश्चात मृतक के परिजनों ने पत्रकारों को दिए अपने बयानों में पुलिस प्रशासन तथा प्रत्यक्षदर्शी सुभाष पर अंगुली उठाते हुए इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस जल्द से जल्द इस मामले में तेजी नहीं लाएगी, तो वे दोबारा से चक्का जाम करने से परहेज नहीं करेंगे। परिजनों को सुभाष पर पूरी तरह से शंका है कि वही इस मामले का मास्टरमाइंड है क्योंकि तीनों पुलिस वाले उसकी जान पहचान के थे और वारदात वाली रात से लेकर सुबह तक पुलिस तथा परिजनों को बातों में गुमराह करता रहा। उसने हर बार अपने बयान बदले हैं। पुलिस को जब रात को ही सूचित कर दिया गया था तो उन्होंने इस सारे मामले पर सुस्त रवैया इफ्तार करते हुए बाद दोपहर प्राथमिक की दर्ज की, जो अपने आप में ही पुलिस कार्रवाई पर कई सवालिया निशान उठाती है। परिजन वीरवार को पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव से मिले और उन्होंने इस सारे मामले पर निष्पक्ष जांच हेतु गुहार लगाई है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि वह इस सारे मामले पर उन्हें निराश नहीं करेंगे। (अनंत ज्ञान)



मृतक के पिता।



मृतक जीएम वीरेंद्र के परिजन।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

### दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ा हूं: विधायक



स्थानीय विधायक डीएस ठाकुर ने भी मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए परिवार से अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि दुख की घड़ी में वे परिवार के साथ खड़े हैं।

### इस्तीफा दें एसपी : सरीन



आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मनीष सरीन ने पुलिस अधीक्षक चंबा के इस्तीफे की मांग कर डाली। उन्होंने कहा कि जिला में हो रही कातिलाना वारदातों पर हमेशा चंबा पुलिस सुस्त रवैया ही इख्तियार करती आई है, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

# पड्डुल को बचाने और सुकोढी बस स्टॉप को बहाल करवाने के लिए की हड़ताल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पड्डुल मैदान को बचाने और सुकोढी बस स्टॉप को बहाल करवाने के लिए शुक्रवार को शहर के सेरी चाणनी परिसर में एक दिन की सामूहिक भूख हड़ताल की जा रही है। इस जन आंदोलन का हिस्सा बनकर आम लोगों का आवाहन किया गया है कि पड्डुल मैदान को बचाने व सुकोहड़ी बस स्टॉप को फिर से बहाल करवाने की मुहीम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

पन्नालाल रक्षा मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश कपूर का कहना है कि वे विकास के विरोध में नहीं लेकिन पड्डुल मैदान को बर्बाद नहीं होने देंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इनडोर स्टेडियम के विरोध नहीं है इससे युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों के साथ जोड़ने का प्रयास किया जाएगा, लेकिन पड्डुल मैदान शहर का एक ऐसा केंद्र है जहां वर्ष भर खेलों के साथ–साथ, अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव से लेकर हर छोटा–बड़ा आयोजन होता है।

शहर में पहले ही ऐसे खुले स्थानों की भारी कमी है। यदि यहां पर भी इनडोर स्टेडियम के नाम पर कंकरीट का जंगल खड़ा कर दिया गया तो भविष्य में पड्डुल का आकार सिकुड़कर छोटा हो जाएगा।

### 21 पंचायतों के ग्रामीणों की अनदेखी क्यों?

**तुंगल** क्षेत्र की 21 पंचायतों की आबादी रोजाना मंडी शहर आती है। इसमें बड़ी संख्या उन लोगों की होती है जो अस्पताल जाते हैं। पहले यह सभी सुकोढी पुल पर बने बस स्टॉप पर चढ़ते और उतरते थे। लेकिन अब इस बस स्टॉप को बंद करके एक ऐसे स्थान पर बस स्टॉप बना दिया है जो न तो सुरक्षित है और न ही सुविधाजनक है।

# बर्फबारी के बाद कार्यों में जुटे बागवान

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी ( मंडी )**

सराज घाटी में हुई बारिश और बर्फबारी किसानों–बागवानों के लिए वरदान साबित हुई है। मौसम खुलते ही किसान–बागवान अपने रुके पड़े कृषि और बागवानी कार्यों में जुट गए हैं। सराज विधानसभा क्षेत्र के पंजाई, थाची, जंजैहली, थाटा, सुधराणी, बागाचनोगी, थुनाग, बगस्याड़ सहित अन्य स्थानों में खेतीबाड़ी और बागवानी के कार्य शुरू हो गए हैं।

बारिश पर आश्रित क्षेत्रों के किसान भी गेहूं, लहसुन, मटर की बिजाई नहीं कर पा रहे थे। बारिश होने और मौसम साफ होने के बाद सभी रुके पड़े कार्यों ने गति पकड़ ली है। पंजाई से संबंध रखने वाले रोशन ठाकुर, राम कुमार, प्रकाश चंद आदि ने कहा कि अधिकांश क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी पर्याप्त नहीं हुई है। अभी और बारिश की जरूरत है। हालांकि बागवानी और कृषि के कार्य करने के लिए लोग बारिश को पर्याप्त मान रहे हैं।

वहीं बागवानी प्रसार अधिकारी नवीन ठाकुर जंजैहली ने कहा कि करीब 100 दिनों से अधिक समय से बारिश नहीं हुई थी। अब बारिश होने से बागवानों और किसानों को राहत मिली है। कई जगह बारिश और बर्फबारी अच्छी हुई। कुछ स्थानों में अभी तक सेब के लिए पर्याप्त बारिश नहीं हुई है। करीब 1500 चिलिंग आवर्स भी पूरे होने चाहिए। बागवान काट छांट के अलावा बगीचों में तौलिए, सफेदी और अन्य तरह के कार्य कर सकते हैं।

# पेयजल समस्या को लेकर पीपली के ग्रामीण पहुंचे जलशक्ति विभाग के डिवीजन कार्यालय

**आदर्श यादव, नेरचौक**

पीपली गांव के ग्रामीण पहुंचे जल शक्ति विभाग के डिवीजन कार्यालय बग्गी ग्रामीण पंचायत ट्रोह के उप प्रधान कश्मीर सिंह की अध्यक्षता में जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता से मिले जिन्होंने अपनी पेयजल की समस्या को अधिशासी अभियंता के समक्ष रखा उप प्रधान कश्मीर सिंह सहित पीपली गांव के नीलम कुमारी, बालकृष्ण शर्मा, विनय कुमारी, होशियार सिंह, गुमा शर्मा, भावना देवी, पार्वती देवी, वंदना शर्मा, पदमा देवी, प्रदीप कुमार, नंदलाल, गुरुदेव, नरेश कुमार, धनदेव,



जल शक्ति विभाग के डिवीजन कार्यालय में पहुंचे पीपली गांव के ग्रामीण।

दीनानाथ आदि का कहना है कि पीपली गांव से होकर जल शक्ति विभाग द्वारा चक्कर से नयना देवी को एक लाइन पेयजल की बिछाई जा रही है जिसका टैंक छौड–लोहारडी में बन रहा है इस टैंक से एक लाइन हवाणू गांव में बने टैंक को जा रही है जो की पीपली गांव से होकर बिछाई जा रही है।

गांव पिपली में पीने की पानी की बहुत समस्या है गांव वासी चाहते हैं कि इस योजना के अंतर्गत पानी की सप्लाई पीपली गांव को भी की जाए। लोगों ने सहमति जताई है कि वह टैंक निर्माण के लिए स्वेच्छा से जमीन देने के लिए भी तैयार है हमें अगर इस योजना में शामिल नहीं किया गया तो हवाणू गांव को जाने वाली पेयजल पाइप लाइन को बिछाने नहीं दिया जाएगा। पीपली गांव की जनता की समस्या का भी हल किया जाए।(अनंत ज्ञान)

### सूडोकु 0035

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0034 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

3 जनवरी, 2025, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** पौष, **तिथि** चतुर्थी (11:41): **नक्षत्र** धनिष्ठा (11:41), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** वज्र (12:36) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:04-12:46), **राहुकाल** (11:07 -12:25)।

### विशेष दिन

- 3 जनवरी 2025 : विनायक चतुर्थी आज।
- 04 जनवरी 2025 : पौष शुक्ल पंचमी कल।

**मेष:** सराबोर महसूस करेंगे। व्यापार में लाभ प्राप्ति के योग बनेंगे। गृह उपयोगी वस्तुएं क्रय करेंगे। विश्वसनीय व्यक्ति का सहयोग मिलेगा।

**वृषभ:** अनियमितता के कारण स्वास्थ्य प्रतिकूल हो सकता है। जीवन-साथी का प्यारा बर्ताव खुशनुमा बना सकता है। कोर्ट कचहरी के चक्कर लग सकते हैं।

**मिथुन:** आज बिजनेस में कुछ नुकसान हो सकता है। भौतिक सुख सुविधाओं की ओर रुझान बढ़ेगा। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद होंगे। शुभ समाचार मिलेंगे।

**कर्क:** आज अपने उत्साह को काबू में रखें, क्योंकि ज्यादा खुशी भी परेशानी का सबब बन सकती है। आजीविका एवं सुख के साधन जुटा पाएंगे।

**सिंह :** घर-प्रोप्र्टी लेने के लिए दिन अच्छा है। प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है। टीम की तरह काम करना आपको फायदा पहुंचा सकता है।

**कन्या :** सोच-समझकर कदम बढ़ाने की जरूरत है। जीवनसाथी के साथ यह दिन और दिनों की अपेक्षा बेहतर गुजरेगा। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप से बचें।

**तुला:** जिन्दगी के लिए अपनी सेहत और व्यक्तित्व में सुधार लाने कि कोशिश करेंगे। गलतफहमियों के कारण वैवाहिक जीवन छिन्न-भिन्न हो सकता है।

**वृश्चिक:** प्यार का इज़हार करना है तो सफलता मिलने की संभावना अधिक रहेगी। लेकिन याद रखें, जल्दबाजी या हड़बड़ाहट से बनते काम बिगड़ सकते हैं।

**धनु :** आज आपके शौर्य में वृद्धि होगी। सम्मान के अवसर प्राप्त होंगे। व्यापार में आशानुकूल लाभ होगा। जीवनसाथी से मतभेद होंगे।

**मकर :** आज नौकरी और व्यवसाय में परिश्रम से सफलता प्राप्त करेंगे। सम्बंधो में कुछ उतार-चढ़ाव की स्थिति है। किसी प्रकार के वाद-विवाद में न पड़ें।

**कुंभ :** अकेलापन महसूस करेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्ति से मेल-जोल बढ़ेगा। कला की तरफ रुझान होगा। व्यापार में नए अनुबंध होंगे। आय में वृद्धि के योग हैं।

**मीन :** करियर पर विशेष ध्यान दें। शेयर मार्केट से आपको निराशा हो सकती है। सामाजिक कार्यों में संलग्न होंगे। व्यापार में नए अनुबंध होंगे।

### उत्पाती बंदर किए काबू

**मंडी।** उपमंडल की भरौरी पंचायत के बरतो गांव में बंदरों के हमले में घायल व्यक्ति का धर्मपुर अस्पताल में उपचार चल रहा है। उसकी हालत में सुधार है। वहीं, वन विभाग ने सूचना मिलते ही बंदरों को पकड़ने के लिए गांव में टीम भेजा है। वीरवार को टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद हमला करने वाले बंदर को पकड़ लिया है।

बंदरों के हमले में घायल व्यक्ति के दोनों हाथों, बाजू और टांगों में गहरे जख्म हैं। बंदर ने व्यक्ति के साथ एक पालतू कुत्ते को भी घायल किया है।

# सीएम से मिले कांग्रेस के अनुसूचित विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, मंडी**

प्रदेश कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष की बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ के साथ किन्नौरी टोपी भी भेंट की, जिसे मुख्यमंत्री ने ब्रह्मदास का बधाई संदेश स्वीकारते हुए उन्हें भी नए साल की बधाई दी।

इस मौके पर ब्रह्मदास चौहान ने नाचन विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों, पंचायती राज की योजनाओं के बारे में फीड बैक दिया और सरकार के दो वर्ष सफल कार्यकाल की भी बधाई दी। इसके अलावा ब्रह्मदास चौहान ने सरकार के सभी कैबिनेट मंत्रियों और मुख्यमंत्री के सभी अधिकारियों राजीव कुमार, मीडिया सलाहकार नरेश चौहान, गोपाल शर्मा, कमल शर्मा आदि सभी को भी नव वर्ष की बधाई दी।



मुख्यमंत्री से मिलते हुए ब्रह्मदास चौहान।

इस मौके पर उनके साथ कांग्रेस पार्टी के प्रदेश व जिला तथा नाचन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यकर्ताओं सहित मौजूद रहे।

### निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, बाड़ी गुमाणू।** सर्व देवता सेवा समिति जिला मंडी के अध्यक्ष शिवपाल शर्मा और धर्म संघ भूतनाथ मंदिर मंडी के अध्यक्ष भीम चंद सरोच व नीरज हांडा आदि ने विधायक चंद्रशेखर के पिता के निधन पर शोक जताया है और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

**In the court of Sh. Maneesh Chaudhary (H.A.S.) Marriage officer cum-Sub Divisional Magistrate, Joginder Nagar District Mandi (H.P.)**

**In the matter of :- 1.** Vishal Rana aged about 31 years (DOB 07-03-1993) S/O Sh. Ayodhya Singh Rana Vill. Neri Kotla P.O. Chimnu Tehsil Joginder Nagar Distt. Mandi. H.P. **2.** Punita aged about 26 years (DOB 05-07-1998) D/o Sh. Ram Badan Vill. Karri Khas Sant Kabir Nagar Sikri U.P. Applicants.

**Versus**

**General Public** Respondents

Subject: Proclamation for the registration of Marriage under section 15 of special Marriage Act, 1954.

In the above noted Sh. Vishal Rana and Punita have filed an application on dated 05- 07-2024 along with affidavits in the court of undersigned under section 15 of special marriage Act, 1954 that they have solemnized their marriage on dated 09-02-2023 according to the custom & ritual of Hindu religion since from the date of marriage they are living together as Husband & wife, hence their marriage may be registered under special marriage Act, 1954.

Therefore, the general public & the parents of the applicants are hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding this marriage can file the objection personally in writing or through their legal advisor before this court on or before dated 20.01.2025 The objection received after 20.01.2025 will not be entertained and marriage will be registered accordingly.

Issued today on 21.12.2024 under my hand and seal of this court.

**Maneesh Chaudhary H.A.S**
**Marriage Officer-cum,**
**Sub Divisional Magistrate Joginder Nagar, District Mandi Himachal Pradesh. Phone No. 01908 223895.**

# जड़ोल में दो दिवसीय कबड्डी टूर्नामेंट शुरू

**अनंत ज्ञान, जड़ोल**



युवा स्पोर्ट्स क्लब जड़ोल द्वारा दो दिवसीय कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट के पहले दिन तीन जिलों के अंडर–17 खिलाड़ियों की 13 टीमों ने भाग लिया। वीरवार को एसडीएम सुंदरनगर अमर सिंह नेगी ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त की।

इस मौके पर युवा स्पोर्ट्स क्लब जड़ोल व एसएमसी राजकीय माध्यमिक पाठशाला जड़ोल द्वारा कुछ मांगें रखी गई। मांगों में फुटब्रिज, पैदल पथ और खस्ताहाल स्कूल की दीवार को दुरुस्त करवाने की मांग की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में व्यापार मंडल का पूर्ण सहयोग रहा।

आयोजक रवि ठाकुर ने बताया कि ऐसे आयोजक करवाने का एकमात्र उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित करना और नशे की प्रवृत्ति से दूर रखना है। शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के सीनियर खिलाड़ियों की टामें भाग लेंगी।

# वार्षिक समारोह में नवाजे मेधावी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



मेधावियों को सम्मानित करते हुए पूर्व सीपीएस।

सुंदरनगर उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ध्वाल में गुरुवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्यातिथि पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर ने शिरकत की मुख्यतिथि का कार्यक्रम में पधारने पर स्कूल प्रधानाचार्या, स्टाफ सदस्यों, विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों ने बड़ी गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया।

प्रधानाचार्या ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से अवगत करवाया। मुख्यतिथि सोहन लाल ठाकुर ने अपने संबोधन में स्कूल प्रबंधन और समस्त स्टाफ सदस्यों और अभिभावकों को वार्षिक समारोह के आयोजन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वार्षिक समारोह के अंत में सोहन लाल ठाकुर ने बच्चों को अपने कर कमलों से पुरस्कृत किया और स्वेच्छा से 11 हजार की राशि भेंट की। इसके साथ साथ स्कूल प्रबंधन की मांग पर स्कूल में परीक्षा भवन और स्कूल गेट के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। इस अवसर पर मुख्यतिथि के साथ कई गणमान्य लोगों के साथ स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

जीत और हार जीवन का एक हिस्सा है, जिसे समानता के साथ देखा जाना चाहिए। –अटल बिहारी वाजपेयी

## संपादकीय

# बिजली सब्सिडी का परित्याग

हिमाचल में सत्तासीन कांग्रेस सरकार साल 2027 तक प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाना और साल 2032 तक राज्य को नंबर वन प्रदेश का तमगा दिलाना चाहती है। सरकार ने बाकायादा संकल्प भी लिया है। इसी मकसद से सरकार कई परिवर्तकारी और साहसिक फैसले ले रही है। आर्थिक बदहाली से जूझ रहे हिमाचल को सीएम सुक्खू पटरी पर लाने के लिए नित नए प्रयासों में जुटे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने अपने नाम पर लगे पांच बिजली मीटरों की सब्सिडी छोड़ दी है। निश्चित रूप से उनका यह फैसला कई मायनों में उचित प्रतीत होता है। उनकी देखादेखी में पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर विक्रमादित्य सिंह सहित मंत्रिमंडल के सभी मंत्रियों ने भी सब्सिडी छोड़ी दी है। साथ ही कांग्रेस सरकार अब प्रदेश को इस आर्थिक संकट से उबारने के लिए जनता को मिल रही बिजली सब्सिडी छोड़ने की अपील भी कर रही है। हिमाचल में फिलहाल 125 यूनिट तक बिजली पर सब्सिडी दी जा रही है। यह सब्सिडी पूर्व भाजपा सरकार के समय से चली आ रही है। हालांकि, कांग्रेस ने चुनाव से पहले 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा किया था, लेकिन अब जबकि प्रदेश गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है तो ऐसे में सरकार के लिए मुफ्त बिजली सप्लाई करना आसान नहीं होगा, इसीलिए तो सीएम ने अपने बिजली मीटरों की सब्सिडी छोड़ी ताकि वह एक उदाहरण प्रस्तुत कर सकें तथा उसी के बूते जनता को भी सब्सिडी छोड़ने के लिए प्रेरित कर सकें।

निश्चित रूप से भाजपा ने सीएम के इस फैसले को अब मसला बना लिया है। वह कांग्रेस को एक बार फिर घेरने में जुट गई है। मुख्यमंत्री दावा कर रहे हैं कि इससे प्रदेश बिजली बोर्ड को 200 करोड़ का फायदा होगा। बिजली बोर्ड पहले से ही घाटे में चल रहा है, जबकि पूर्व में बिजली बोर्ड सरकार का कमाऊ पूत होता था, लेकिन जबसे लोगों को मुफ्त बिजली दी जा रही है यह कमाऊ पूत खुद संकट में आ गया है। उसे अब अपना घाटा पूरा करना भी मुश्किल हो गया है। प्रदेश के साधन संपन्न लोग स्वेच्छा से इस सब्सिडी को छोड़ दें, तो जरूरतमंद लोगों को लाभ अवश्य मिलेगा। इच्छुक बिजली उपभोक्ता हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड के विभिन्न माध्यमों से इस सब्सिडी का परित्याग कर सकते हैं। वह चाहें तो बोर्ड के ऑनलाइन पोर्टल 1100 या 1912 नंबर पर फोन करके तथा अपने निकट के विद्युत उपमंडल में जाकर सब्सिडी का परित्याग कर सकते हैं। भाजपा बेशक कांग्रेस को घेरने में लगी रहे, लेकिन हकीकत यह यह है कि राज्य की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है। बीते दो साल में हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने 28 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लिया था और इनमें पुराने कर्ज को चुकाने के साथ कर्ज की मूल रकम पर ब्याज भी चुकाया दिया गया है। इन आंकड़ों को देखकर यह भरोसा करना पड़ेगा कि कांग्रेस सरकार पर ज्यादा वित्तीय बोझ नहीं है और अगर जनता सरकार का साथ दे तो हालात और भी अच्छे हो सकते हैं। हिमाचल प्रदेश का जीएसटी कंपनसेशन जून 2022 से बंद है।

राजस्व अनुदान घाटा भी हर साल कम हो रहा है। ऐसे में राज्य सरकार आर्थिक अनुशासन की तरफ आगे बढ़ रही है। भले ही पिछली सरकार ने आर्थिक अनुशासन की ओर ज्यादा ध्यान न दिया हो, लेकिन इतना तह है कि यह सरकार आर्थिक अनुशासन कायम कर रही है। केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश सरकार को उसका अधिकार देना है। पोस्ट डिजास्टर नीड एसेसमेंट फंड के साथ अन्य वित्तीय मदद केंद्र सरकार के पास लंबित है। यह फंड प्रदेश सरकार को मिल जाता है तो सरकार की परेशानी काफी हद तक हल हो जाएगी। प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह अपनी आर्थिकी बढ़ाने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करे तथा पर्यटन को बढ़ावा दे। पर्यटन एक ऐसा उद्योग है कि जिसके बूते सरकार को अच्छी खासी कमाई हो सकती है। प्रदेश में शिमला, मनाली, धर्मशाला, और डलहौजी जैसे मशहूर पर्यटन स्थल विकसित किए जाने चाहिए। पर्यटन सुविधाओं का विकास भी बेहद जरूरी है। होटल, रेस्तरां, ट्रांसपोर्ट सेवाएं एकदम चकाचक होनी चाहिए तभी बाहरी पर्यटक प्रदेश में आने के लिए लालायित होगा। कृषि उत्पादन में वृद्धि करना भी श्रेयस्कर रहेगा। पशुपालन विकास करना चाहिए। उद्योगों की स्थापना करनी चाहिए ताकि रोजगार के अवसर पैदा हों और आय बढ़े तथा व्यापार को बढ़ावा देना चाहिए। सड़कों का विकास, बिजली और पानी तथा संचार सुविधा जैसे बुनियादी ढांचे का विकास भी सरकार की आर्थिकी को बूस्ट दे सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# बालिका विद्यालय की पहली प्रधानाचार्या

**सावित्रीबाई** फुले भारत के पहले बालिका विद्यालय की पहली प्रधानाचार्या और पहले किसान स्कूल की संस्थापिका थीं। महात्मा ज्योतिबा को महाराष्ट्र और भारत में सामाजिक सुधार आंदोलन में एक सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति के रूप में माना जाता है। उनको महिलाओं और दलित जातियों को शिक्षित करने के प्रयासों के लिए जाना जाता है। ज्योतिराव, जो बाद में ज्योतिबा के नाम से जाने गए, सावित्रीबाई के संरक्षक, गुरु और समर्थक थे। सावित्रीबाई ने अपने जीवन को एक मिशन की तरह से जीया। जिसका उद्देश्य था विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाना। वे एक कवयित्री भी थीं। उन्हें 'मराठी की आदिकवयित्री' के रूप में भी जाना जाता था। इनके पिता का नाम खन्दोजी नेवसे और माता का नाम लक्ष्मी था। सावित्रीबाई फुले का विवाह 1840 में ज्योतिबा फुले से हुआ था। 1848 में पुणे में अपने पति के साथ मिलकर विभिन्न जातियों की नौ छात्राओं के साथ उन्होंने एक विद्यालय की स्थापना की। एक वर्ष में सावित्रीबाई और महात्मा फुले पांच नए विद्यालय खोलने में सफल हुए। तत्कालीन सरकार ने इन्हें सम्मानित भी किया। एक महिला प्रिंसिपल के लिए सन 1848 में बालिका विद्यालय चलाना कितना मुश्किल रहा होगा। सावित्रीबाई फुले उस दौर में न सिर्फ खुद पढ़ीं, बल्कि दूसरी लड़कियों के पढ़ने का भी बंदोबस्त किया। प्लेग के कारण सावित्रीबाई फुले का निधन हो गया। प्लेग महामारी में सावित्रीबाई प्लेग के मरीजों की सेवा करती थीं। एक प्लेग के छूत से प्रभावित बच्चे की सेवा करने के कारण इनको भी छूत लग गई। ■



सावित्रीबाई फुले
**जन्म** : 3 जनवरी, 1831
**मृत्यु** : 10 मार्च, 1897

## कविता

# लम्हा जिंदगी का फिर घटा



डॉ. कमल के.'प्यासा'

*उधर पलड़ा उम्र का लुढ़क गया।*
*कुछ इधर कुछ उधर यादें बाकी रह गई,,,,, !*
*साथ-साथ कुछ चले कुछ रास्ते में बिछड़ गए*
*खुशनसीब नए मिले नाराज कुछ जुदा हुए*
*कुछ खुशी-खुशी आ गले मिले,,,,, !*
*बेवजह जो जुदा हुए मुंह फूला के चल दिए क्या वक्त है*
*वो अंजान बन के चल दिए कुछ मिलने को तरस गए,,,, !*
*कुछ अब भी बेताब हैं कहीं विदाई का इंतजार है*
*कौन गलत कौन ठीक है सबका अपना ही रफीक है*
*2024 कैसे कहें अलविदा आने वाला भी 2025 भी*
*तो तौफीक है,,,,,, !*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# लोकजीवन में गाय की अनुपम महिमा



काल से ही पहाड़ी लोग जीवन में गाय की अनुपम महिमा है। पालतू पशुओं में सर्वश्रेष्ठ गाय को गो माता की संज्ञा दी गई है। गो माता के शरीर में अट्ठासी करोड़ देवी-देवताओं का बास माना गया है। धार्मिक शास्त्रों में गाय के दान को सर्वाधिक पुण्य तथा गो हत्या को महापाप बताया गया है। लोकाचार में गाय, गंगा, गीता व गायत्री का बराबर का महत्व दिया गया है। ऐसा भी माना जाता है कि गंगा मैय्या का उद्गम गोमुख से हुआ है।

गाय और गंगा की झूठी कसम खाना भी महापाप समझा जाता है। मनीषियों के आश्रमों की भी शोभा रही गाय का गोबर और गोमूत्र औषधीय गुणों से परिपूर्ण माना गया है। मनुष्य के जन्म से लेकर मरणोपरांत तक गाय पूजनीय रहती है। लोकधारणा के मुताबिक यदि मृत्यु शैय्या पर पड़े किसी व्यक्ति के हाथ में गाय की पूंछ पकड़ा दी जाती है। मृत्यु के बाद वह प्राणी वैतरणी नदी पार करके बैकुंठ गामी हो जाता है। अर्थात गांव से आसानी से बेहतर निकला देती है। भगवान श्री कृष्ण का गो-प्रेम सर्व विदित ही है तथा धर्म शास्त्रों में इसका विशेष उल्लेख मिलता है। श्रीकृष्ण की लीला स्थली गोकुल वह गोवर्धन पर्वत की व्याख्या का प्रसंग कहीं न कहीं गोधन से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है। श्रीकृष्ण ने बाल-सखाओं के साथ गाय चराई। गाय बछड़े उनके अंग संग रहते थे। श्रीकृष्ण की मनमोहक बंसरी की धुन पर सारी गउएं उनके इर्द-गिर्द एकत्रित हो जाती थी। गाय पालक होने के कारण उन्हें 'गोपाल' भी कहा गया है। बताया जाता है कि गोकुल में गउओं की अधिक संख्या होने के कारण दूध दही की कोई कमी नहीं थी।



लेखक : रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

श्रीकृष्ण और उनके बाल-सखा गोकुल वासियों का मक्खन हुआ दहीं चुरा कर खाया करते थे। इसलिए उनको 'माखन चोर' भी कहा गया है। लोक जीवन में भगवान श्रीकृष्ण व गाय को लेकर अनेक रचनाकारों ने लोकवाणी में कई भजनों की रचना की। उक्त कीर्तन व भजनों में गाय की महिमा का विस्तृत वर्णन मिलता है। एक भजन की बानगी निम्न प्रकार से है-'छोटी छोटी गईया छोटे छोटे ग्वाल, छोटा सा मेरा मदन गोपाल, क्या खाए गउएं, क्या खाए ग्वाल, क्या खाए मेरा मदन गोपाल, घास खाए गउएं, दूध पीवे ग्वाल, माखन खावे मेरो मदन गोपाल एक अन्य भजन में गाय का वर्णन इस प्रकार से है-'गंगा उतर पहाड़ा ते आइया ओह, कच्चा दूध पी ले राधिके नहीं पीना नहीं पीना, ओह मेरे रूठी जांदे मदन गोपाल।' प्रख्यात शक्तिपीठ श्री नैना देवी जी के प्रकट होने की किदवंती भी गाय से जुड़ी बताई जाती है। कहा जाता है कि नयना नामक एक गुज्जर पहाड़ पर अपनी गउएं चराने ले जाया करता था। उसकी एक बछड़ी जिसने अभी बच्चे को जन्म नहीं दिया था, वह प्रतिदिन पहाड़ की ऊंची टेकरी पर झाड़ियों में चली जाती तथा कुछ देर बाद वापस अपने झुंड में शामिल हो जाती थी। कई दिनों तक या घटना घटित होती रही।

एक दिन नयना गुज्जर ने उस बछड़ी का पीछा किया। वह सामने का दृश्य देखकर दंग रह गया। उसकी बछड़ी पत्थर की एक पिंडी पर अपने स्तनों से दूध धारा डाल रही थी। उस अद्भुत घटना की चर्चा पूरे क्षेत्र में जंगल की आग की तरह फैल गई। माता भगवती ने गुर्जर को दर्शन दिए तथा उस स्थान पर मंदिर बनाने को कहा। बताया जाता है कि नयना नामक गुज्जर नाम के नाम पर ही मां श्रीनयना देवी का नाम पड़ा। ऐसी लोक मान्यता है। गो माता वैदिक काल से ही पूजनीय रही है। धार्मिक यज्ञ में गाय के गोबर से की गई लिपाई से यज्ञ स्थल की शुद्धता मानी जाती है। इसके दूध-दही के बिना कोई यज्ञ संपन्न ही नहीं माना गया है। गाय के शरीर में सभी देवताओं का बास होता है। गाय के साथ ही बछड़े या बैल भी पूजनीय माने जाते हैं। उनको शिव वाहन नंदी के रूप में पूजा जाता है। इसलिए शिव मंदिर स्थापित मूर्ति के साथ ही नंदी की भी पूजा होती है। धार्मिक आस्था रखने वाले लोग गाय के नाम से व्रत भी रखते हैं।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

गोदान को सर्वश्रेष्ठ दान माना गया है। लोक मान्यता के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान के दौरान प्याज और लहसुन का उपयोग निषेध होता है। इसके पीछे भी गाय का प्रसंग जुड़ा हुआ माना जाता है। बताया जाता है कि वैदिक काल में जमादग्नि ऋषि एक यज्ञ करना चाहते थे। ऋषि ने यज्ञ में शामिल होने के लिए ऋषि-मुनियों के साथ ही अपने साडू राजा सहस्त्रार्जुन को भी निमंत्रण भेजा। ऋषि जमदग्नि की पत्नी रेणुका और सहस्त्रार्जुन की पत्नी सगी बहनें थी। कामधेनु के आगमन के साथ ही ऋषि जमदग्नि के आश्रम में यज्ञ शुरू हुआ। कामधेनु के कारण यज्ञ में किसी तरह की कमी नहीं रही। इस चमत्कार को देखते हुए सहस्त्रर्जुन ने ऋषि से कामधेनु मांग कर दी। लेकिन ऋषि ने उसे देवराज इंद्र की अमानत बताते हुए मना कर दिया। सहस्त्रार्जुन उसे बलपूर्वक ले जाने लगा, लेकिन वह उसमें सफल नहीं हो पाया। कामधेनु हवा में उड़ गई। सहस्त्रार्जुन ने उस पर तीखे तीरों से हमला किया। कामधेनु के स्तनों से दूध व खुरों से रक्त की बूंदें जमीन पर पड़ी। धार्मिक मान्यता के अनुसार दूध की बूंदों से लहसुन व रक्त की बूंदों से प्याज की उत्पत्ति हुई। सिद्ध बाबा बालक नाथ की तपोस्थली शाह तलाई का इतिहास भी रत्नों मैया की गउओं से जुड़ा माना गया है।

जंगल में गउओं को चराने के साथ ही बालकनाथ भगवान शिव की आराधना भी किया करते थे। बदले में रत्नों मैय्या उन्हें मक्की की रोटियां और छाछ का कटोरा दिया करती थी। बताया जाता है कि एक दिन बालक तपस्या में लीन था तथा गउओं के झुंड ने किसानों के खेत उजाड़ दिए। किसानों ने मैय्या से इसकी शिकायत कर दी। मैय्या ने किसानों की शिकायत पर बालक को लताड़ते हुए कहा कि मैंने बारह वर्षों तक तुझे रोटियां और लस्सी खाने को दी, लेकिन तूने ठीक तरह से गाउओं की सुध नहीं ली। बालक नाथ ने रत्नों को समझाते हुए कहा कि गउओं ने किसी किसान का नुकसान नहीं किया। मैय्या को उसकी बातों पर विश्वास नहीं हुआ। सच्चाई जानने के लिए बालक रत्नो मैय्या और किसानों के साथ मौके पर पहुंचे। वहां जाकर देखा तो किसी प्रकार का नुकसान नहीं पाया गया था। इस अचंभे से मैय्या और किसान अचंभित थे। बालक ने मैय्या से कहा कि अब उनका यहां रहने का समय पूरा हो चुका। इसके साथ ही उन्होंने अपना चमत्कार दिखाना शुरू कर दिया। बालक ने बरगद के वृक्ष पर चिमटा मारा। वृक्ष से रोटियों के ढेर लग गए और फिर उन्होंने धरती पर चिमटा मारा। देखते ही देखते छाछ भी तालाब के रूप में परिवर्तित हो गई। हर ओर रोटी और छाछ ही नजर आने लगी। तब तक बालक ने अपनी पूर्ण सिद्धि प्राप्त करते हुए सिद्ध बालक बाबा बालकनाथ हो गए। उन्होंने रत्नो मैय्या से कह दिया कि यह लो मैय्या अपनी बारह बरस की रोटियां व लस्सी, यह कहते हुए बाबा बालकनाथ ने गउओं को मैय्या को संभाला और अपने वाहन मोर पर सवार होकर गंतव्य की ओर चल दिए। गर्मियों के दिनों में जब हरे चारे की कमी होती है तब अन्य दुधारू पशुओं की अपेक्षा गाय अधिक दूध देती है। समय परिवर्तन के साथ ही खेती का काम ट्रैक्टरों से किया जाने लगा है। कुछ लोग गाय और बैलों को सड़कों पर खुले छोड़ देते हैं जिन्हें बेसहारा पशुओं के नाम से जाना जाता है या एक सामाजिक कलंक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# संभल : इतिहास के पन्नों से जीवंत होती हिंदू धर्म की विरासत

पश्चिमी उत्तर प्रदेश का संभल जिला आजकल लाइमलाइट में हैं। देश-विदेश सभी जगह संभल की चर्चा चल रही है। ऐसा लग रहा है कि पूरा संभल ही ऐतिहासिक धरोहर पर बैठा हो और जिसे मुगल काल में बेरहमी से 'कुचला' गया हो। दरअसल, आज का मुस्लिम बाहुल्य संभल हमेशा ऐसा नहीं था।



लेखक : सुशांत अमन
चंदौसी, संभल

पिछले कुछ दशकों में यहां हिंदुओं की जनसंख्या काफी तेजी से कम हुई है। इसके पीछे की मुख्य वजह यहां दंगों का इतिहास रहा है, जिसमें सैकड़ों हिंदुओं को समय-समय पर जान से हाथ धोना पड़ चुका था, लेकिन किसी सरकार ने इसकी सुध नहीं ली, परिणामस्वरूप यहां से बड़ी संख्या में भयभीत हिंदुओं ने पलायन कर लिया। यह विष्णु के दसवें और अंतिम अवतार कल्कि का कथित जन्म स्थान है। हिंदू शास्त्रों के अनुसार, कल्कि कलयुग (अंधकार का युग) को समाप्त करने के लिए संभल में प्रकट होने वाले हैं।

वर्ष 2024 की शुरुआत में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां भव्य कल्कि धाम का शिलान्यास और 'राम राष्ट्र' का आह्वान किया था। दावा यह किया गया था कि कल्कि का अवतार हजारों वर्षों के भविष्य का निर्धारण करेगा। खैर, साल के शुरू में भगवान विष्णु के आखिरी अवतार कल्कि महाराज के संभल में प्रकट होने की बात कही जा रही थी, तो साल का अंत आते-आते कुछ हिंदू पक्षकारों द्वारा दावा किया जाने लगा कि संभल की जामा मस्जिद भगवान कल्कि को समर्पित एक मंदिर के



खंडहरों पर बनाई गई थी। मामला स्थानीय अदालत में पहुंचा और याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया गया है कि 1526-27 में बाबर के आक्रमण के दौरान मंदिर को नष्ट करने के बाद मस्जिद का निर्माण किया गया था।

सबूत के तौर पर कहा गया कि बाबरनामा और अकबरनामा जैसे ऐतिहासिक ग्रंथ बाबर की ओर से मंदिर के विनाश का दस्तावेजीकरण करते हैं। कोर्ट ने इस पर सर्वे का आदेश दे दिया, जिसकी परिणीति 24 नवंबर 2024 को संभल में हुए दंगे के रूप में हुई, क्योंकि जामा मस्जिद के पैरोकार यह बात मानने को तैयार नहीं थे कि उनकी मस्जिद किसी मंदिर के ऊपर बनाई गई है, इसीलिए सर्वे टीम जब 24 तारीख को सर्वे करने के लिए जामा मस्जिद पहुंचे तो शहर में पुलिस और मुस्लिम आमने-सामने आ गए, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई। जामा मस्जिद बनाम कल्कि मंदिर का विवाद थमा भी नहीं था कि कुछ दिनों बाद यहां अतिक्रमण हटाये जाने के दौरान मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में प्राचीन मंदिर मिलने के बाद एक बार फिर संभल देशभर में सुर्खियों में आ गया। दरअसल, जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद प्रशासन की टीम इलाके में बिजली और अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चला रही थी। इसी अभियान के दौरान 14 दिसंबर को खग्गू सराय इलाके में प्रशासन को एक प्राचीन मंदिर मिला, जो करीब 50 सालों से बंद पड़ा था। यह कार्तिकेश्वर महादेव का मंदिर था। मंदिर में शिवलिंग के अलावा हनुमान की मूर्ति थी। राजा चंद्र विजय सिंह ने कहा कि हम ये चाहते हैं कि पुरातत्व विभाग इसे अपनी सुपुर्दगी में ले और उसका जीर्णोद्धार करे, ताकि यह चंदौसी वासियों के लिए एक अच्छा पर्यटन स्थल बने। बेबी राजा ने बताया कि बावड़ी के बारे में उन्होंने सुना था, लेकिन ये नहीं मालूम था कि यहां दबी है। वहां जो कृष्ण निवास करके कोठी थी। वहां एक पत्थर भी लगा है। जिस पर कृष्ण निवास लिखा है। उसी कोठी परिसर में यह बावड़ी बनी है। प्रशासन पुराने रिकॉर्ड खंगाले तो सच सामने आ जाएगा

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**केंद्र** सरकार ने स्कूल शिक्षा सुधारों की ओर बड़ा कदम उठाते हुए नो डिटेंशन पॉलिसी हटा दी है। अभी तक यह नियम था कि पांचवीं और आठवीं क्लास तक बच्चों को स्कूल द्वारा पास किया जाना जरूरी था। बच्चा अगर फेल भी होता है तो भी उसको डिटेन नहीं किया जाएगा। उसको आगे की कक्षा में प्रमोट किया जाएगा। इस नियम से अधिकतर बच्चे पढ़ाई में मेहनत नहीं करते थे और आगे नौवीं और दसवीं की कक्षा में जाने पर उनको परेशानी का सामना करना पड़ता था। अभिभावक भी बच्चों की पढ़ाई पर थोड़ा कम ध्यान देते थे, क्योंकि उनको भी यह रहता था कि बच्चा नहीं पढ़ेगा, तब भी स्कूल को पास तो करना ही है। उनके मन में यह बात जरूर रहती थी कि जब सरकार का नियम ही है कि बच्चों को आठवीं तक पास करना ही है तो फिर ज्यादा चिंता करने की क्या जरूरत है। अब नो डिटेंशन पॉलिसी खत्म होने से बच्चों और अभिभावक दोनों की पढ़ाई के प्रति गंभीरता बढ़ेगी। इसके अच्छे परिणाम आएंगे। **अनिकेत, रैत**

# व्यस्तता छोड़ खूनी रिश्तों को बचा लीजिए कहीं देर न हो जाए

व्यस्तता तो कभी खत्म नहीं होती। खूनी रिश्तों को बचा लीजिए, कहीं देर न हो जाए, बाद में पछताना पड़ेगा। व्यस्तता के कारण रिश्तों में आ रही दूरियों को खत्म करना होगा, बढ़ती खाइयों को पटना होगा, ताकि रिश्ते अटूट बने रहें। रिश्तों को बरकरार रखना होगा। आभासी दुनिया से बाहर निकलना होगा। आभासी दुनिया ने खूनी रिश्ते छीन लिए हैं। रिश्तों को बचाना होगा। प्रत्येक मानव व्यस्त है किसी के पास समय ही नहीं है, हालांकि हर आदमी के चौबीस घंटे होते हैं, लेकिन कौन मानव उनका कितना सदुपयोग करता है या दुरुपयोग करता है यह मानव पर् निर्भर है।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

आभासी दुनिया ने सबको व्यस्त कर दिया है समय का दुरुपयोग करने वालों को इससे कोई सरोकार नहीं होता, लेकिन जो समय का सदुपयोग करता है उसे समय की कीमत पता होती है कि एक एक मिनट की कितनी वैल्यू होती है, लेकिन वर्तमान परिवेश में मानव की अनावश्यक व्यस्तता इतनी बढ़ गई है कि 24 घंटे भी कम होने लगे हैं। व्यस्तता ही व्यस्तता हो गई है किसी के लिए एक मिनट का समय नहीं है। व्यस्तता ने कई खूनी रिश्ते छिन लिए हैं। रिश्तों को बचाना होगा। आज लोगों के पास सही कार्यों के लिए वक्त नहीं है, जबकि फालतू कार्यों के लिए समय कम पड़ रहा है।

इंसान इंटरनेट की नाटी में नाच रहा है। दूसरों को इग्नोर कर रहा है मतलब हो तो समय ही समय है अगर मतलब नहीं है तो एक मिनट का समय नहीं है। आज लोग इतने व्यस्त हो गए हैं कि खाना खाने का समय नहीं हैं। एक समय था कि सबको समय दिया जाता था, लेकिन अब तो लोगों के पास एक मिनट का समय नहीं होता है। गैरों के लिए समय ही समय होता है,



लेकिन अपनों को इग्नोर किया जाता है यह ट्रेंड बढ़ता ही जा रहा है। कुछ लोग तो इंटरनेट को ही सब कुछ मानते हैं पड़ोसी को भी इंटरनेट पर् ही सर्च करते हैं। आस पड़ोस का पता नहीं है, लेकिन दोस्त विदेशों में है पड़ोसी के लिए एक मिनट का समय नहीं होता, लेकिन अजनबी से घंटों बातचीत होती है।

आज लोग इतने व्यस्त हो गए हैं कि समय कम पड़ने लगा है। अपनों के लिए समय ही नहीं होता। फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम पर अजनबी लोगों को पैसा दे रहे हैं और ठगे जा रहे हैं। अपनों को एक रुपया देने से भी परहेज करते हैं पैसा देने से पहले हजारों बार सोचेंगे। खूनी रिश्तों में बिखराव एक त्रासदी है। रिश्तों को बचाना चाहिए, मुश्किल व मुसीबत में अपने ही काम आते हैं, आभासी दुनिया के लोग तमाशा देखते हैं। आभासी दुनिया नहीं थी तब रिश्तों में मिठास होती थी, लेकिन अब लोग आभासी दुनिया को ही सब कुछ मान बैठे हैं। क्या खाया एक सेकंड में व्हाट्सएप व फेसबुक पर स्टेटस डाला जाता है।

पहले यह सब नहीं था तो रिश्ते मजबूत थे। एक दूसरे क़े दुःख दर्द में साथ देते थे, लेकिन आज औपचारिकता ही निभा रहे हैं रिश्तों में औपचारिकता नहीं होती सच्चे मन से साथ देना चाहिए, ताकि रिश्ते कभी न टूट पाएं और सदैव बने रहें। अक्सर देखा गया है कि आज लोग बाहरी व विदेशी लोगों से मित्रता करना बड़ी शान समझते हैं, लेकिन जब लुटे जाते हैं तब होश ठिकाने आते हैं। अपना खून अपना ही होता है अपनों को समय दीजिए अपनों को नाराज मत कीजिए, आभासी दुनिया चार दिन ही चलती है, जबकि रिश्ते ताउम्र चलते हैं।

अपनों का साथ दीजिए उनका सहयोग कीजिए, तभी रिश्ते बच सकते हैं रिश्तों को तोड़ना आसान है जोड़ना बहुत ही मुश्किल होता है। आज अपनों को गिराया जाता है और गैर को गले लगाया जाता है। रिश्तों में कड़वाहट आती जा रही है। छोटे छोटे स्वार्थ से रिश्तों में शत्रुता पैदा हो रही है। रिश्तों में स्वार्थ नहीं होना चाहिए, बल्कि स्वार्थ से ऊपर उठकर रिश्तों को निभाना चाहिए। गिले शिवके खत्म करने चाहिए, ताकि रिश्तों में मिठास बनी रहे। व्यस्तता के बावजूद रिश्तों के लिए समय दीजिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल निर्माता की जन्मस्थली को नहीं मिली ऐतिहासिक पहचान

जैसा कि हम सभी को मालूम है कि हिमाचल की स्थापना और पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए स्व डॉ. यशवंत सिंह परमार जी की सबसे बड़ी भूमिका रही थी, डॉ. यशवंत सिंह परमार जी के व्यक्तित्व पर जितना लिखा जाएं समझा जाएं और पढ़ा जाएं शायद कम होगा, जिनका संपूर्ण जीवन हम सभी प्रदेशवासियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के बागथन के पास (चन्हालग) गांव में जन्मे डॉ. यशवंत सिंह परमार की सादगी का हर कोई कायल था। चार अगस्त 1906 को जन्मे डॉ. यशवंत सिंह परमार ने पूरे हिमाचल को अपना घर समझा और पूरे प्रदेश में एक समान विकास करवाया। 1928 में लखनऊ से बीए ऑनर्स करने के बाद उन्होंने एमए, एलएलबी तथा समाजशास्त्र में पीएचडी की। डॉ. परमार के अथक प्रयासों के बाद 15 अप्रैल 1948 को 30 रियासतों के विलय के बाद हिमाचल प्रदेश अलग राज्य बना। डॉ. परमार राजनीति में आने से पहले 1930 से 1937 तक सब जज और मजिस्ट्रेट रहे। 1937 से 1941 तक सिरमौर रियासत में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में कार्य किया। वे सुकेत आंदोलन, ऑल इंडिया पीपुल्स कॉन्फ्रेंस और प्रजामंडल प्रधान एसोसिएशन से भी जुड़े रहे।

1952 से 1956 तक पहली बार डॉ. यशवंत सिंह परमार जी प्रदेश के मुख्यमंत्री बने तत्पश्चात 1963 से 1977 तक डॉ. यशवंत सिंह परमार प्रदेश के मुख्यमंत्री बने, यहां देखने एवं समझने वाली बात यह भी है कि जिस परमार ने हिमाचल को बनाने और पूर्ण राज्य का दर्जा प्रदान करने में सबसे बड़ी भूमिका अदा की वर्तमान में उन्हीं



डॉ. यशवंत सिंह परमार जी की जन्मस्थली को सरकार एवं प्रशासन अभी तक कोई राज्य स्तर पर पहचान नहीं दिला पाई है, जबकि जानकारी अनुसार डॉ. यशवंत सिंह परमार जी की स्मृतियों को लेकर कहां जाता है कि वर्तमान विधानसभा में मौजूद हैं तो वहीं जिला सिरमौर के त्रिलोकपुर में भी बताईं जाती है।

जिस प्रकार हर वर्ष चार अगस्त को परमार जयंती को राज्य एवं जिला स्तर पर मनाया जाता है जिसमें की शिमला में मुख्यमंत्री के द्वारा परमार जी की प्रतिमा में पुष्पांजलि अर्पित की जाती है तो वहीं जिला सिरमौर के नाहन में भी परमार जी की प्रतिमा पर जिलाधीश, राजनेताओं के द्वारा माल्यार्पण किया जाता है, जबकि इस महत्वपूर्ण दिवस पर उनके जन्मस्थल पर विशेष राज्य एवं जिला स्तर के कार्यक्रम सरकार या प्रशासन द्वारा नहीं किए जाते हैं, कि जिस प्रकार हिमाचल प्रदेश के अनेक शिक्षण एवं स्वास्थ्य संस्थानों के नाम डॉ. यशवंत सिंह परमार जी के नाम से रखें गए, जो सराहनीय प्रयास है।

डॉ. यशवंत सिंह परमार जी की जन्मस्थली (चन्हालग) में भी कम से कम जिला स्तर पर परमार जयंती समारोह का आयोजन किया जाएं, तो वहीं प्रदेश सरकार से निवेदन रहेगा कि डॉ. यशवंत सिंह परमार के जन्मस्थली पर ऐतिहासिक म्यूजियम,संग्रहालय, पार्क इत्यादि का निर्माण होना चाहिए। जैसे बुद्धिजीवियों द्वारा कहा भी जाता है कि परमार जी को पढ़ा गया समझा गया, परंतु उनके सिद्धांतों को अपनाया नहीं गया, इसी परिप्रेक्ष्य में मीडिया बंधुओं से भी निवेदन और आग्रह रहेगा कि डॉ. यशवंत सिंह परमार जी की जन्मस्थली चंहालग गांव के विकास और ऐतिहासिक पहचान के लिए आवाज बुलंद करने का प्रयास किया जाएं ताकि सरकार प्रशासन इस महत्वपूर्ण क्षेत्र को और अधिक विकसित और ऐतिहासिक स्थल बनाने के लिए देश-भर में लोकप्रिय हो सकें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा आंखें छीन कर करती है चश्मा दान : एनके पंडित



**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी सदर ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता ने प्रेस को जारी ब्यान में कहा कि केवल प्रियंका गांधी ही मोदी को कड़ी टक्कर देने में सक्षम नेता है। अगर मोदी के खिलाफ कांग्रेस पार्टी वाराणसी से प्रियंका गांधी वाड्रा को आगामी लोकसभा चुनाव में उतारने के प्लान पर काम करेगी, तो निश्चित रूप से प्रधानमंत्री मोदी हार जाएंगे। एनके पंडित ने कहा कि भाजपा झूठ और फरेब की राजनीति करके जनता को गुमराह करने का प्रयास करती है। उन्होंने भाजपा पर हमला जारी रखते हुए कहा कि भाजपा तो ऐसी पार्टी है कि पहले वो आंखें छीन लेती है फिर चश्मा दान करती है। उन्होंने कहा कि जिस गति से हिमाचल के मुख्यमंत्री सुक्खू दिन रात काम कर रहे हैं वो प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुधारने का काम कर रहे हैं।

### नाचन सहित आसपास के क्षेत्रों में शीतलहर जारी



**भीम बसेड़, महादेव।** कड़ाके की ठंड पड़ने से यलो अलर्ट घोषित है और ऐसे में नाचन सहित आसपास के समूचे क्षेत्र में शीतलहर जारी रहने से जनजीवन अस्त-व्यस्त होकर रह गया है। गर्म कपड़ों का प्रयोग खूब किया जा रहा है तथा लोग जगह-जगह अलाव ताप कर ठंड भगाने का प्रयास कर रहे हैं। बता दें कि पहले तो लंबे समय तक शुष्क ठंड के मौसम से खांसी-जुकाम हो रहा है। बर्फबारी व वर्षा होने की स्थिति में ऊंचाई वाले एवं निचले इलाकों में तापमान सामान्य से नीचे चले जाने से सर्दी के मौसम ने अपना असली रूप दिखा दिया है। धुंध व कोहरे की सफेद चादर से मुक्त होले-होले बल्ह आदि क्षेत्र का आधे दिन से अधिक का समय गुजर जाता है।

### बांग्लादेशी हिंदुओं की हालत खराब : प्रो. पसरीजा



**भीम बसेड़, महादेव।** समाजसेवी प्रो. रामजीदास पसरीजा ने बांग्लादेश को कट्टरपंथी एवं ज़ुल्मी देश बताते हुए कहा कि अल्पसंख्यकों की हालत बेहद खराब है, क्योंकि वहां दिन-रात हिंदुओं पर किए जा रहे अत्याचारों की खबरें रोज आ रही हैं, वहीं बांग्लादेश की दमनकारी नीतियों के चलते अराजक तत्वों द्वारा रोज जानलेवा हमला किया जा रहा है। अपने एक बयान में प्रो. पसरीजा ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं यानी सनातनियों का सबसे बड़ा नरसंहार होने वाला है या फिर दुनिया का सबसे बड़ा धर्म परिवर्तन होगा। बांग्लादेश में डर-डर कर जीवन व्यतीत कर रहे हिंदुओं के प्रति अपनी चिंता जाहिर करते हुए समाजसेवी ने केंद्र सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही बांग्लादेश में घटकर 7 प्रतिशत से भी कम हिंदुओं का दमन रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाकर युद्ध स्तर पर आर-पार की कार्रवाई करें।

### लडभड़ोल के सुमित जसवाल बने सब इंस्पेक्टर



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल तहसील की ग्राम पंचायत सिमस के सुमित जसवाल, पुत्र स्व. रिखी राम जसवाल (सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक), की शस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में सब इंस्पेक्टर (डेंटल टेक्नीशियन) के पद पर पदोन्नति होने पर समूचे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। सुमित जसवाल ने 25 फरवरी 2013 को एसएसबी के कंपोजिट अस्पताल गोरखपुर में असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर (डेंटल टेक्नीशियन) के रूप में अपनी सेवा शुरू की थी। गोरखपुर में आठ वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद उनका स्थानांतरण बल मुख्यालय, एसएसबी नई दिल्ली, कर दिया गया। 1 जनवरी को एसएसबी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सुमित जसवाल को डबल स्टार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर इंस्पेक्टर जनरल मेडिकल डॉ. अशोक राय ने उनकी सराहना की। इस समारोह में सुमित की माता धोबी देवी, धर्मपत्नी बनीता देवी और बच्चे सारिका जसवाल व सारांश जसवाल भी उपस्थित रहे।

### जागरण में इशांत भारद्वाज के गानों पर झूमे लोग



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** तहसील लडभड़ोल के अंतर्गत माता भमभोरी मंदिर में माता भमभोरी युवा मोर्चा द्वारा भव्य जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें हिमाचल के सुप्रसिद्ध लोक गायक इशांत भारद्वाज ने माता रानी का भव्य गुणगान किया कुथु रेंदी देवा रानी, सुन वो पहाड़िया भक्ता, गोजरी, बिंद्रावना आदि गानों से लोगों को माता रानी के गानों से सराबोर कर झूमने पर मजबूर कर दिया इस माता रानी के जागरण में सैकड़ों लोगों ने उपस्थिति दर्ज करवाई पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की कार्यक्रम के आयोजकों द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### सजाओ पिपलू में ई केवाईसी के लिए लगाया कैंप


**रितेश, सरकाघाट।** श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा मजदूरों की ईकेवाईसी करने के लिए आज सजाओ पिपलू अंबेडकर भवन में राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड सरकाघाट उप कार्यालय के द्वारा कैंप आयोजित किया गया। इसमें 40 मजदूरों की ईकेवाईसी की गई।कैंप में बोर्ड के सदस्य भूपेंद्र सिंह विशेष तौर पर शामिल हुए। बोर्ड सदस्य भूपेंद्र सिंह और सरकाघाट कार्यालय इंचार्ज सुरेश कुमार ने बताया कि धर्मपुर विकास खंड में सर्वाधिक बीस हजार मनरेगा और निर्माण मजदूर बोर्ड से पंजीकृत हैं और इन सभी ईकेवाईसी अगले दो महीने में की जाएगी जो सरकाघाट ऑफिस में तथा ग्राम पंचायतों में की जाएगी, ताकि उनके वित्तीय लाभ जल्दी से जारी हो सकें। अगले चरण में कांगो का गहरा, टिहरा, डरवाड़, संधोल और धर्मपुर में इस तरह के कैंप बोर्ड के माध्यम से आयोजित किए जाएंगे।

### जरूरतमंदों को वितरित किए 196 कंबल



**विनोद, नेरचौक।** मानवता की सेवा में सेवारत विश्व मानव रूहानी केंद्र द्वारा डडौर व स्यांह में झुग्गी-झोपड़ी और गरीब जरूरतमंद लोगों को 196 कंबल वितरित किए। केंद्र के सचिव मुकेश कुमार ने बताया कि आध्यात्मिक प्रमुख संत बलजीत सिंह जी की सतत प्रेरणा से प्रेरित संस्था के द्वारा चिकित्सा, शिक्षा क्षेत्र और समाज की सेवाओं के लिए धर्मार्थ सामाजिक सेवा कार्यक्रमों के तहत सक्रिय रहकर छात्राओं, अनाथों, बीमारों और बुजुर्गों की सदैव सहायता की जाती है। विश्व मानव रूहानी केंद्र समाज सेवा के ऐसे जनकल्याण कार्यों में माया अनुसार सेवा करता रहता है।

# बिजनी से नारला तक बलपूर्वक नहीं उखाड़ा जाएगा किसी का आशियाना



**अनंत ज्ञान, पधर**

**हाईकोर्ट ने दिए एनएचएआई को आदेश**

फोरलेन समन्वय समिति प्रधान चिंतराम ठाकुर व सचिव महेंद्र गुलेरिया ने बताया कि समिति ने पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए एनएचएआई द्वारा अधिग्रहित लोगों को बेदखल करने के लिए जो कार्रवाई की जा रही है उसके लिए समिति ने प्रभावित लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए पहला केस माननीय उच्च न्यायालय में दर्ज कर दिया है।

माननीय उच्च न्यायालय ने भी समस्या को समझते हुए पहली ही बार में राजमार्ग प्राधिकरण को झटका देते हुए कहा है कि जब तक पुनर्वास पुनस्थापन अधिनियम 2013 के अनुसार अवार्ड पास नहीं किया जाता, तब तक किसी भी बलपूर्वक कार्रवाई पर रोक लगाई जाती है।

न्यायाधीश संदीप शर्मा के समक्ष हुई मामले की सुनवाई के दौरान एनएचएआई की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जब तक एक्ट 2013 की धारा 31 और 38 के तहत अवार्ड नहीं किया जाता तब तक भू अधिग्रहण के बावजूद उन्हें बेदखल करने के लिए कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

अधिग्रहण नीति के अनुसार जो लोग वार्षिकी या रोजगार के हकदार हैं को अवार्ड की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए 3,000 रुपए प्रति माह के मासिक निर्वाह भत्ते और उसका परिवार अपनी घरेलु सामग्री आदि

**स्थानांतरण के लिए परिवहन लागत के रूप में मिलेंगे 50,000 रुपए**

के स्थानांतरण के लिए परिवहन लागत के रूप में 50,000 रुपए की वित्तीय सहायता के भी हकदार हैं।

मवेशी शेड के लिए एकमुश्त वित्तीय सहायता के भी हकदार हैं और इसकी राशि उचित सरकार द्वारा निर्धारित की जानी है, जो न्यूनतम 25,000 रुपए होगी। साथ ही वे 50,000 रुपए के एकमुश्त पुनर्वास भत्ते के भी हकदार हैं।

**मांग : प्रशासन लोगों का करें सहयोग**

प्रार्थियों ने याचिका के माध्यम से मांग की है कि उन्हें भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता के अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 31 और 38 के साथ द्वितीय अनुसूची के अनुसार पुनर्वास और पुनस्थापन योजना का लाभ को प्रदान किया जाए। उन्होंने मांग की है कि प्रतिवादियों को अधिग्रहण के तहत भूमि और घर पर कब्जा लेने से तब तक रोका जाए जब तक भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता के अधिकार अधिनियम, 2013 की दूसरी अनुसूची के अनुसार पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन के लिए उन्हें उनके अधिकार नहीं दे दिए जाते। साथ ही समिति इसी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से ही प्रशासन से अपील करती है कि प्रशासन अपने स्थानीय लोगों का भरपूर सहयोग करें।

## समारोह में अजय जम्वाल ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



विद्यार्थियों को सम्मानित करने के बाद शिक्षकों और अभिभावकों के साथ अजय जम्वाल।

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बालकरूपी में वीरवार को आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में भाजपा के मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के संगठन मंत्री ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया और स्कूल को जमा दो तक अपग्रेड करने का आश्वासन दिया।

मुख्यातिथि अजय जम्वाल ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों में सामाजिक और नैतिक मूल्यों के साथ-साथ राष्ट्रीय भावना को प्रोत्साहित करना अध्यापकों और अभिभावकों का दायित्व है।

उन्होंने नई शिक्षा नीति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे विद्यार्थियों के बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास में सहायक बताया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने वंदना, योग, समूह गान, संस्कृत नाटी और देशभक्ति

**स्कूल को जमा दो तक अपग्रेड करने का मिला आश्वासन**

से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समा बांधा। प्रांत स्तर पर ज्ञान-विज्ञान मेला और खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राष्ट्रीय प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। प्रबंधक अश्विनी सूद और अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने स्कूल के विकास के लिए 2100 रुपए देने की घोषणा की। पंचायत प्रधान अंजना शर्मा, जलपेहड़ पंचायत के प्रधान प्यार चंद और दारट बंगला पंचायत के प्रधान जगदीश सोनी ने भी 2100 रुपए दान देने का आश्वासन दिया।

डॉ. लेखा शर्मा ने संस्कृत महाविद्यालयों के विस्तार पर अपने विचार रखे। गणमान्य व्यक्तियों में वरिष्ठ नागरिक रमेश बंटा, मंडल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अजय सकलानी, पूर्व उपाध्यक्ष राजीव सूद और रोटेरियन विनोद राठौर शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

## नव चेतना शिविर में लोगों ने सीखे योग के कई गुर

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी**



शिविर में प्रतिभागी आर्ट ऑफ लिविंग की शिक्षिक हीरा ठाकुर।

आर्ट ऑफ लिविंग की बालीचौकी शाखा द्वारा आर्ट ऑफ लिविंग भवन बालीचौकी में एक 6 दिवसीय नव चेतना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 10 प्रतिभागियों ने भाग लेकर योग के कई गुर सीखे। आर्ट ऑफ लिविंग की बालीचौकी शाखा के अध्यक्ष जोगिंदर शर्मा ने बताया कि इस दौरान संस्था की प्रशिक्षिका मोनिका ठाकुर ने योग के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग की शिक्षिक हीरा ठाकुर और देव शैटीनाग के कारदार हिम्मत राम विशेष रूप से उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## पंडोह में 6 को मनाया जाएगा गुरु गोबिंद सिंह जी का जन्मदिवस

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** सिखों के दशम गुरू महान योद्धा गुरु गोविंद सिंह जी के जन्मदिन 6 जनवरी को पंडोह गुरुद्वारा में धूमधाम से मनाया जा रहा है। गुरुद्वारा में तीन दिन तक चलने वाले इस कार्य में 4 जनवरी से अखंड पाठ शुरू किए जाएंगे।

6 जनवरी को अखंड पाठ के भोग पड़ेंगे। उसी दिन कीर्तन दरबार होगा। उसके पश्चात गुरु जी का अटूट लंगर बांटा जाएगा। सभी धर्मों के लोग पूरी तरह तन मन धन से सेवा करते हैं। यह जानकारी गुरुद्वारा सिंह सभा पंडोह के प्रधान सरदार गुरनाम सिंह ने दी।

## स्कूलों की पब्लिक लाइब्रेरियों की रिपोर्ट तलब

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

प्रदेश में शिक्षा विभाग ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में स्थापित पब्लिक लाइब्रेरियों को चुस्त दुरुस्त करने के लिए कमर ली है। शिक्षा निदेशालय द्वारा सभी जिलों के उच्च शिक्षा उपनिदेशकों से इस संबंध में रिपोर्ट तलब की गई है। वीरवार को निदेशालय से जारी किए गए फरमान में 10 बिंदुओं पर आधारित रिपोर्ट एक्सल शीट पर तलब की गई है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सभी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के पुस्तकालयों को शिक्षा विभाग द्वारा पब्लिक लाइब्रेरी घोषित किया है। पुरानी अधिसूचनाओं के अनुसार तीन से पांच बजे तक पुस्तकालय को आम जनता के लिए खुला रखना आवश्यक किया गया है। अब इनके सुचारू रूप से संचालन के लिए कार्य योजना तय करने हेतु रिपोर्ट तलब की गई है। (अनंत ज्ञान)

> वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में स्थापित पब्लिक लाइब्रेरियों में सुधार हेतु सभी उपनिदेशकों से आवश्यक रिपोर्ट मांगी गई है। उसके अनुसार भविष्य की कार्य योजना तय की जाएगी।
>
> – अमरजीत शर्मा, निदेशक उच्च शिक्षा विभाग।

### इन बिंदुओं पर मांगी गई है रिपोर्ट

**मांगी** गई रिपोर्ट में पुस्तकालय संचालन की दैनिक आधार पर समय अवधी, इशू पुस्तकों की संख्या, अवकाश के दिन पाठकों को पठन सुविधा बारे, 3,5,30 दिसंबर को पठन कक्ष में आगंतुकों की संख्या, अद्यतन पंजीकृत पाठकों की संख्या, पाठकों की सीटिंग कैपेसिटी का विवरण, समाचार पत्र व पत्रिकाओं की संख्या, पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों की संख्या, लाइब्रेरी टाइमिंग की सूचना प्रदर्शित है या नहीं और आगंतुकों की उपस्थिति पंजिका से संबंधित सूचनाएं मांगी गई हैं।

## आईटीआई मंडी में 4 को कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, मंडी।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ग्रेड ए मंडी में 4 जनवरी को गुड़गांव फरीदाबाद और नोएडा की 3 कंपनियां कैंपस इंटरव्यू के लिए आ रही हैं। सांसेरा इंजीनियरिंग कंपनी, इकोकेट कंपनी और सागे मैटल कंपनी जोकि मानेसर गुड़गांव प्लांट फरीदाबाद और नोएडा के लिए अप्रेंटिसशिप के लिए कैंपस साक्षात्कार का आयोजन करने आ रही है।

संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी राजेंद्र कुमार कटोच ने बताया कि 4 जनवरी को इंटरव्यू होगा और साक्षात्कार में भाग लेने वाले को किसी भी ट्रेड में आईटीआई पास होना अनिवार्य है।

## कीले वाले पातशाह जी का 147वां प्रकाश पर्व मनाया

**अनंत ज्ञान, मंडी**



कीले वाले पातशाह जी का प्रकाश पर्व मनाते हुए।

नील धारी सिख समुदाय के मुखी कीले वाले पातशाह जी का147वां प्रकाश पर्व गुरुद्वारा श्री दुख निवारण साहिब मंडी में बड़ी श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के विशेषवर सिंह ने कहा कि मंडी सहित पड़ोसी राज्य पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ से आए श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर आयोजित गुरबाणी कीर्तन में शामिल होकर जीवन सफल किया।

इस दौरान विश्व शांति के 43 श्री सहज पाठ का भोग डाला गया। निरंतर गुरुबाणी व गुरू का लंगर निरंतर चलता रहा। इस आयोजन में सभी धर्म जाति के श्रद्धालुओं ने शामिल हो आपसी भाईचारे का उदाहरण पेश किया।

## भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष इंद्र सिंह ठाकुर 3 को बरोट में

**अनंत ज्ञान, सुखबाग।** द्रंग विधानसभा क्षेत्र के पद्धर मंडल के भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष इंद्र सिंह ठाकुर अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार 3 जनवरी को द्रंग क्षेत्र के तहत आने वाली चौहार घाटी की बरोट पंचायत में आ रहे हैं।

द्रंग भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष काहन चंद ठाकुर ने बताया कि नवनियुक्त अध्यक्ष इंद्र सिंह ठाकुर 3 जनवरी को खलैहल, बरोट, कल्होग, लपास, रूलिंग तथा वरधान बूथों के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। उन्होंने बताया कि 3 जनवरी को सुबह 11 बजे बरोट में इंद्र सिंह का स्वागत किया जाएगा।

## 'हिम खंड' राष्ट्र स्तरीय हिंदी पत्रिका के अंक का विमोचन



**विनोद जसवाल, नेरचौक**

राष्ट्र स्तरीय हिंदी पत्रिका हिम खंड के अंक का विमोचन एक सादे समारोह में किया गया। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य हेमराज कौंडल ने विधिवत रूप से हिमखंड पत्रिका का विमोचन किया।

पत्रिका के मुख्य संपादक एवं विख्यात साहित्यकार आचार्य डॉ. पीसी कौंडल ने बताया कि पत्रिका का प्रकाशन गत बीस वर्षों से निरंतर करते चले आ रहे हैं। अब तक उनकी(14) चौदह साहित्यिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें अनोखा मिलन, दर्द भरी जिंदगी, संदेह की दीवार, कर्मों के बंधन, बहते आंसू, आत्मा का सफर, धरा से गगन तक, भोर की तलाश, वक्त की तलाश, खामोशी, नीला आसमान, आज के हालात, आकाश की ओर, और अनजानी राहें शामिल है। (अनंत ज्ञान)

## राजस्व अदालतों में निपटाए गए 1372 मामले : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



राजस्व अदालतों में राजस्व मामलों के समयबद्ध निपटारे से जनता को भरपूर लाभ मिल रहा है।

गत दिसंबर माह की 30 और 31 तारीख को आयोजित राजस्व अदालतों के माध्यम से 1372 राजस्व मामले निपटाए गए। जिसमें तकसीम के 63, निशानदेही के 111, राजस्व प्रविष्टियों में सुधार के 16 और इंतकाल के 1182 मामलों का निपटारा करना शामिल है। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि दिसंबर माह में राजस्व अदालतों में निपटाए गए 1372 मामलों के अतिरिक्त तहसील और उप तहसील कार्यालयों में इंतकाल के 2203, तकसीम के 231, निशानदेही के 637 और राजस्व प्रविष्टियों में सुधार करने के 66 मामलों निपटाए गए हैं।

उपायुक्त ने बताया कि 75 मामले नायब तहसीलदार सुंदरनगर द्वारा निपटाए गए वहीं तकसीम के 12 मामले उप तहसीलदार पांगणा द्वारा निपटाए गए।

## दुनिया में मां का स्थान सर्वोपरि : रूपचंद

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**



सम्मानित बच्चे सामूहिक चित्र में।

राजकीय वरिष्ठ उत्कृष्ट विद्यालय सज्याओ पिपलु (भराड़ी) में वीरवार को सालाना समारोह की धूम रही। इस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में सेवानिवृत्त कर्नल रूपचंद उपस्थित हुए, जबकि विशिष्ट अतिथि लवलीन शर्मा प्रधानाचार्य वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लौंगणी रहे।

विद्यालय प्रधानाचार्य भोला दत कश्यप ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। इसी दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य ने अपने विद्यालय में वर्ष भर आयोजित किए गए कार्यक्रमों व गतिविधियों पर प्रकाश डाला और विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य ने सांई इंटरनल फाउंडेशन के संचालक राजकुमार वर्मा व सेवानिवृत्त डॉक्टर वीणा राठौर का स्कूली बच्चों को ट्रैक सूट व वर्दी देने के लिए आभार जताया। मुख्यातिथि कर्नल रूपचंद ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मां का स्थान दुनिया में सर्वोपरि है, बच्चे की पहली गुरु मां है और मां ही बच्चों को संस्कार देती है।

इस दौरान एसएमसी अध्यक्ष रक्षा देवी, सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार हरिचंद, सेवानिवृत्त आसूचना ब्यूरो खुफिया विभाग पृथीपाल, सेवानिवृत्त डॉ. वीणा राठौर, विद्यालय स्टाफ सहित स्कूली बच्चे व अभिभावक मौजूद रहे।

## पेंशनर संघ द्रंग का स्थापना दिवस समारोह 11 को

**कविता, पधर।** हिम आंचल पेंशनर संघ द्रंग खंड का स्थापना दिवस 11 जनवरी को सामुदायिक भवन पधर में प्रधान एमसी चौहान की अध्यक्षता में मनाया जाएगा।

जानकारी देते हुए सचिव गोकुल चंद ने बताया कि इस अवसर पर संघ के प्रदेशाध्यक्ष योगराज शर्मा व जिलाध्यक्ष बलि राम अपनी कार्यकारिणी सहित विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने सभी से आग्रह किया है कि बैठक में अवश्य उपस्थित होकर अपने विचार रखें। इस दौरान पेंशनरों की समस्याओं पर भी चर्चा की जाएगी।

**अनदेखी** | गड्ढों को भरने के लिए मात्र मिट्टी डालकर हो रही खानापूर्ति, बढ़ रहीं मुश्किलें

# मुल्थान-बड़ाग्रां सड़क मार्ग खस्ताहाल, चालक परेशान

**अनंत ज्ञान, सुखबाग**

लोक निर्माण विभाग के उपमंडल बीड़ के अंतर्गत आने वाले छोटा भंगाल घाटी के मुल्थान-बड़ाग्रां सोलह किलोमीटर तथा मुल्थान लोहारडी छह किलोमीटर सड़क मार्ग की वर्तमान में बहुत ही दयनीय हालत बन गई है। इन दोनों सड़क मार्गों पर आश्रित लोआई पंचायत के निवासी बलदेव सिंह, तारा चंद, मस्त राम, राम लाल, दुर्गा दास, राकेश कुमार, राजीव कुमार आदि लोगों ने बताया कि मुल्थान-लोहारड़ी सड़क मार्ग में छह किलोमीटर के बीच जहां-जहां सीमेंट की टायरिंग की गई है, उन स्थानों में सड़क भाग ठीक है, मगर जिन स्थानों पर तारकोल बिछाया है उन स्थानों में तारकोल के उखड़ जाने से गहरे गड्ढे बन जाने के कारण न केवल वाहन चालकों को वाहनों को चलाना भारी मुशिकल हो रहा है, बल्कि इस सड़क मार्ग में आवाजाही करने वाले राहगीरों को पैदल चलने तक भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि इस सड़क मार्ग में कार्यरत विभाग के मजदूर उन गहरे गड्ढों को भरने के लिए मिट्टी के साथ छोटे-छोटे पत्थर का प्रयोग करने के बजाय उन्हें मात्र मिट्टी डालकर ही इतिश्री कर रहे हैं, जोकि बिलकुल गलत है।



मुल्थान-बड़ाग्रां सड़क मार्ग का हाल।

यही हाल मुल्थान-बड़ाग्रां सोलह किलोमीटर सड़क मार्ग को है। इस सड़क मार्ग के बीच भी टायरिंग के दौरान बिछाया गया तारकोल जगह - जगह उखड़ चुका है। लोगों ने लोकनिर्माण विभाग से मांग की है कि इन दोनों सड़क मार्गों एक बार फिर से टायरिंग का कार्य करें तथा लोगों की बेहतर सुविधा के लिए शीघ्राति शीघ्र पैचवर्क का कार्य किया जाए। छोटाभंगाल घाटी में तैनात विभाग के कनिष्ठ अभियंता अनीश ठाकुर ने भी माना कि मुल्थान-लोहारड़ी सड़क मार्ग में गहरे गड्ढे पड़ गए हैं।

मुल्थान-लोहारड़ी सड़क मार्ग का टायरिंग का कार्य तीन वर्ष पूर्व एक ठेकेदार को दिया गया है तथा इस सड़क मार्ग के रखरखाव का कार्य पांच वर्ष तक उसी ठेकेदार का होता है मगर फिर भी उन सड़क मार्गों में पड़ने वाले गहरे गड्ढों को भरने के लिए विभाग के मजदूरों को कार्य के लिए लगा दिया जाता है। पैचवर्क का कार्य उसी ठेकेदार के माध्यम से मार्च में करवा दिया जाएगा।

## स्कूलों में छुट्टियों के कारण सूने पड़े बाजार

**अनंत ज्ञान, सुखबाग।** प्रदेश के शीतकालीन सत्र वाले सभी स्कूलों में स्थानीय पाठशालाओं के अध्यापकों द्वारा पहली कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक के बच्चों का वार्षिक परिणाम घोषित करने के बाद बच्चों को 31 दिसंबर से लगभग पौने दो माह तक अवकाश भी दे दिया गया है। छोटाभंगाल व चौहार घाटी के शीतकालीन स्तर वाले स्कूल बंद हो गए हैं। पौने दो माह का अवकाश होने से दोनों घाटियों की शीतकालीन सत्र वाली सभी पाठशालाएं सुनसान दिखाई देगी। पाठशालाएं बंद रहने से मुल्थान, लक्कड़ बाज़ार, लंबाडग, लोहारडी, दयोट, बरोट, टिक्कन, थल्टूखोड़ आदि चहल कदमी न होने से बाजार सूने पड़े हैं।

## धर्म सिंह उत्तर प्रदेश के पलिया क्षेत्र में लूटपाट के बाद मिले सुरक्षित

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

चल्हारग गांव के धर्म सिंह उत्तर प्रदेश के पलिया क्षेत्र में एसएसबी में कार्यरत हैं, उनके साथ लूटपाट की घटना और गुमशुदगी के मामले ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। इस घटना के बाद सैकड़ों लोगों और उनके परिजनों ने जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय और पुलिस थाना के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय गृहमंत्री, उत्तर प्रदेश पुलिस और एसएसबी अधिकारियों से धर्म सिंह को जल्द से जल्द ढूंढने की मांग की थी। वहीं जोगिंद्रनगर पुलिस ने

**चल्हारग पंचायत के लोगों ने प्रदर्शन कर जताई नाराजगी**

धर्म सिंह के मोबाइल की लोकेशन ट्रैक कर ली थी और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) निकलवाने की प्रक्रिया शुरू की। इस बीच, मोबाइल लोकेशन के आधार पर धर्म सिंह को ढूंढ निकाला गया।

धर्म सिंह, जो 31 दिसंबर को छुट्टी खत्म कर ड्यूटी पर लौटे थे, किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा नशीला पदार्थ खिलाने का शिकार हुए। उनका बैग और एक मोबाइल छीन लिया गया। यह घटना एक बार फिर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### नवगठित कार्यकारिणी ने उपायुक्त से की भेंट



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय अर्ध राजकीय चालक परिचालक महासंघ जिला ऊना की नवगठित कार्यकारिणी वीरवार को प्रधान विजय अशरफ के नेतृत्व में उपायुक्त ऊना जतिन लाल से भेंट की तथा नवगठित प्रतिनिधियों को उपायुक्त से अवगत करवाया। इस दौरान कार्यकारिणी उपायुक्त को चालकों की समस्याओं के बारे में भी बताया। कार्यकारिणी में जिला प्रधान विजय अशरफ के अलावा वरिष्ठ उपप्रधान पवन कुमार शर्मा, महासचिव दिवाकर प्रसाद, प्रेस सचिव हरजीत कुमार सहित ओंकार, शेर सिंह, राकेश कुमार, युद्धवीर व सुभाष चालक उपस्थित रहे।

### सिंगा में सालाना भंडारा 16 जनवरी को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** लखदाता पीर का 28वां सालाना भंडारा हरोली उपमंडल के तहत ग्राम पंचायत सिंगा में 16 जनवरी को करवाया जा रहा है। गद्दीनशीन होशियार सिंह अमन की अगुवाई में होगा। ज्ञानी बाबा हिमाचल वालों ने बताया कि 16 जनवरी को सुबह आठ बजे पूजा-अर्चना कि जाएगी, उसके बाद और बलवीर कुमार शारदा पस्सीबाल पंजाब, ज्ञानी बाबा एवं प्रधान ग्राम पंचायत सिंगा की अध्यक्षता में झंडा रस्म अदा की जाएगी और उसके उपरांत पीर लख दाता जी का लंगर अटूट होगा इस अवसर पर गांववासी व रायकोट पंजाब की संगत मौजूद रही।

### श्रद्धालुओं ने दक्षिण भारत का किया भ्रमण



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के बाबा गरीब नाथ मंदिर मुच्छाली के सौजन्य से इस वर्ष भी 47 श्रद्धालुओं का समूह दक्षिण भारत के धार्मिक और पर्यटक स्थलों के भ्रमण पर गया। मंदिर प्रबंधक सुभाष शर्मा ने बताया कि इस यात्रा में श्रद्धालुओं को ऊटी, कोयंबटूर, आदियोगी, कन्याकुमारी, रामेश्वरम और मदुरई जैसे प्रसिद्ध स्थलों के दर्शन करवाए गए। भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने ऊटी की नीलगिरी की पहाड़ियों और चाय के बागानों की खूबसूरती का आनंद लिया। कोयंबटूर में टेक्सटाइल उद्योगों का अवलोकन किया गया। इसके अलावा रामेश्वरम के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों, कन्याकुमारी के सुंदर समुद्र तट और मदुरई के प्राचीन मंदिरों का भी दौरा किया गया। इस यात्रा में चिरंजी लाल, सुमन लता, राजकुमार, देव चंद चौहान, उर्वशी शर्मा, बलराज शर्मा, रानी शर्मा और कुलदीप समेत अन्य श्रद्धालु शामिल रहे। सभी ने इस यात्रा को यादगार बताया और बाबा गरीब नाथ मंदिर के प्रबंधन का धन्यवाद किया।

### महिला मंडल ने बावड़ी को संवारा




**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** महिला मंडल भुगड़ियान की प्रधान सरिता शर्मा की अगुवाई में मंडल की सदस्यों ने गांव की बाबड़ी की सफाई की। इस कार्य में श्रमदान करने वालों में अंजु, पवना, सुषमा, वीना देवी, रजनी, योगेश कुमार, अनमोल और दिव्यम आदि शामिल थे। सरिता शर्मा ने बताया कि महिला मंडल की ओर से परंपरागत जलस्रोतों की सफाई का बीड़ा उठाया है।

### रणछोह गंगा में धार्मिक समारोह संपन्न




**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** बाथड़ी से सटे राज्य श्री गुरु रविदास ऐतिहासिक चरण छोह गंगा खुरालगढ़ साहिब में बाबू मंगु राम मूंगोवालिया के जन्मदिन को दो दिवसीय धार्मिक समागम का बुधवार देर शाम को समापन हुआ। इस समागम में पहले दिन आदि धर्म मंडल के संस्थापक गदरी बाबा बाबू मंगू राम मुंगवालिया का जन्मदिन खुरालगढ़ साहिब के प्रधान संत सुरिंद्र दास की अध्यक्षता में मनाया गया जिसमें पंजाब विधानसभा के डिप्टी स्पीकर जे किशन रोड़ी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वहीं गुरुद्वारा खुरालगढ़ साहिब के प्रधान संत सुरिंद्र दास ने की। उन्होंने संगत को सत्संग के माध्यम से कहा कि रविदास मदिरा क्या पीजिए जो चढ़े चढ़े उतराए नाम महारस पीजीए जो चढ़े ना उतरे बाणी से जोड़ते हुए कहा की हमे गुरु के नाम का नशा करना चाहिए जो चढ़े ना ही उतरे। इसी कड़ी में कीर्तनी जत्थों व गायकों द्वारा गुरु महिमा का गुणगान किया। इस दौरान एससी कार्पोरेशन के अध्यक्ष रशपाल राजू विशेष रूप से मौजूद रहे। संत महापुरुषों को गुरु जी का स्मृति चिन्ह व सरोपा भेंट किया गया। इस दौरान बीबी कमलेश कौर घेड़ा, गुरु घर के चेयरमैन नाजर सिंह मान, संत करमचंद भटिया, संत गिरधारी लाल, दयाल चंद बंगा, संत निरंजन दास, संत हरबंस सिंह मास्टर राजकुमार आदि मौजूद रहे।

### छात्रों ने औद्योगिक क्षेत्र का किया दौरा



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी बाजपेयी राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंगाणा के बीबीए विभाग के 35 छात्रों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने एकदिवसीय औद्योगिक क्षेत्र के दौरे के लिए अपनी शुभकामना देकर रवाना किया। बीबीए, बीसीए के को-ऑर्डिनेटर प्रोफेसर रेखा शर्मा ने बताया कि इस दौरे के दौरान छात्रों ने औद्योगिक क्षेत्र टाहलीवाल स्थित दो प्रमुख उद्योगों - मिसेज बेक्टर फूड्स (क्रीमिका) और जुपिटर मल्टीफूड्स प्रोसेसर्स (हिम्पा) का दौरा किया। सबसे पहले, छात्रों ने सुबह 11 बजे मिसेज बेक्टर फूड्स का दौरा किया, जहां उन्हें खाद्य निर्माण प्रक्रियाओं और गुणवत्ता नियंत्रण के आधुनिक तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद दोपहर साढ़े 12 बजे छात्रों ने जुपिटर मल्टीफूड्स प्रोसेसर्स का दौरा किया, जहां यूनिट के मालिक रोहित वर्मा ने छात्रों को उत्पाद पैकेजिंग और वितरण से संबंधित तकनीकों को समझाया। दौरे के दौरान, छात्रों का नेतृत्व बीबीए विभाग की प्रोफेसर रंजना देवी और राजेंद्र सिंह ने किया।

### सेंट्रल स्कूल की छात्राएं नेशनल में दिखाएंगी दम



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के सेंट्रल स्कूल बंगाणा की दो छात्राएं नंदनी ओर सुमैया का राष्ट्रीय अंडर 14 खो-खो प्रतियोगिता में चयन हुआ है। दोनों छात्राएं महाराष्ट्र के कोहलापुर में राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हो गईं। राष्ट्रीय अंडर-14 खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेने जा रही नंदनी ने बताया कि 9 जनवरी तक केवी सौरदान कमांड पूना में अभ्यास होगा और 10 से 13 जनवरी तक खो-खो की राष्ट्रीय चैंपियनशिप कोहलपुर महाराष्ट्र में होगी। इसमें 35 से ज्यादा टीमें भाग लेंगी। ज्ञात रहे नंदनी पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनमा चुकी है और मेडल प्राप्त कर चुकी है। नंदनी ने बताया कि उनके गांव लखरूं में 80 प्रतिशत युवा खेलों में रुचि रखते है और हाल ही में उनके गांव का सूर्याश ठाकुर राष्ट्रीय स्तर पर बैडमिंटन में जीत का परचम लहरा कर विजेता बन चुका है।

### जमासनी मंदिर बंगाणा के पास बन रहे मैरिज पैलेस का विवेक शर्मा ने किया निरीक्षण

# एसडीएम बंगाणा की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित करने का दिया आदेश

**विनोद शर्मा, लठियाणी**

उपमंडल बंगाणा के धतोल पंचायत के माता जमासनी मंदिर के पास 53 लाख की लागत से बन रहे मैरिज पैलेस और खेल मैदान का विधायक विवेक शर्मा ने निरीक्षण किया। विधायक निर्माणाधीन मैरिज पैलेस की खस्ता हालत एवं ठेकेदार द्वारा बहुत ही घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल देखकर बहुत ही नाराज हुए।

विधायक ने एसडीएम बंगाणा की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी गठित करने का आदेश दिया। जांच कमेटी में एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, निर्माण कार्यों के लिए जिम्मेदार विभाग के अधिकारी और स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि शामिल होंगे। कमेटी भवन के निर्माण कार्यों, सामग्री की गुणवत्ता, वित्तीय लेन-देन और निर्धारित मानकों के पालन की जांच करेगी। जांच रिपोर्ट के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विधायक विवेक शर्मा ने संज्ञान लेते हुए कहा कि निर्माण कार्य में लापरवाही और घटिया सामग्री का उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि इस मामले की गहनता से जांच की जाए और एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट तलब की जाए, साथ ही ठेकेदार को दी जाने वाली धनराशि पर भी रोक लगाने के आदेश दिए। विधायक ने कहा कि सामुदायिक भवन जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है।



मैरिज पैलेस और खेल मैदान के निरीक्षण के दौरान विधायक विवेक शर्मा।

**बोले- निर्माण कार्य में अनियमितता पाई गई तो होगी कार्रवाई**

उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर अनियमितताएं पाई जाती है, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस भवन के निर्माण का उद्देश्य क्षेत्र की जनता के कल्याण के लिए है और इसे सही ढंग से लागू किया जाएगा। इस मैरिज पैलेस का 16 सितंबर 2023 को तत्काल विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो द्वारा शिलान्यास किया गया था और एक वर्ष के भीतर इसे जनता को समर्पित करने के आदेश दिए गए थे। अब जांच कमेटी यह भी जांचेगी कि ठेकेदार द्वारा निर्धारित टेंडर प्रक्रियाओं का पालन किया गया है या नहीं और निर्माण कार्य की प्रगति पर भी नजर डालेगी।

विधायक विवेक शर्मा ने इस मौके पर कहा कि क्षेत्रीय विकास कार्यों में कोई भी कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनता के हितों को सर्वोपरि रखा जाएगा। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव देश राज मोदगिल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, जिला परिषद सदस्य सत्या देवी, केवल कृष्ण, सुरेश कुमार, पंचायत समिति सदस्य जोगिंद्र देव आर्य, मोहिंद्र सिंह एवं कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## लखदाता पीर मंदिर में पवित्रता बनाए रखने को लेकर प्रधान ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते प्रधान कुलदीप ठाकुर व अन्य।

**अनंत ज्ञान, अंब**

लखदाता पीर मंदिर में हाल ही में हुए झगड़े को लेकर प्रधान कुलदीप ठाकुर ने अपने साथियों के साथ एसडीएम अंब को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में मंदिर में हुए विवाद की कड़ी निंदा करते हुए एसडीएम से त्वरित कार्रवाई की मांग की गई है। इसके साथ ही कुलदीप सिंह ठाकुर ने अपने साथ हुए मारपीट का भी कड़ा संज्ञान लेने की मांग की जिसकी सीसीटीवी फुटेज व फोटो उन्होंने एसडीएम अंब को सौंपी। प्रधान ने कहा कि यह धार्मिक स्थल है और यहां किसी भी प्रकार का विवाद समाज में अशांति का कारण बन सकता है। उन्होंने एसडीएम से मांग की कि विवाद के समाधान के लिए एक जांच समिति का गठन किया जाए और मंदिर की पवित्रता बनाए रखने के लिए उचित कदम उठाए जाएं।

एसडीएम ने ज्ञापन प्राप्त करने के बाद मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मामले में सभी पक्षों को सुनकर समाधान निकाला जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। उन्होंने कहा कि जल्द ही जांच शुरू करवा दी जाएगी। पंचायत के जिन भी लोगों के पास हथियार हैं, उन्हें कब्जे में करने के आदेश दिए गए हैं और पुलिस प्रशासन को शांति बनाए रखने के लिए उचित कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

## दो साल में प्रदेश के लोगों को निराशा ही हाथ लगी : वशिष्ट

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्रदेश सरकार ने हाल ही में दो साल पूरा होने का जश्न मनाया, लेकिन सरकार के दो सालों में हर वर्ग को निराशा ही हाथ लगी है। यह बात भारतीय जनता पार्टी सेवानिवत्त प्रकोष्ठ के संयोजक राजीव वशिष्ट ने कही। उन्होंने कहा कि दो सालों में कांग्रेस सरकार ने सिर्फ पूर्व भाजपा सरकार के समय खुले हजारों सरकारी कार्यालयों को बंद करने का ही काम किया है।

पूर्व सरकार के समय शुरु की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद ही किया है। प्रदेश सरकार अपनी किसी भी घोषणा को तो पूरा नहीं कर पाई। 300 यूनिट फ्री बिजली देने का वादा किया था, लेकिन पूर्व जयराम सरकार के समय शुरू की गई 125 यूनिट बिजली फ्री भी बंद कर दी। पेजयल बिल बढ़ा दिए गए। महिलाओं को 15 सौ रुपए देने की घोषणा की थी, लेकिन दो साल बीत गए हैं, आज भी महिलाएं इनका इंतजार कर रही हैं। अब तो महिलाओं को 15 रुपए मिलने की उम्मीद भी छोड़ दी है।

राजीव वशिष्ट ने कहा कि कांग्रेस सरकार के राज में कर्मचारी भी हताश हैं। प्रदेश सरकार सेवानिवृत्त कर्मचारियों व कर्मचारियों के एरियर का भुगतान नहीं कर पाई है, जिससे कर्मचारियों व सेवानिवृत कर्मचारियों में काफी रोष पाया जा रहा है। अब प्रदेश सरकार ने ट्रेजरी कार्यालय को निर्देश दे दिए है कि कर्मचारियों का 10 हजार रुपए से ऊपर बिल का कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।

## बाहरी राज्य के परिवार के पांच सदस्य घर में मिले बेहोश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना जिले की ग्राम पंचायत धमांदरी के तहत सामने आई एक घटना में एक ही परिवार के पांच लोग एक कमरे में अचेत अवस्था में पाए गए हैं। बेहोश होने वालों में उत्तर प्रदेश के बदायूं के रहने वाला दंपती और उनके तीन बच्चे शामिल हैं। बताया जा रहा है कि यह परिवार काफी लंबे अरसे से क्षेत्र में रहकर दिहाड़ी मजदूरी करते हुए जीवन-यापन कर रहा है।

मिली जानकारी के मुताबिक वीरवार सुबह बाहरी राज्य के श्रमिक जब काम पर निकलने लगे तो उन्होंने अपने ही एक साथी हरिचरण के कमरे से किसी प्रकार की कोई भी हरकत का न होना पाया। इसके बाद कमरे का दरवाजा खटखटाया गया, लेकिन अंदर से किसी भी प्रकार का जवाब न आने पर उन्होंने तुरंत हरिचरण की बेटी और दामाद को इस मामले की सूचना दी।



बेहोश हुए एक ही परिवार के सदस्यों की जांच करते डॉक्टर्स।

**अंगीठी की गैस से बेहोश होने की जताई जा रही आशंका**

पंचायत प्रतिनिधियों को भी मौके पर बुलाया गया था। लोगों ने जब कमरे का दरवाजा खोल कर देखा तो सभी लोग अंदर अचेत अवस्था में पड़े थे, जबकि कमरे में काफी ज्यादा उल्टियां भी की गई थी। लोगों को मामले को समझने में देर नहीं लगी और उन्होंने तुरंत 108 एंबुलेंस के माध्यम से सभी पांच लोगों को रीजनल अस्पताल ऊना पहुंचाया।

बताया जा रहा है कि इस परिवार ने रात को सोते समय अपने कमरे में सर्दी से बचने के लिए अंगीठी जलाई थी, संभवत: इसी से पैदा हुई गैस की चपेट में आने के चलते सभी लोग अचेत हो गए। इस प्रवासी परिवार में हरिचरण,उ नकी धर्मपत्नी पिंकी, तीन बच्चों में धर्मेंद्र, करण और बंटी शामिल है।

दूसरी तरफ अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर संजय मनकोटिया ने बताया कि इन लोगों में दो की हालत ज्यादा नाजुक है जिसमें से एक को गंभीर हालत के चलते पीजीआई चंडीगढ़ रैफर किया जा रहा है, जबकि तीन लोग खतरे से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति रात को सोते समय अपने कमरे में इस तरह की अंगीठी जलाने से परहेज करे क्योंकि यह जानलेवा हो सकता है। ऐसी गाइडलाइन जिला प्रशासन ने भी जारी की हैं।

## ब्यूटी पार्लर प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ऊना कार्यालय में 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर 35 प्रतिभागियों ने लिखित एवं मौखिक परीक्षा में भाग लिया तथा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ऊना के निदेशक पारुल द्वारा बताया गया कि प्रतिभागियों को यह प्रशिक्षण आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रदान किया जा रहा है।

कार्यक्रम संचालक एवं संकाय सदस्य आकाश भारद्वाज ने बताया कि 18 से 45 वर्ष की आयु के बेरोजगार युवाओं को पंजाब नेशनल बैंक के माध्यम से निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है तथा उन्हें आगे चलकर बैंक ऋण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। इस अवसर पर विशेष रूप से असेसर हरमेश राजपूत सुमित सहित मास्टर ट्रेनर रणजीत कौर एवं कार्यालय सहायक हिना एवं मीनाक्षी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## विधायक राकेश कालिया ने किया सड़क का भूमि पूजन



एक करोड़ रुपए के सड़क मार्ग का भूमि पूजन करते विधायक।

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

गगरेट के विधायक राकेश कालिया ने वीरवार को डीडीएम इंटरनेशनल स्कूल से लेकर परमार इंटरनेशनल स्कूल तक बनने वाली सड़क का भूमि पूजन किया। इस मार्ग के निर्माण पर लगभग एक करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।


विधायक राकेश कालिया ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार हर तरफ चहुंमुखी विकास करवा रही है। उन्होंने कहा कि सड़कें, ग्रामीण आर्थिकी का एक महत्वपूर्ण अंग हैं। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बनने से लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सड़कों व पुलों के निर्माण तथा बेहतर रखरखाव को अपनी प्राथमिकता सूची में प्रमुख स्थान दिया है।

इस मौके पर लोनिवि के एक्सियन हर गोविंद कौशल, एसडीओ संजीव अग्निहोत्री, जेई सचिन, कैलाश नगर प्रधान दर्शना देवी, उपप्रधान अजय शर्मा, वार्ड सदस्य अंजना देवी, प्रियंका,संतोष, रविता, पूनम, अनीता, कांग्रेस बूथ अध्यक्ष दर्शन कुमार, भद्रकाली के प्रधान दलविंदर सिंह, धर्मपाल सोनू, डीडीएम कॉलेज की चेयरपर्सन चैंचला देवी, डीडीएम कॉलेज के प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा व गांव के गणमान्य उपस्थित रहे।

## ऊना अस्पताल में डॉक्टरों के तबादलों पर राजनीति न करे भाजपा : रायजादा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं ऊना सदर के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने कहा कि ऊना ही नहीं, बल्कि प्रदेश भर के अनेक स्वास्थ्य संस्थानों से डॉक्टरों के तबादले हुए हैं। यह तबादले हाईकोर्ट के निर्देश पर उन स्थानों के लिए हुए हैं, जो स्वास्थ्य संस्थान खाली पड़े हैं, ताकि वहां लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।



सतपाल रायजादा ने कहा कि क्षेत्रीय अस्पताल ऊना से भी कुछ डॉक्टरों के तबादले इस आधार पर हुए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय अस्पताल में पर्याप्त संख्या में विशेषज्ञ व मेडिकल ऑफिसर तैनात हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय अस्पताल में डॉक्टरों की कमी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अनेक नए चिकित्सकों को लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केवल राजनीति चमकाने के लिए हर बात में आलोचना भाजपा को नहीं करनी चाहिए। विधायक को भी तथ्यों की जानकारी ले लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विधायक के सूत्र कमजोर हैं, ऐसा लगता है। उन्होंने कहा कि विधायक अस्पताल जाकर ही पता कर लेते कि कितने डॉक्टर हैं, कितने बदले गए हैं और क्यों बदले हैं? यह कोई राजनीतिक तबादले नहीं हुए हैं, न हम ऐसी राजनीति करते है। यह सामान्य प्रक्रिया में माननीय न्यायालय के आदेशों के बाद हुए।

उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि डॉक्टरों की संख्या बढ़े और जो चिकित्सक हैं, वे बेहतर ढंग से एडजस्ट भी हों और अच्छा काम भी करें। उन्होंने कहा कि यहां तक भाजपा के विधायक भवन को चालू करवाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे हंसी आती है की पूर्व सरकार के समय आधे-अधूरे भवन का चुनाव से पहले उद्घाटन करवा दिया गया और काम अभी भी पूरा नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि हालत यह है कि नक्शे में भी अब कई कमी सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि यह जल्द शुरू हो। उन्होंने कहा कि जहां ऑपरेशन थिएटर बन रहा है, उसके ऊपर से सीवरेज की लाइन भी डाल दी गई है। उन्होंने कहा कि इसके लिए भाजपा की सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि हम दोषारोपण की राजनीति नहीं करते हैं।

मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के सहयोग के चलते आगे काम को बेहतर ढंग से करने के निर्देश हुए हैं। भाजपा सरकार के समय कौन माफिया चलता रहा? कौन इसका सरदार रहा? इसका पता तो भाजपा के विधायक को होगा ही क्योंकि ऐसा उन्ही के इर्द-गिर्द का मामला रहा है।

### श्रद्धांजलि — शहीद बृजेश कुमार देश का गौरव, उनकी शहादत पर पूरे देश की आंखें हुई थीं नम : विवेक शर्मा

# बंगाणा में जल्द बनेगा शहीद स्मारक, शहीदों की लगेंगी प्रतिमाएं

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंधला में वीरवार को वीरभूमि हिमाचल के उपमंडल बंगाणा के गांव के अमर शहीद सपूत अमर शहीद सिपाही बृजेश कुमार की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रतिमा का अनावरण कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने शिरकत करके अपने कर कमलों से किया।

धुंधला स्कूल पहुंचने पर 'शहीद बृजेश अमर रहें' के नारों से पंडाल गूंज उठा और आए हुए सभी गणमान्य ने सलामी देकर शहीद बृजेश की शहादत को नमन किया। इस दौरान विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि अमर शहीद बृजेश कुमार का जीवन और बलिदान हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी अदम्य वीरता और देशभक्ति ने हमें गर्व का अनुभव कराया है। उन्होंने बताया कि अमर शहीद बृजेश कुमार 26 अक्तूबर 2018 को पुंछ (जम्मू) में वीरगति को प्राप्त हुए। उनके अदम्य साहस और कर्तव्य परायणता के लिए उन्हें शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। उनका जीवन देश के युवाओं को प्रेरित करता रहेगा।



अमर शहीद बृजेश कुमार की प्रतिमा का अनावरण करते हुए विधायक विवेक शर्मा।

उन्होंने कहा कि गांव ननबी शहीद बृजेश कुमार को आज पूरा देश याद कर रहा है। बृजेश कुमार ने देश की सेवा और रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनके इस बलिदान ने न केवल गांव, बल्कि पूरे क्षेत्र को गर्वित किया है। शर्मा ने कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर पर हमारे प्यारे शहीद बृजेश की प्रतिमा अनावरण समारोह में शामिल होने के लिए सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करता हूं। आज का दिन हम सभी के लिए गर्व और सम्मान का दिन है, क्योंकि आज हम अपने वीर शहीद बृजेश की प्रतिमा का अनावरण कर रहे हैं, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर इस देश की सरहदों की रक्षा की और हम सब को यह सिखाया कि देश की सेवा सबसे बड़ी सेवा है।

शहीद बृजेश जैसे महान शहीदों के बलिदान के कारण ही आज हम स्वतंत्र रूप से अपने घरों में रहते हैं, और यही वजह है कि हमें उनके योगदान को कभी नहीं भूलना चाहिए। विवेक शर्मा ने कहा कि आज जब हम शहीद बृजेश की प्रतिमा के सामने खड़े होते हैं, तो यह प्रतिमा न केवल उनके महान योगदान का प्रतीक है, बल्कि यह हम सभी के लिए यह संदेश देती है कि हमें अपने देश के लिए निस्वार्थ सेवा की भावना के साथ कार्य करना चाहिए। विवेक शर्मा ने कहा कि हम आशा करते हैं कि इस प्रतिमा के अनावरण से आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी और वे शहीद बृजेश के साहस और बलिदान को हमेशा याद रखेंगे। हम सभी मिलकर उनके सपनों को पूरा करने का संकल्प लें और उनके योगदान को हमेशा याद रखें। इस दौरान विधायक विवेक शर्मा ने बंगाणा में शहीद स्मारक बनाने की घोषणा की।

बंगाणा के शहीद बृजेश कुमार का जन्म गांव ननावीं के एक सामान्य किसान परिवार में हुआ था। उनके पिता रेलवे पुलिस से सेवानिवृत्त थे। बचपन से ही वह एक साधारण और मेहनती व्यक्तित्व के धनी थे। बृजेश ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही सरकारी स्कूल धुंधला से प्राप्त की थी। शहीद बृजेश को देशभक्ति की भावना विरासत में मिली थी। स्कूली दिनों से ही वे एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर) में सक्रिय रहे और सेना में जाने का सपना देखने लगे। उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें भारतीय सेना में स्थान दिलाने में सहायता की।

पूर्व भाजपा सरकार के समय जब शहीद बृजेश ने शहादत दी थी, उस समय कुटलैहड़ विस क्षेत्र में वीरेंद्र कंवर कैबिनेट मंत्री थे और विवेक शर्मा कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष थे। उस समय विवेक शर्मा ने धुंधला स्कूल को शहीद बृजेश का नाम देने और स्कूल परिसर में शहीद की प्रतिमा लगाने की मांग की थी।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित**

इस मौके पर एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल,तहसीलदार अमित शर्मा ,थाना प्रभारी रोहित चौधरी, एसडीओ उदित ठाकुर, खंड बिकास अधिकारी सुशील कुमार, कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, जिला परिषद सदस्य सत्या देवी, देश सचिव देसराज मोदगिल, सुरेश कुमार,केवल कृष्ण, सुदेश शर्मा, शहीद की धर्म पत्नी श्वेता शर्मा, जसवंत सिंह के अलावा कुटलैहड़ विस क्षेत्र के सेना से सेवानिवृत एवं बडी संख्या में गणमान्य मौजूद रहे।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
NOTICE
I, Urmila Devi W/o Sh. Jasbir Singh, R/O Ward No 02 Vill. Upper Arniala, P.O. Kotla Kalan, Teh. & Distt. Una (HP). Pin no 174303 Declare that I want to correct my DOB from (06.10.1977) to (19.07.1978), all Concerned plz note.

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
NOTICE
I, Jasbir Singh, S/o Sh. Paritam Singh R/O Ward No 02 Vill. Upper Arniala P.O. Kotla Kalan, Teh. & Distt. Una (HP). Pin no 174303 declare that I want to correct my DOB from (10.07.1972) to (01.01.1971), all Concerned please note

# नम आंखों से राख बने आशियानों को निहारते रहे अग्नि प्रभावित



शीला कौल, बंजार

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

बंजार घाटी के तांदी गांव में बुधवार शाम को लगी आग के प्रभावित परिवारों को सर्द रातों में अब जीवन यापन की चिंता सताने लगी है। घटना के दूसरे दिन जहां प्रभावित लोगों ने अपने रिश्तेदारों व आस पड़ोस के लोगों के साथ आग की लपटों से बचाए सामान को समेटा।

वहीं, आंखों में आंसू लिए उजड़े अपने आशियानों की बनी राख को निहारते रहे। तांदी गांव दूसरे दिन भी शाम तक सुलगता रहा और वीरवार को अग्निशमन कर्मी आग को बुझाने में जुटे रहे। भीषण अग्निकांड में आधा गांव चपेट में आने से माहौल गमगीन है। वहीं, वीरवार सुबह स्थानीय विधायक सुरेंद्र शौरी भी मौके पर पहुंचे और अग्निकांड से प्रभावित लोगों से मिलकर उनको हरसंभव सहायता करने का भरोसा दिया। अग्निशमन विभाग बंजार के प्रभारी लेखराज ने कहा कि उन्हें आग को पूरी तरह से बुझाने में 20 घंटे का समय लगा है। पहले दिन उनकी टीम रात चार बजे तक डटी रही और वीरवार को फिर मौके पर पहुंचे और सुलगती रही और शाम 5 बजे आग पर पूरी तरह से काबू पाया गया। वहीं, आग से हुए नुकसान का आकलन करीब दस करोड़ रुपए किया गया है। पूरी तरह से काष्ठकुणी शैली में बने मकानों के जलने के बाद सब कुछ राख के ढेर में तब्दील नजर आया। अग्निशमन विभाग बंजार और लारजी की टीम दूसरे दिन सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक पानी की बौछार डालती रही। इससे पहले भी अग्निशमन विभाग कुल्लू, बंजार व लारजी से तीन दमकल वाहन बुधवार शाम से लेकर वीरवार सुबह तड़के 4 बजे तक आग को बुझाने में लगे रहे। इसके बाद सुबह 8 बजे फिर अग्निशमन विभाग के दो वाहन और पहुंचे और सुलगती आग को बुझाया।

प्रभावित हेत राम ठाकुर, दलीप सिंह, दुनी चंद तथा यज्ञ चंद ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि यह सब कुछ कैसे हो गया। उन्होंने कहा कि अग्निंकाड ने तांदी गांव के लोगों को ऐसे जख्म दिए, जो ताउम्र नहीं भरेंगे। (अनंत ज्ञान)

## डीसी ने प्रभावितों से मिलकर साझा किया दुख-दर्द



अनंत ज्ञान, बंजार

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने वीरवार को बंजार के जीभी के निकट तांदी गांव में बुधवार को हुई आगजनी की घटना से प्रभावित गांव का दौरा किया। उन्होंने आगजनी से प्रभावित लोगों के लिए चलाए गए राहत कार्यों का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रभावितों के लिए राहत के तौर पर नियमानुसार 15 हजार रुपए प्रति परिवार दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त रेड क्रॉस सोसायटी के माध्यम से 50 हजार रुपए प्रति परिवार के रूप में 33 प्रभावित परिवारों को कुल 16 लाख 50 रुपए की राहत राशि प्रदान की गई है। इसके साथ ही आवश्यक सामान, कंबल, खाना पकाने के बर्तन, हाइजीन किट तथा तिरपाल आदि भी प्रदान किए गए हैं। इसके अतिरिक्त भी प्रभावितों की किसी भी प्रकार की आवश्यकता को पूरा किया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर बिजली, पानी आदि की व्यवस्था को जल्द बहाल करने के निर्देश दिए एलपीजी गैस के लिए भी व्यवस्था की जाएगी तथा उन्होंने दो मोबाइल टॉयलेट गांव में स्थापित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रभावित लोगों से बातचीत की और उन्हें ढांढस बंधाते हुए उनका दुख-दर्द साझा किया। वहीं, सभी प्रभावित लोगों ने प्रशासन द्वारा त्वरित रूप से राहत कार्य करने के लिए धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रशासन ने जल्द कदम उठाते हुए अग्निशमन सहित आवश्यक राहत सामग्री प्रदान की है, जिसके लिए लोगों ने डीसी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर एसपी कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन, एपीएमसी के अध्यक्ष राम सिंह मियां, कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर, एसडीएम पंकज शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रभावितों ने किया डीसी का धन्यवाद

**तांदी** अग्निकांड प्रभावितों ने डीसी के गांव में दौरे के दौरान उनका धन्यवाद किया। डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश ने वीरवार को जब प्रभावित गांव का दौरा कर प्रभावितों से बातचीत की तथा राहत कार्यों का जायजा लिया, तो लोगों ने अग्निकांड के दौरान प्रशासन द्वारा मुस्तैदी के साथ अग्निशमन तथा अन्य राहत कार्यों को त्वरित रूप से अंजाम देने के लिए डीसी का धन्यवाद किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि जैसे ही प्रशासन को इस घटना की सूचना मिली एसडीएम बंजार सहित समस्त अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे तथा उन्होंने राहत कार्यों को देर रात तक अंजाम दिया। डीसी ने सभी प्रभावितों को आवश्यक खाद्य सामग्री सहित रेडक्रॉस की ओर से 50 हजार रुपए प्रति परिवार के लिए चेक प्रदान किए। डीसी ने आवश्यक सामान, कंबल, खाना पकाने के बर्तन, हाइजीन किट तथा तिरपाल आदि भी प्रदान किए।

# अधिकारियों की मनमर्जी जनता पर पड़ रही भारी : गोविंद ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू




प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के राज में अधिकारियों की मनमर्जी चल रही है, इसके कई उदाहरण हैं।

यह बात उन्होंने वीरवार को कुल्लू के ढालपुर में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार के तांदी गांव में ग्रामीणों का आग के चलते सब कुछ जलकर राख हो गया और वीरवार को भी ग्रामीण डीसी कुल्लू का इंतजार करते रहे, लेकिन डीसी कुल्लू बाशिंग में क्रिकेट मैच देखती रही और उन्हें अग्नि प्रभावित लोगों से ज्यादा क्रिकेट की चिंता रही। उन्होंने कहा कि डीसी कुल्लू को बीती शाम के समय ही बंजार पहुंचना चाहिए था और अग्निकांड से प्रभावित लोगों को राहत देनी चाहिए थी, लेकिन 24 घंटे बीतने के बाद डीसी मौके पर पहुंची और उसके बाद वह वहां कांग्रेस नेताओं के साथ ग्रामीणों से मिलती रही। उन्होंने कहा कि कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर तांदी गांव गए तब डीसी को मजबूरन वहां जाना पड़ा। इससे पता चलता है कि डीसी कुल्लू का रवैया कितना गैर जिम्मेदाराना है। हालांकि बुधवार को ही इस बात का पता चल गया था कि गांव में आग लगने के चलते करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है, लेकिन उसके बावजूद भी डीसी क्रिकेट मैच के उद्घाटन में व्यस्त रही और दोपहर बाद उन्होंने गांव का रुख किया, जिससे ग्रामीणों में भी प्रशासन के प्रति खासा रोष है। गोविंद ने कहा कि अगर ऐसा ही चलता रहा, तो कांग्रेस सरकार की बच्ची हुई इज्जत को भी खत्म होने में देर नहीं लगेगी और इसका खामियाजा अधिकारियों के साथ-साथ सरकार को भी भुगतना होगा।

### केंद्रीय ऊर्जा मंत्री से सहयोग की अपील

**उन्होंने** बताया कि नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को जैसे ही इस दुःखद घटना की जानकारी मिली और बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने भी उनसे बात की। उसके बाद जयराम ठाकुर ने केंद्र सरकार के ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से अग्नि प्रभावित परिवारों की मदद के लिए सहयोग की बात रखी, जिसके बाद ऊर्जा मंत्री ने उन्हें एनएचपीसी के माध्यम से सभी अग्नि प्रभावित परिवारों के घर बनाने और अन्य मदद करने का आश्वासन दिया है।

# प्रदेश में सीएम का नहीं, अधिकारियों का चल रहा राज : विधायक शौरी



अनंत ज्ञान, बंजार

**कहा- बंजार में घटित हुई इतनी बड़ी घटना, 24 घंटे बाद मौके पर नहीं पहुंचा जिला प्रशासन**

बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी जिला प्रशासन व सुक्खू सरकार पर भड़क उठे हैं। उन्होंने कहा कि बंजार के तांदी गांव में आगजनी की घटना को 24 घंटे बीत चुके हैं, लेकिन जिला प्रशासन का कोई भी अधिकारी यहां अभी तक नहीं पहुंचा है। डीसी कुल्लू भी घटना के दूसरे दिन शाम को वहां पहुंची, जबकि उन्हें अग्निकांड वाले दिन या फिर वीरवार सुबह ही तांदी गांव पहुंचकर लोगों का दु:ख, दर्द बांटना चाहिए था।

उन्होंने जिलाधीश पर आरोप लगाया कि तांदी गांव आने के बजाय डीसी क्रिकेट का उद्घाटन कर रही है और इतनी बड़ा हादसे से ज्यादा अधिमान क्रिकेट मैच को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का कोई भी अधिकारी घटना स्थल पर नहीं है। यह सरकार अति अंसवेदनशील है। जनता की कोई भी परवाह नहीं है और यहां बड़ी संख्या में लोग बेघर हुए हैं, लेकिन प्रशासन को चिंता ही नहीं। सुक्खू सरकार का अधिकारियों पर कोई भी कंट्रोल नहीं है। सरकार को सुक्खू नहीं अधिकारी चला रहे हैं।

यह कैसी व्यवस्था परिवर्तन है, यह पूरी तरह पत्तन सरकार लग रही है। सुक्खू जी इस प्रदेश में आपका राज नहीं चल रहा है। इस प्रदेश में अधिकारियों का राज चल रहा है। अधिकारी जैसा चाह रहे हैं, वैसा हो रहा है। अधिकारियों की मनमर्जी चल रही है। उन्होंने कहा कि पटवारी से लेकर कोई भी अधिकारी घटना स्थल पर नहीं है। यदि बंजार में बाईपास बना होता, तो फायर ब्रिगेड की गाड़ी जल्द पहुंचती और कुछ घरों को बचाया जा सकता था, लेकिन सरकार अंसवेदनशील है न तो बंजार में तहसीलदार है और न ही नायब तहसीलदार।

# पर्यटक फोटो खिंचवाने के लिए न जाएं नदी-नालों के करीब : शिखा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त स्पीति शिखा ने कहा कि स्पीति घाटी आने वाले पर्यटक नदी-नालों से दूर रहें। पुलिस गश्त के दौरान अधिकतर यह पाया गया है कि स्पीति घाटी में घूमने आने वाले पर्यटक अक्सर फोटोग्राफी के लिए स्पीति नदी के किनारे और चट्टानी परिदृश्यों की ओर फोटो खिंचवाने के लिए चले जाते हैं।

इस कारण वे गलती से नदी में गिर सकते हैं, जिससे उन्हें गंभीर चोट भी लग सकती है और यहां तक कि कोई अप्रिय घटना भी घट सकती है। उन्होंने स्पीति घाटी में घूमने आने वाले सभी पर्यटकों से आग्रह किया कि वे फोटो खिंचवाने के लिए नदी किनारे और चट्टानी परिदृश्यों की ओर जाने से बचें, ताकि उनकी यात्रा सुखद व सुरक्षित रहे। वहीं, उन्होंने अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग और कमांडिंग अधिकारी-108 आरसीसी ग्रेफ को साइन बोर्ड लगाने और खंड विकास अधिकारी को सभी पंचायतों को इस संबंध में प्रचार-प्रसार करने संबंधी आदेश जारी करने को कहा।

# राष्ट्र स्तर पर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल से खेलेगा जतेहड़ बिहाल का वीरेंद्र

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति के खिलाड़ी वीरेंद्र का चयन राष्ट्रीय स्तरीय सीनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए हुआ है। उनके चयन पर पूरे जतेहड़ बिहाल गांव एवं जिले में खुशी की लहर है।



जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष संजय अंगरूप ने बताया कि 74वीं राष्ट्रीय स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता 5 से 12 जनवरी तक भावनगर (गुजरात) में आयोजित होगी, जिसमें प्रदेश की सीनियर बास्केटबॉल टीम भी भाग लेगी। वीरेंद्र ने अपने स्कूल और कॉलेज के दिनों से ही बास्केटबॉल में रुचि दिखाई थी और अब वे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार हैं। जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति के महासचिव अंकुर राणा ने बताया कि प्रदेश स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के दम पर वीरेंद्र ने हिमाचल की सीनियर टीम में जगह बनाई है। वीरेंद्र की इस उपलब्धि पर उनके पिता भगत राम और माता राज कुमारी ने उन्हें बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि वे वीरेंद्र की इस उपलब्धि पर बहुत गर्व महसूस कर रहे हैं। जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति के चैयरमैन एवं प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेटरी मदन बौद्ध ने बताया कि इस उपलब्धि के लिए बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के ज्वाइंट सेक्रेटरी मुनीष ने भी बधाई दी है और कहा कि यह वीरेंद्र के लिए एक बड़ा अवसर है। मदन बौद्ध ने कहा कि वीरेंद्र आने वाली युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

# दिव्यांग महिला टीम ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

## झारखंड में दिल्ली की टीम को हराकर किया ट्रॉफी पर कब्जा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



दिव्यांगजनों के लिए कार्य कर रही संस्था दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के तत्वाधान में झारखंड के रामगढ़ शहर में छावनी फुटबॉल ग्राउंड में थर्ड दिव्यांग टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम ने दिल्ली को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच हिमाचल बनाम दिल्ली के बीच खेला गया, जिसमें हिमाचल की टीम ने दिल्ली टीम को 9 रनों से हराकर ट्रॉफी को अपने नाम किया। झारखंड के रामगढ़ में आयोजित तीसरी दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता में हिमाचल में अंतरराष्ट्रीय सीटिंग बॉलीबाल खिलाड़ी रचना कुमारी द्वारा दिव्यांग क्रिकेट टीम का चयन किया गया। हिमाचल दिव्यांग क्रिकेट टीम में बिलासपुर से टीम कप्तान रचना कुमारी, रंजना ठाकुर, हेमलता, सपना, मीना, तृप्ता देवी, रेणु कुमारी, जिला हमीरपुर से सोमा देवी, कांगड़ा से उपकप्तान निशा भाटिया, जिला कुल्लू से कांता, ज्योति, किन्नौर से माला भगती ने भाग लिया। टीम की देखरेख के लिए शिक्षक बिलासपुर संगीत चौहान मंडी और कांता देवी कुल्लू से मौजूद रही। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम ने पहली बार भाग लिया। टीम के सभी खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और जोरदार प्रदर्शन कर मैच के अंतिम पड़ाव में जीत हासिल कर ट्रॉफी हिमाचल के नाम की। इस प्रतियोगिता में टीम झारखंड, दिल्ली, ओडिशा और हिमाचल ने भाग लिया। पहले मैच में हिमाचल ने झारखंड को टक्कर दे कर जीत हासिल की। हिमाचल की टीम ने सेमी फाइनल में ओडिशा को हराया और फाइनल मैच दिल्ली के साथ हुआ।

# दो मामलों में 299 ग्राम चरस के साथ 3 लोग गिरफ्तार





अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू जिला पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में 300 ग्राम चरस के साथ 3 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस की जानकारी के अनुसार पहले मामले में बनौन मोड़ के पास पतलीकूहल पुलिस टीम ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए रोका और शक के आधार पर उसकी तलाशी ली, तो उसके कब्जे से 154 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान अजय निवासी बरनोट जिला कुल्लू के रूप में हुई है। वहीं, दूसरे मामले में पुलिस ने भरैन रोड पर छनेट के पास एक स्कूटी की चैकिंग के दौरान 2 लोगों के कब्जे से 145 ग्राम चरस बरामद की। आरोपियों की पहचान अंकुश व दिव्य निवासी सिहारड़ी मुसलमाना कसौली जिला सोलन के रूप में हुई है। उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज होने की पुष्टि करते हुए बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामले दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है।

## निरमंड में जनशिकायत निवारण कमेटी की बैठक एसडीएम निरमंड की अध्यक्षता में हुई आयोजित

# 14 विभागों की आई 65 शिकायतें, जल्द निपटाने के निर्देश

जितेंद्र गुप्ता, आनी



एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह जनशिकायत निवारण कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

निरमंड में उपमंडल स्तरीय जनशिकायत निवारण कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

निरमंड के पंचायत समिति हॉल में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के विभागधिकारियों के अलावा उपमंडल स्तरीय जनशिकायत निवारण कमेटी के गैरसरकारी सदस्य भी मौजूद रहे। बैठक में निरमंड उमंडल के विभिन्न 14 सरकारी विभागों की कुल 65 शिकायतें आई। सबसे ज्यादा 19 शिकायतें लोक निर्माण विभाग और 17 शिकायतें जलशक्ति विभाग की थी। इनके अलावा बिजली बोर्ड, शिक्षा विभाग, वन विभाग, पुलिस, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, राजस्व विभाग, बागवानी विभाग आदि की भी शिकायतें बैठक में आई। जनशिकायत निवारण कमेटी के सदस्यों ने शिकायत की कि लोक निर्माण विभाग की अधिकतर ग्रामीण सड़कें खस्ताहाल हैं, जिनमें गड्ढे पड़े हैं, निकास नालियां बनी नहीं, जिस कारण सड़कें खस्ताहाल हो रही हैं, जबकि कई डंगे काफी समय से लगे ही नहीं हैं, जिस कारण कई रूटों पर बसें नहीं चल पा रही हैं। वहीं लोगों का कहना है कि जलशक्ति विभाग द्वारा पेयजल सप्लाई के लिए लगाए गए टैंकरों की हालत खस्ता है, फलस्वरूप आधा पानी रिस कर बह जाता है, जबकि टैंकरों में फिल्टर की व्यवस्था न होने के चलते गंदा पानी मिल रहा है।

इसके अलावा जनशिकायत निवारण कमेटी में बड़े वाहनों में धड़ल्ले से प्रेशर हॉर्न के इस्तेमाल पर रोष जताया गया है। कमेटी सदस्यों की शिकायत थी कि पुलिस बड़े वाहनों द्वारा दिन में या आधी रात में प्रेशर होरन बजाने वालों के तय नियमों के अनुसार चालान नहीं काटती है। फलस्वरूप पूरे उपमंडल में प्रेशर हॉर्न बेरोकटोक बजाया जाता है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग पर सवाल उठाए की निरमंड स्वास्थ्य खंड में लोगों के जाली अपंगता प्रमाण पत्र बनाए गए हैं, जिसका लोग गलत फायदा उठा रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने सफाई देते हुए कहा कि उनके द्वारा केवल बोर्ड के गठन और गहन निरीक्षण के बाद ही पात्र लोगों के अपंगता प्रमाणपत्र बनाए गए हैं, जबकि जाली प्रमाणपत्र स्वास्थ्य विभाग से नहीं बने हैं। इसके अलावा अवैध खनन को रोकने के लिए कड़े कदम न उठाएं जाने की भी शिकायत बैठक में आई। सभी शिकायतों पर चर्चा करने के बाद एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने सभी विभागों को उपरोक्त समस्याओं का जल्द निपटारा करने के संबंधित विभागों को निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### खतरे में पड़ी बीडीसी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की कुर्सी

**अनंत ज्ञान, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में बीडीसी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की कुर्सी पर अब खतरा मंडराने लगा है। 15 में से आठ सदस्यों ने हस्ताक्षर कर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को कुर्सी से उतारने को ज्ञापन सौंपा है। वार्ड नंबर-12 से भाजपा समर्थित सोनम टशी बीडीसी अध्यक्ष हैं, जबकि त्रिलोकनाथ वार्ड दो से राकेश सिंह उपाध्यक्ष का पद संभाल रहे हैं। 15 सदस्यीय पंचायत समिति में तिंदी वार्ड से रीता, उदयपुर से शीला, तिंगरेट से दलीप सिंह, त्रिलोकनाथ से राकेश सिंह, थिरोट से दिनेश कुमार, जाहलमा वार्ड से प्रोमिला, शांशा से हीरा दासी, गोहरमा से प्रोमिला, तांदी से भावना, गोशाल से विपिन शाशनी, केलांग से केसंग, कोलंग से टशी सोनम, कारदंग से नवांग, गोंदला से प्रोमिला और सिस्सू से अंजू देवी बीडीसी सदस्य हैं। 15 पंचायत समिति सदस्यों वाली लाहौल में भाजपा समर्थित आठ, कांग्रेस के छह और एक निर्दलीय उम्मीदवार था। निर्दलीय सहित एक भाजपा समर्थित बीडीसी ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है, जिससे अब कांग्रेस का पलड़ा भारी हो गया है। कांग्रेस विधायक रवि ठाकुर के भाजपा में चले जाने से भाजपा नेता डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने लाहौल-स्पीति विकास मंच का गठन कर लिया, तब से बीजेपी जिले में लगातार कमजोर चल रही है। जिला पंचायत अधिकारी सचिन ने बताया कि 15 में से आठ सदस्यों ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है। इस सबंध में 10 जनवरी को बैठक रखी गई है।

### 15 से 14 मार्च तक बंद रहेंगे माता हिडिंबा के कपाट

**अनंत ज्ञान, केलांग।** लाहौल घाटी की आराध्य देवी माता हिडिंबा के कपाट 15 जनवरी से 14 मार्च तक बंद रहेंगे। इस बीच माता हिडिंबा स्वर्ग प्रवास पर रहेंगी। माता हिडिंबा जाहलमा के पुजारी व सेवक अनुज पथरू ने कहा कि 15 जनवरी से माता हिडिंबा के मंदिर के कपाट (द्वार) बंद हो जाएंगे। इस वक्त देवी-देवता स्वर्ग प्रवास चले जाएंगे और 14 मार्च तक स्वर्ग प्रवास में रहेंगे। इस वक्त कोई भी आवाज या हलचल मंदिर में नहीं होगी। साथ ही पूजा-पाठ सहित कोई भी देव कार्य नहीं होगा। उन्होंने सभी भक्तों से आग्रह किया कि जब तक मंदिर के कपाट (द्वार) खुलते नहीं, तब तक मंदिर न जाएं। उन्होंने कहा कि मार्च 14 को दोबारा दर्शन के लिए मंदिर खोल दिया जाएगा। उन्होंने सभी भक्तों से सहयोग की अपील की है।

### जमलू देवता के लिए केसर व अनाज किया एकत्रित



**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** देवता जमलू की ऐतिहासिक फेरी वीरवार को नग्गर के शरण गांव से शुरू हुई। जमलू देवता कमेटी के सदस्य (बारी) चेत राम ने जानकारी देते हुए बताया कि इसमें मलाणा से लगभग 150 के करीब पुरुष और महिलाएं यात्रा पर निकली हैं। हर घर से अनाज एकत्रित किया जा रहा है साथ में देवता के लिए केसर भी पैसे के माध्यम से लिया जा रहा है। जमलू देवता मलाणा के बारी (कमेटी सदस्य) इस दल का नेतृत्व कर रहे हैं। वीरवार को घुड़दौड़ में सभी घरों से जाकर अनाज और केसर इकट्ठा कर लिया गया है। इसके उपरांत सभी नग्गर, रूमसू, पुलग, कुलंग होते हुए मनाली हडिंबा तक जाएंगे और हर घर से केसर अनाज एकत्रित करेंगे। उन्होंने आग्रह किया कि सभी देवता जमलू ऋषि को अनाज और केसर देकर देवता का आशीर्वाद प्राप्त करें।

**आयोजन** भुट्टि वीवर्ज सहकारी सभा में 30 बुनकरों के लिए बुनाई कुशलता प्रशिक्षण शिविर का आगाज

# बुनकर प्रशिक्षण शिविर का लाभ उठाकर खुद को बनाएं आत्मनिर्भर : पीएल नेगी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू




भुट्टि वीवर्ज सहकारी सभा में 30 बुनकरों के लिए बुनाई व बुनाई कुशलता के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आगाज हुआ। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडवी) के वितीय सहयोग से बुनकरों के उद्यम विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 3 माह तक चलने वाले इस बुनाई एवं बुनाई कुशलता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उद्योग केंद्र कुल्लू के महाप्रबंधक पीएल नेगी द्वारा किया गया।

वहीं बुनकर सेवा केंद्र कुल्लू के प्रभारी विनय सिंह विशिष्टातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभा अध्यक्ष एवं पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने मुख्यातिथि तथा विशिष्टातिथि का स्वागत टोपी व मफलर के साथ किया। सभा अध्यक्ष ने उपस्थित सभी प्रशिक्षु बुनकरों को कड़ी मेहनत से बुनाई का प्रशिक्षण लेने का आह्वान किया। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि प्रशिक्षण 90 दिन तक चलेगा सभी प्रशिक्षु बुनकरों को बुनाई विद्या से जुड़ी सभी तकनीकी जानकारियां प्रदान की जाएंगी, साथ ही उन्हें स्टाई फंड भी प्रदान किया जाएगा। अध्यक्ष ने सभी मेहमानों का धन्यवाद किया। इस दौरान जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने कहा कि सभी बुनकर इस प्रशिक्षण का लाभ लेकर खुद को आत्म निर्भर बनाएं। भुट्टिको जैसे व्यवस्थित संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त करना आप सभी के लिए सौभाग्य की बात है। बुनकर सेवा केंद्र कुल्लू के प्रभारी विनय सिंह ने प्रशिक्षण ले रहे बुनकरों को संबोधित करते हुए कहा कि बुनकरों को बुनकर सेवा केंद्र की ओर से बुनाई कार्य के लिए 90 प्रतिशत अनुदान हथकरघा पर डिए जाते हैं और जिन बुनकरों के पास वर्कशैड नहीं है। उन्हें शैड निर्माण के लिए 1.20 लाख रुपए तक की अनुदान राशि केंद्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय की ओर से दी जाती है। इस अवसर पर सभा उपाध्यक्ष रोहित ठाकुर, मोहर सिंह, निदेशक निर्मला देवी, कलावती, इंद्रा देवी, आत्मा राम, मुख्य महाप्रबंधक विजय ठाकुर, मुख्य सलाहकार रमेश ठाकुर, सलाहकार बहादुर सिंह, महाप्रबंधक किशन चंद, सूरती देवी, दिनेश ठाकुर, अनूज ठाकुर, कविता ठाकुर, नीना ठाकुर, वीना देवी, ओम प्रकाश ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# मनाली के सिविल अस्पताल में शुरू हुई लेप्रोस्कोपी सुविधा

अनंत ज्ञान, मनाली



मनाली के सिविल अस्पताल में लेप्रोस्कोपी सुविधा शुरू हो गई है। घाटी के लोगों को अब लेप्रोस्कोपी के लिए निजी अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। मनाली अस्पताल की टीम ने समाजसेवियों की मदद से मशीन स्थापित कर दी है।

वीरवार को अस्पताल प्रबंधन में विधिवत पूजा-पाठकर कार्य शुरू किया। लेप्रोस्कोपी की सुविधा मिलते ही अस्पताल के ऑप्रेशन थियेटर की शोभा बढ़ गई है। इससे पहले यह सुविधा न मिलने से लोगों को निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता था। मनाली निवासी प्यारु, दीपलाल, रोशन, रमेश व अमर सिंह ने सिविल अस्पताल मनाली के इस अनूठे प्रयास की सराहना की है। उन्होंने कहा कि जिन समाजसेवियों ने यह नेक कार्य किया है, वह लोग बधाई के पात्र हैं। उन्होंने इस मुहिम को सफल बनाने के लिए डॉ. प्रीत को बधाई दी और सहयोगी समाज सेवियों सहित एसएमओ डॉ. अंचित और बीएमओ नग्गर डॉ. कर्ण का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस अनूठी पहल से लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा मिल रही हैं। बीएमओ नग्गर डॉ. कर्ण ने बताया कि मनाली अस्पताल के सदस्यों ने समाजसेवी लोगों की मदद से लेप्रोस्कोपी मशीन की व्यवस्था की है, अब अस्पताल में लेप्रोस्कोपी सर्जरी भी की जा सकेगी। समाजसेवी सज्जनों सहित अस्पताल प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य सरकारी अस्पताल की सेहत सेवाओं को बेहतर करना है, जिससे जरूरतमंद मरीजों को निजी अस्पतालों का महंगा ईलाज निशुल्क मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### सराहां के अंतर्गत कई गांवों में आज बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, सराहां।** बिजली उपमंडल सराहां के अंतर्गत आने वाले 11 केवी टिककरी पजेली फीडर की जरूरी मरम्मत व रखरखाव के लिए 3 जनवरी को बरासड़ा, धरयार, कांगर धरयार, नई लोठन, घरघोन पलाशों, पौघाट, बागपाशोग, चरानीघाट, खोजर नाड़ब, खड़योग, लोहारड़ी, पथरोटी, गनयाना, पानवा, रिस्तर, कथाड़, भजयाना, मोहना सच्यालि, मेहली थल्पा तथा साथ लगते क्षेत्रों में प्रातः 9 से सायं 6 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता बिजली उपमंडल सराहां ने दी।

### भाटियां स्कूल में 3 लाख से बनेगा खेल मैदान




**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भाटियां में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। इस मौके पर मेधावी व खिलाड़ी सम्मानित किए गए। स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। समारोह का शुभारंभ मुख्यातिथि विधायक हरदीप सिंह बावा, विशिष्टातिथि लक्ष्मी चंद एवं समाज सेवी हरदीप सिंह ने ज्योति प्रज्वलन एवं छात्राओं की ओर से सरस्वती वंदना से किया। विद्यालय के स्टूडेंट्स ने विविधता को समावेशित करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यअतिथि ने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया। विधायक ने युवा शक्ति को दृढ़ संकल्प से राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग देने और स्वच्छ, स्वस्थ एवं नशा मुक्ति हिमाचल एवं भारत की स्थापना के लिए प्रेरित किया। विधायक ने खेल मैदान के निर्माण के लिए 3 लाख देने की घोषणा की और स्कूल के मेन गेट व स्टेज के निर्माण के लिए एस्टीमेट तैयार कर राशि उपलब्ध करवाने की बात कही।

### विस उपाध्यक्ष ने अयोध्या भ्रमण के लिए महिला कांग्रेस दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्रदेश का समग्र और समावेशी विकास सुनिश्चित करने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। यह उद्गार विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने वीरवार को रेणुका जी में महिला कांग्रेस दल को अपने खर्चे पर अयोध्या भ्रमण के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए उनका यह एक कदम है। इस दल में रेणुका विधानसभा की 62 पंचायतों के 7 जोन की 61 महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सात दिवसीय यह यात्रा रेणुका जी से आरंभ होगी और अयोध्या, वृंदावन, मथुरा, काशी, नेम शरण बरसाना कुरुक्षेत्र का भ्रमण करने के उपरांत वापस यहीं पर आकर समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आर्थिक को सुदृढ़ करने के लिए महिलाओं को समय सहायता समूह से जोड़ गया है, ताकि महिलाओं को स्वयं तैयार किए गए अपने उत्पादों को स्थानीय बाजारों में उचित दमों पर बेच सके।

### बाल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक



**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला दंडाधिकारी मनमोहन शर्मा ने कहा कि बाल कल्याण एवं बाल संरक्षण की दिशा में प्रभावी कार्य के लिए इन दोनों महत्वपूर्ण विषयों को समदृष्टि से देखा जाना आवश्यक है। मनमोहन शर्मा बाल श्रम के लिए जिला स्तर पर गठित कार्यबल समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मनमोहन शर्मा ने कहा कि बाल संरक्षण के लिए सजग रहकर बाल कल्याण सुनिश्चित बनाया जा सकता है और इस दिशा में सभी को सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है। बाल मजदूरी को विभिन्न सरकारी विभागों, स्वयं सेवी संस्थाओं और औद्योगिक संस्थाओं एवं उद्योगों को आपसी समन्वय से कार्य करने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त ऐसा वातावरण बनाना भी आवश्यक है कि किसी मजबूरी के कारण बच्चों को मजदूरी न करनी पड़े। उन्होंने कहा कि 14 वर्ष से कम आयुवर्ग के बच्चों से किसी भी व्यापारिक प्रतिष्ठान, भूमिगत खदानों, ज्वलनशील और विस्फोटक पदार्थ वाले स्थान तथा इसी तरह के कई अन्य खतरनाक व्यवसाय आदि में कार्य करवाना कानूनी रूप से अपराध है। ऐसा करने वाले के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि चाय की दुकान, ढाबा, होटल, सड़क किनारे खाने-पीने वाले विभिन्न व्यवसाय तथा घरों में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वैतनिक अथवा अवैतनिक आधार पर कार्य पर रखना कानूनन अपराध है। उन्होंने कहा कि किशोर श्रमिक जिनकी आयु 14 से 18 वर्ष के मध्य है, उन्हें खतरनाक एवं जोखिम भरे व्यवसायों व प्रक्रियाओं में कार्य करवाना विधिक रूप से निषेध है।

### महिलाओं की सुरक्षा करना जिम्मेदारी : एएसपी

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** पुलिस थाना मानपुरा के अंतर्गत हर-रायपुर क्षेत्र में एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला, जो अपना नाम सुमन बता रही थी, लेकिन इसके अतिरिक्त कुछ भी जानकारी नहीं दे पा रही थी। थाना प्रभारी सुशील धीमान के नेतृत्व में महिला को पुलिस को सुरक्षा एवं संरक्षण में लिया गया। पुलिस की जानकारी के अनुसार कहा गया कि उक्त महिला को जनवरी 2025 को न्यायालय जेएमआईसी नालागढ़ के समक्ष मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम, 2017 के तहत आदेश प्राप्त करने के लिए पेश किया गया। न्यायालय ने मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम, 2017 की धारा 102 के तहत आदेश जारी करते हुए महिला को उपचार के लिए हिमाचल के मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास संस्थान, बालूगंज, शिमला में भर्ती करवाने के निर्देश दिए, जिसे 2 जनवरी 2025 को बद्दी पुलिस द्वारा उपरोक्त संस्थान में भर्ती करवाया गया। एएसपी अशोक वर्मा ने कहा कि बद्दी पुलिस मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों की देखभाल और उन्हें उचित उपचार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और बद्दी पुलिस के इस कृत्य से मानवीय चेहरे को प्रदर्शित करता है।

### थाना प्रभारी ने सिखाईं कानून की बारीकियां




**रजनीश ठाकुर, बद्दी।** बद्दी पुलिस ने (स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरियंशियल लर्निंग प्रोग्राम) के तहत छात्रों को पुलिस कार्यप्रणाली और चुनौतियों से परिचित करवाने का अनूठा कदम उठाया है। इस प्रोग्राम में बद्दी के थानों से अलग-अलग स्कूलों का चयन किया गया है। इन छात्रों को बद्दी पुलिस की वर्किंग, चुनौतियों और उनके समाज से जुड़ाव के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के तहत बुड बद्दी स्कूल के विद्यार्थियों को कम्युनिटी पुलिसिंग से अवगत करवाया गया। थाना प्रभारी सुशील धीमान ने उन्हें कानून की बारीकियां सिखाईं। सुशील धीमान ने कहा कि छात्रों को थाने के कामकाज से लेकर अन्य पुलिस कार्यालयों की गतिविधियों तक की जानकारी दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# सफेद हाथी साबित हुई स्वीपिंग मशीन

## नगर निगम को एक वर्ष में इंश्योरेंस के तौर पर चुकाने पड़ रहे एक लाख रुपए

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहरी विकास विभाग से सोलन नगर निगम को मिली स्वीपिंग मशीन सफेद हाथी साबित हो रही है। विभाग ने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत शिमला नगर निगम से करीब 2 करोड़ रुपए की लागत से स्वीपिंग मशीन खरीदी थी पर शिमला की भूगोलिक परिस्थितियों के चलते इसे करीब एक वर्ष पहले नगर निगम सोलन को सौंपा गया था। इसमें आंशिक मरम्मत कर निगम ने सड़कों पर तो उतारा पर इसमें कई खामियां सामने आई।

मसलन इससे संचालित करने में कम से कम तीन लोगों की जरूरत रहती है। साथ ही इसका संचालन मात्र मालरोड पर ही हो सकता है। मालरोड पर हर समय वाहनों का रश होने से इसका संचालन संभव नहीं हो रहा है, जबकि अन्य सड़कों की चौड़ाई कम होने से मशीन को संचालित करना मुश्किल है। इतना ही नहीं निगम परिसर में कई वाहन ऐसे हैं, जिनका संचालन नहीं हो रहा है। ऐसे वाहन जंग खा रहे हैं पर लोगों को पार्किंग की जगह नहीं मिलती है। (अनंत ज्ञान)





नगर निगम सोलन परिसर में पार्क स्वीपिंग मशीन (दाएं) नगर निगम परिसर में पार्क कंडम वाहन।

### निगम में कबाड़ बन रहे पुराने वाहन

**नगर** निगम परिसर में कई ऐसे वाहन पार्क हैं, जिनका उपयोग नहीं हो रहा है। इसमें कार्यकारी अधिकारी का वाहन पिछले तीन वर्षों से परिसर के बहार जंग खा रहा है। इसी तरह कुछ कूड़ा वाहन भी निगम की पार्किंग में पार्क किए गए हैं। निगम की पार्किंग फुल होने से यहां ऑफिस कार्य के लिए आने वाले लोगों को पेड पार्किंग में अपने वाहन पार्क करने को मजबूर होना पड़ता है। हैरानी की बात है कि कंडम हो चुके वाहनों को नीलाम करने के बजाए निगम के आसपास पार्क किया गया है। इससे निगम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### नगर निगम पर इंश्योरेंस का बोझ

**नगर** निगम शिमला ने सोलन निगम को बिना किसी लागत से स्वीपिंग मशीन तो दी पर अब निगम के लिए बोझ बन कर रह गई है। दरअसल करीब दो करोड़ रुपए की लागत वाली इस मशीन पर वार्षिक इंश्योरेंस पर करीब एक लाख रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। पेट्रोल से संचालित होने के चलते इसका खर्च भी अधिक है। इंश्योरेंस नहीं करने की स्थिति में इसकी फंक्शनिंग संभव नहीं है, ऐसे में अब नगर निगम इस मशीन को नगर निगम शिमला को वापस भेजने की तैयारी कर रहा है। इस संदर्भ में निगम जल्द यूडी को पत्र लिखेगा।



**स्वीपिंग** मशीन को ट्रायल के तौर पर सोलन लाया गया था पर वार्ड एरिया में सड़क तंग होने और रोड साइड पार्किंग के कारण इसका संचालन नहीं हो पा रहा है। इसकी इंश्योरेंस पर भी हर वर्ष करीब एक लाख रुपए का खर्च आएगा। ऐसे में इससे वापस शहरी विकास विभाग को भेजा जाएगा।

**उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

# नालागढ़ में ट्रामा सेंटर का स्टाफ नहीं, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान बीबीएन**



औद्योगिक हब बीबीएन के नालागढ़ अस्पताल में लंबी जद्दोजहद के बाद ट्रामा सेंटर तो शुरू हो गया, लेकिन कई माह बाद भी ट्रामा सेंटर का स्टाफ मुहैया नहीं हो पाया है। स्टाफ व पर्याप्त सुविधा न होने के चलते अक्सर गंभीर रोगियों को रेफर करना पड़ता है। आईसीयू की सुविधा भी यहां उपलब्ध नहीं है, जिसमें रोगियों को रखा जा सके। स्थानीय डॉक्टरों के सहारे यहां केवल कुछ एक विभागों की ही ओटी चल रही है, जबकि यहां पर न्यूरो सर्जन सहित अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है। वहीं, ट्रामा सेंटर के हिसाब से यहां स्टाफ तैनात नहीं है।

सीएचसी नालागढ़ का स्टाफ ही ट्रॉमा सेंटर में स्वास्थ्य सेवाएं दे रहा है। जानकारी के अनुसार बीबीएन में काफी समय से ट्रॉमा सेंटर की मांग हो रही थी और करीब 2 वर्ष पहले इसे खोला गया था, ताकि दुर्घटनाग्रस्त सहित अन्य रोगियों को तुरंत ईलाज हो सके और जिंदगियों को बचाया जा सके। नालागढ़ में ट्रॉमा सेंटर के लिए गंभीरता से प्रयास हुआ और नवंबर-2021 में लोक निर्माण विभाग की ओर से भवन निर्माण का कार्य शुरू हुआ। अब भवन बनकर तैयार होने के बाद यहां पर इसका संचालन भी आरंभ हो गया है, लेकिन यहां पर ट्रामा सेंटर के लिए स्टाफ ही नहीं मिल सका है। ट्रॉमा सेंटर तो खुल गया है, लेकिन पर्याप्त सुविधाएं न होने के चलते रोगियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। बीएमओ नालागढ़ डॉ. मुक्ता रस्तोगी ने बताया कि इस बारे में विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है और ट्रामा सेंटर के लिए स्टाफ मुहैया करवाने के लिए कहा गया है।

### स्टाफ की कमी से लोग परेशान : पूर्व विधायक

**नालागढ़** के पूर्व विधायक केएल ठाकुर ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र होने के चलते यहां दुर्घनाग्रस्त व इमरजेंसी में मरीज लाए जाते हैं, लेकिन ट्रामा सेंटर का स्टाफ न होने के चलते उन्हें अक्सर रेफर करना पड़ता है। उन्होंने जल्द स्टाफ मुहैया करवाने की मांग की है।

# डुमैहर में 283 ग्राम चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**




पुलिस थाना कुनिहार की टीम गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए शाम डुमैहर रोड पर मौजूद थी, तो उसी समय डुमैहर की तरफ से दो युवक को पुलिस टीम द्वारा काबू किया गया। आरोपी अमन पुत्र राम सिंह गांव मोरी डाकघर परोला तह. नौगांव जिला उत्तरकाशी उत्तराखंड उम्र 21 साल, जबकि दूसरा युवक नाबालिग पाया गया।

आरोपियों से 283 ग्राम चरस पाई गई, जिस पर थाना कुनिहार में उपरोक्त अभियोग दर्ज कर आरोपी अमन पुत्र उम्र 21 साल को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसे अदालत में पेश कर 3 दिन पुलिस डिमांड मिला है। नाबालिग को माननीय पीएमजेजेबी सोलन के समक्ष पेश किया जा रहा है। इनके पूर्व अपराधिक रिकार्ड का भी पता किया जा रहा है। अभियोग का अन्वेषण जारी है ।

# मामा की हत्या मामले में पांच घंटे के भीतर भांजा पंजाब से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

ओच्छघाट स्थित केटीएस स्कूल के चेयरमैन जितेंद्र सिंह की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को जुझार नगर पंजाब से गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि हत्या के बाद पांच घंटे के अंदर मामला सुलझाया गया। एसपी गौरव सिंह ने कहा कि पंजाब में संपत्ति विवाद के चलते स्कूल चेयरमैन जितेंद्र सिंह की हत्या उसी के भांजे तजिंद्र सिंह ने की है।



एसपी गौरव सिंह।

तजिंद्र सिंह उर्फ सोनू पुत्र ओमप्रकाश निवासी साहिबजादा जुआर सिंह नगर जिला रूपनगर पंजाब उम्र 39 वर्ष कुछ दिन पहले ही जितेंद्र सिंह निंदी के स्कूल स्थित आवास में आया था। एसपी के मुताबिक एक जनवरी-2025 को थाना सदर सोलन में सूचना प्राप्त हुई कि गाव सैंज ओच्छघाट स्थित केटीएस स्कूल के चेयरमैन जितेंद्र सिंह के साथ एक व्यक्ति द्वारा मारपीट की गई है, जिन्हें ईलाज के लिए एमएमयू अस्पताल सुल्तानपुर ले जाया गया है, जिस सूचना पर पुलिस थाना सदर सोलन की टीम पहुंची। इसी दौरान मारपीट की उपरोक्त वारदात में घायल हुए जितेंद्र की उपचार के दौरान एमएमयू अस्पताल सुल्तानपुर में मौत हो गई।



अनंत ज्ञान फॉलोअप

वारदात के संदर्भ में मौके पर केटीएस स्कूल की निदेशक ने पुलिस के पास रिपोर्ट दर्ज करवाई कि यह व जितेंद्र सिंह स्कूल के साथ बने एक भवन में रहते हैं। करीब 5/6 दिन पहले जितेंद्र सिंह का भांजा सोनू सरहिंद से यहां आया हुआ था। एक जनवरी 2025 को सुबह समय करीब 8.45 बजे यह अपने बाथरूम में थी, तो इन्हें जितेंद्र सिंह के कमरे से कुछ आवाजें सुनाई दी। इन्होंने कमरे में जाकर देखा, तो जितेंद्र अपने बैड पर लहूलुहान पड़ा था और सोनू हाथ में कुल्हाडी लेकर खड़ा था। इन्होंने सोनू को कहा कि तुमने यह क्या कर दिया, तो सोनू ने इन्हें धक्का मारकर बाथरूम में बंद करके बाहर से कुंडा लगा दिया और खुद मौके से भाग गया, जिस पर उपरोक्त अभियोग थाना सदर सोलन में पंजीकृत किया गया। एसपी का कहना है कि जिला पुलिस द्वारा हत्या की इस वारदात को मात्र 5 घंटों के अंदर ही सुलझा लिया गया है। आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकार्ड की पड़ताल की जा रही है। आरोपी को वीरवार को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड मिला है।

# प्रदेश को संतुलित विकास का आदर्श बनाना सरकार का लक्ष्य : अवस्थी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि अर्की के प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओं का उचित निदान करना और विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत अधोसंरचना को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता है। संजय अवस्थी अर्की में लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत उपस्थित जनसमूह से वार्तालाप कर रहे थे।



अर्की में लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान संबोधित करते विधायक संजय अवस्थी।

विधायक ने इस अवसर पर सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं और आशा जताई कि सभी के सहयोग से हिमाचल देश में पहाड़ी क्षेत्रों में संतुलित विकास का आदर्श बनकर उभरेगा। अवस्थी ने कहा कि अर्की का सर्वांगीण विकास करने के लिए वह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि तथा रोजगार एवं स्वरोजगार क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। प्रदेश के बच्चों को सरकारी विद्यालयों में पहली कक्षा से ही अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्रदान करने के निर्णय से हमारे छात्र जहां विश्व स्तर पर अधिक प्रतियोगी बनेंगे। वहीं, तकनीक के क्षेत्र में होने वाले नित बदलावों को सहजता से ग्रहण भी कर पाएंगे।

विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में दीर्घकालिक परिवर्तन करने की दिशा में अग्रसर है। प्रदेश में चरणबद्ध आधार पर रॉबोटिक्स शल्य चिकित्सा सहित व्यापक स्तर पर टेलीमेडिसन और ड्रोन के माध्यम से दुर्गम क्षेत्रों में दवाई आदि पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इनसे बहुमूल्य जीवन बचाने में सहायता मिलेगी। प्रदेश सरकार कृषि क्षेत्र में विविधता लाने और किसानों को उनकी उपज के बेहतर मूल्य दिलाने के लिए कार्य कर रही है। प्राकृतिक कृषि के उत्पादों को बेहतर मूल्य दिलाने के लिए मक्की उत्पाद के साथ नवीन शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि युवाओं को बेहतर रोजगार उपलब्ध करवाने और उन्हें वित्तीय रूप से ठोस स्वरोजगार स्थापित करने की दिशा में राजीव गांधी स्टार्टअप योजना मील का पत्थर सिद्ध हो रही है।

# कीप्स में अंडर-19 वॉलीबाल नेशनल गेम्स के लिए हुआ ट्रायल

**अनंत ज्ञान, कसौली**



कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सनवारा में अंडर-19 वॉलीबाल नेशनल गेम्स के लिए प्रदेश की लड़कियों की अंडर-19 टीम का कोचिंग कैंप 27 दिसंबर से दो जनवरी तक आयोजित किया गया। टीम के सहायक कोच अशोक चौहान ने बताया कि नेशनल गेम्स आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में छह से 10 जनवरी तक आयोजित होंगी।

इसके लिए टीम शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के लिए रवाना होगी। उन्होंने बताया कि 12 सदस्यीय टीम में ईशानी, सलोनी, मुस्कान, ऐशली, निहारिका, प्राकृति, स्वैन, मान्या शर्मा, अक्षरा, दिव्यंका, मुस्कान व पलक शामिल हैं। उन्होंने स्कूल में कोचिंग कैंप के लिए स्कूल के एमडी हीरा ठाकुर के प्रयासों की भी सराहना की। इस दौरान एचओडी प्रदीप कंवर, कोच जितेंद्र धौल्टा व टीम मैनेजर मनोरमा शर्मा आदि मौजूद रहे। स्कूल एमडी ने भी प्रदेश की अंडर-19 टीम को जीत के लिए शुभकामनाएं दीं।

# दाड़लाघाट में हाई मास्ट लाइट कई दिनों से बंद

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

अंबुजा चौक दाड़ला में पंचायत दाड़लाघाट और अंबुजा फाउंडेशन द्वारा लाखों रुपए की लागत से लगाई गई हाई मास्ट लाइट पिछले कई दिनों से बंद पड़ी है, जिससे स्थानीय लोगों, दुकानदारों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रात के समय दृश्यता कम होने पर सड़क पार करने में परेशानी होती है और हादसे का अंदेशा बना रहता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह लाइट महीने में केवल 10-12 दिन ही जलती है और अब कई दिनों से बंद हैं, लेकिन इन्हें दुरुस्त करवाने की अभी तक किसी ने जहमत नहीं उठाई है। इसके अलावा अंधाधुंध वाहनों के चलने से जान का खतरा बना रहता है। लोगों का कहना है कि इसका खामियाजा स्थानीय लोगों, दुकानदारों और राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है।



लोगों में समाजसेवी अनिल गुप्ता, मनोज गौतम, श्याम लाल, कृष्ण चंद, प्रेम केशव, कमलेश गौतम आदि ने कहना कि अंबुजा चौक में लगी हाई मास्ट लाइट खुद की लाइट के लिए ही तरस गई है, जिसे दूसरों को रोशनी देनी थी, वह खुद ही अंधेरे में एक बूत की तरह खड़ी है। इससे यहां चारों ओर अंधेरे का मातम छाया हुआ है। लोगों ने पंचायत और अंबुजा कंपनी से आग्रह किया कि वे इस लाइट को जल्द ठीक करवाएं, ताकि स्थानीय लोगों को राहत मिल सके।

**पंचायत** प्रधान दाड़ला बंसी राम भाटिया ने कहना कि हाई मास्ट लाइट का रखरखाव अंबुजा फाउंडेशन द्वारा किया जाता है इसलिए इसकी देखभाल और मरम्मत की जिम्मेदारी भी उन्हीं की है। उम्मीद है कि जल्द ही अंबुजा फाउंडेशन इस समस्या का समाधान करेगी।

**सहायक** अभियंता बिजली उपमंडल दाड़लाघाट सचिन आर्य का कहना है कि अंबुजा चौक दाड़ला में लगी हाई मास्ट लाइट का रखरखाव बिजली विभाग के पास नहीं है, बल्कि इसकी देखरेख पंचायत द्वारा की जाती है।

**अंबुजा** सीमेंट लिमिटेड दाड़ला के यूनिट हेड राजेंद्र कुर्मी का कहना है कि वर्तमान में अंबुजा कंपनी में शट डाउन चल रहा है, लेकिन जल्द ही हाई मास्ट लाइट को ठीक करवा दिया जाएगा।

# टेनिस वॉलीबाल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंची प्रदेश टीम

**अनंत ज्ञान, सोलन**

टेनिस वॉलीबाल प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम इस बार बेहतर प्रदर्शन कर रही है।

गाजीपुर में आयोजित 26वीं राष्ट्रीय टेनिस वॉलीबाल प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम ने मिक्स्ड डबल्स में बिहार, आंध्र प्रदेश, यूपी व गुजरात की टीमों को पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। प्रदेश टेनिस वॉलीबाल एसोसिएशन के महासचिव गोबिंद सिंह ने बताया कि हिमाचल की गर्ल्स टीम ने भी सेमीफाइनल में जगह बना लगी है। हिमाचल की टीम ने महाराष्ट्र की टीम को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। हिमाचल की टीम कोच नितेश कुमार व ज्ञान मेहता की देखरेख में इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही है।



### ये खिलाड़ी प्रतियोगिता में दिखा रहे दमखम

**जूनियर** ब्वॉयज टीम में रजत, पीयूष, कार्तिक, युग, तेजस ठाकुर, कार्तिक ठाकुर व आदर्श भंडारी शामिल हैं। इसी प्रकार सब जूनियर टीम में सपनेश, संजय, दक्ष रावत, अभिज्ञ, शाविक, आदित्य व अभिमन्यु चौहान शमिल हैं। इसी प्रकार हिमाचल सब जूनियर गर्ल्स टीम में दीपांशी, निवेदिता, रितिका, पल्लवी, प्रीतिका, आस्था व हर्षिता जबकि जूनियर गर्ल्स टीम में दिव्यांशी चौहान, प्रिया, अंजलि और गुंजन शामिल हैं।

**आरोप** भारतीय ओलंपिक संघ के संयुक्त रूप से टीम के ट्रायल करवाने के दिए थे निर्देश, हैंडबॉल संघ के किसी भी पत्र का नहीं दिया जवाब

# प्रदेश ओलंपिक संघ पर ट्रायल में सहयोग न करने का लगाया आरोप

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल संघ के प्रदेश ओलंपिक संघ पर टीम ट्रायल में सहयोग न करने और भारतीय ओलंपिक संघ दिशा-निर्देश की अवहेलना करने का आरोप लगाया है।

उपाध्यक्ष देशराज ठाकुर और महासचिव नंदकिशोर शर्मा ने कहा कि हिमाचल ओलंपिक संघ को राष्ट्रीय खेलों को आयोजित कर रही देश की सर्वोच्च खेल संस्था भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा 20 दिसंबर 2024 को ईमेल के माध्यम से भेजे गए पत्र में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाली प्रदेश की हैंडबॉल टीमों का चयन संबंधित राज्य ओलंपिक संघ और राज्य हैंडबॉल संघ द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना आवश्यक है। इस संदर्भ में हिमाचल हैंडबॉल संघ द्वारा 24 से 29 दिसंबर तक हिमाचल ओलंपिक संघ को पांच ईमेल्स भेजी गई तथा अनुरोध किया कि भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रदेश ओलंपिक संघ हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल संघ के साथ समायोजन बनाकर राष्ट्रीय खेलों के लिए चयन प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से आयोजित करे।



हैंडबॉल संघ के द्वारा हिमाचल ओलंपिक संघ को यह भी बताया गया कि चयन प्रक्रिया का आयोजन 31 दिसंबर अथवा 1 जनवरी को किया जाए, जिससे वर्तमान में प्रदेश से बाहर एक अन्य राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने गए राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को इस चयन प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर मिल सके। प्रदेश की 16 राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ियों, जिनमें 7 खिलाड़ी 2023 एवं 2024 में राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुकीं थी उन्होंने ईमेल के माध्यम से प्रदेश ओलंपिक संघ से अनुरोध किया कि ट्रायल को एक और दिन के लिए बढ़ा दिया जाए, जिससे उन्हें भी चयन प्रक्रिया में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके, लेकिन हिमाचल ओलंपिक संघ द्वारा प्रदेश हैंडबॉल संघ के किसी भी पत्र का जवाब नहीं दिया गया और न ही खिलाड़ियों की मांग पर कोई विचार किया गया तथा हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल संघ को विश्वास में लिए बिना ही प्रेस रिलीज जारी कर 30 दिसंबर को ऊना में हैंडबॉल के ट्रायल करवा दिए गए। प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव की जानकारी में यह भी नहीं बताया गया कि ऊना के किस मैदान में कितने बजे यह ट्रायल आयोजित किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### वरदान आयुर्वेदिक के एमडी होटल रैनेसेंस में 4 को देंगे सेवाएं

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** वरदान आयुर्वेदिक के एमडी सुभाष गोयल अपनी विशेषज्ञों की टीम के साथ 4 जनवरी को होटल रैनेसेंस, फिरोजपुर और 5 जनवरी को होटल एमसन प्राइड, बठिंडा में अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। आप जानते हैं कि पेड़-पौधे से निकलने वाला गोंद सरल भाषा में स्नेहन या ग्रीज के रूप में कार्य करता है। मानव शरीर में अगर आप इस गोंद जैसी औषधि का सेवन डॉक्टर की सलाह से करेंगे तो कोई भी बीमारी इंसान के शरीर को जल्दी छू भी नहीं पाएगी। जैसा कि एक पेड़ का उपहार है- काला रस, जिसके सेवन से मानव शरीर में गठिया, साइटिका, पीठ दर्द, रीढ़ की हड्डी (डिस्क) में दर्द, मांसपेशियों/नसों में दर्द, घुटनों में दर्द/गैप, गर्दन में दर्द, सर्वाइकल, कोहनी का दर्द, कलाई/बांह का दर्द, माइग्रेन का दर्द जैसी शारीरिक, मानसिक समस्याओं के साथ- साथ शरीर की 100 बीमारियों के लिए एक दवा के रूप में काम कर सकता है। हां-हां इससे पंचम रस बनता है। पंचम रस में कई तरह के पोषक तत्व होते हैं पंचम गोंद पेट की सभी प्रकार की समस्याओं जैसे कब्ज, गैस, एसिडिटी, खट्टी डकारें, आदि में उपयोगी है। यह पाचन क्रिया को बेहतर बनाकर भोजन पचाने में भी सहायक है। ये दोनों डायबिटीज को भी जड़ से नियंत्रित करते हैं।

### हिम एकता वेलफेयर ने नववर्ष पर लगाया भंडारा




**अनंत ज्ञान, पंचकूला।** नववर्ष के शुभ आगमन के उपलक्ष्य पर हिम एकता वेलफेयर महासंघ रजि पंचकूला द्वारा सिद्ध सर्व सांझा लंगर लगाया। महासंघ के संचालक प्रमुख विक्रांत शर्मा ने बताया कि सेक्टर 11-14 की रोड़ के किनारे शाम को चाय, हलवा व रस पकौड़ा का सर्व सांझा लंगर लगाया गया। इस लंगर में ऊमेश शर्मा, देशराज ठेकेदार, अशोक प्रधान, प्रवीण बाली, विनोद शर्मा, नरेश कुमार शर्मा, तिलकराज राणा, सुशील पंडित , जगदीश नलोट, संजीव कुमार, ललित शर्मा, राकेश शर्मा, विनोद शर्मा ढकौली ने भी सेवा करते हुए राहगीरों में प्रसाद बांटा। इस मौके पर महासंघ के प्रमुख संचालक पत्रकार विक्रांत शर्मा ने कहा कि यह लंगर व सेवा मानवता के भले के लिए लगाया जाता है। इस अवसर पर महासंघ द्वारा चलाया गया जन्मदिन अनूठा मिशन के तहत कार्यकारी सदस्य जगदीश नलोट का जन्मदिन भी मनाया गया ओर उन्हें महासंघ की तरफ से शुभकामनाएं व बधाई दी गई।

### नए साल में तीन युवक गेस्ट हाउस में मिले मृत

**अशोक ठाकुर, जम्मू।** नए साल का जश्न मनाने गए तीन युवकों के शव भद्रवाह के एक गेस्ट हाउस में संदिग्ध परिस्थितियों में मिले हैं। इनमें से दो युवक जम्मू के दोमाना व पुरखू के रहने वाले हैं। जबकि तीसरे के बारे में आधी रात तक कोई पुष्टि नहीं हो सकी थी। एसएसपी भद्रवाह संदीप मेहता का कहना है कि मामले की जांच जारी है। कमरे में जलती हुई सिगड़ी मिली है। इससे प्रथम दृष्टया दम घुटने से मौत की आशंका है। युवकों के परिजन मौके पर पहुंच चुके हैं। मृतकों की पहचान मुकेश सिंह निवासी दोमाना (39), अशुतोष सिंह निवासी, भेला डोडा, पुरखू के रूप में हुई है। जबकि सन्नी चौधरी कहां का रहने वाला है इसका पता लगाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि आशुतोष की अपनी पैथोलाजी है, जबकि मुकेश की अपनी एक दुकान बताई जा रही है। एसएचओ संदीप परिहार ने बताया कि तीनों युवक नए साल का जश्न मनाने 31 दिसंबर को भद्रवाह पहुंचे थे। वे बस स्टैंड के पास एक गेस्ट हाउस में रुके थे। मंगलवार की सुबह घर वालों ने उन्हें फोन किया परंतु फोन नहीं उठने पर वे काफी देर तक इंतजार करते रहे। उसके बाद भी फोन नहीं आया तो उन्होंने स्थानीय पुलिस को रात को सूचना दी। उन्हीं की सूचना पर पुलिस ने उनकी तलाश शुरू की। इसके बाद पुलिस ने गेस्ट हाउस की पार्किंग से वाहन को ट्रेस किया और गेस्ट हाउस की छानबीन कर कमरे को खुलवाया। तीनों युवकों के शव बेड पर पड़े हुए थे।

### आरिफ मोहम्मद खान बने बिहार के राज्यपाल



**पटना।** आरिफ मोहम्मद खान ने वीरवार को बिहार के राज्यपाल पद की शपथ ली। पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन ने राजभवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, कई राज्य मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। खान इससे पहले केरल के राज्यपाल रह चुके हैं। उन्होंने राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर का स्थान लिया है, जिन्हें अब केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

### एयर इंडिया के विमानों में वाई-फाई सेवा शुरू

**मुंबई।** एयर इंडिया ने एयरबस ए350 और बोइंग 787-9 विमानों के बेड़ों के साथ चुनिंदा एयरबस ए321 नियो विमानों में भी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के दौरान वाई-फाई इंटरनेट सेवाएं देनी शुरू कर दीं। एयर इंडिया ने कहा कि अब वह भारत के भीतर उड़ानों में वाई-फाई कनेक्टिविटी की पेशकश करने वाली पहली एयरलाइन बन गई है। यह सुविधा आईओएस या एंड्रॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम वाले लैपटॉप, टैबलेट और स्मार्टफोन उपकरणों पर उपलब्ध होगी। हालांकि, विमान के 10 हजार फुट से ऊंचाई पर जाने के बाद ही यात्री वाई-फाई सेवा का इस्तेमाल कर सकेंगे।

### लास वेगास विस्फोट की जांच के आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने लास वेगास के ट्रंप होटल के बाहर हुए एक विस्फोट के मामले की जांच करने का आदेश दिया। यह विस्फोट एक साइबर ट्रक में हुआ था। बाइडेन ने कहा कि यह विस्फोट एक गंभीर घटना है और इसकी जांच की जा रही है। बाइडेन ने इस विस्फोट को न्यू ऑरलियन्स में हुए एक हमले से जोड़ने की कोशिश भी की। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि दोनों घटनाओं के बीच कोई सीधा संबंध है या नहीं लेकिन बाइडन के अनुसार अधिकारियों को हर पहलू की जांच करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी लिंक (संपर्क) हो तो उसे तुरंत सामने लाया जाए।वहीं, बाइडेन लिज चेनी और बेनी थॉम्पसन को दूसरा सर्वोच्च नागरिक पदक प्रदान करेंगे। ये वे सांसद हैं, जिन्होंने छह जनवरी 2021 को डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों की ओर से यूएस कैपिटल (संसद भवन परिसर) में हुए हिंसक दंगे की सरकार की जांच का नेतृत्व किया था।

# डल्लेवाल को कुछ हुआ, तो केंद्र जिम्मेदार : सीएम मान

## कहा-केंद्र सरकार जानबूझ कर किसानों से बात नहीं करना चाहती

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने किसान नेता डल्लेवाल और किसान आंदोलन को लेकर केंद्र सरकार पर आरोप लगाए हैं। मान ने कहा कि अगर डल्लेवाल को कुछ होता है, तो इसके लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार होगी।

शंभू व खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन और किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। सीएम मान ने आरोप लगाए हैं कि केंद्र सरकार जानबूझ कर किसानों से बात नहीं करना चाहती। मुख्यमंत्री भगवंत ने वीरवार को कहा कि केंद्र सरकार अपना अड़ियल रवैया छोड़कर किसानों से तुरंत बातचीत शुरू करें। मान ने कहा कि वह रोजाना केंद्र से बातचीत कर रहे हैं कि इस गतिरोध को खत्म किया जाना चाहिए। बावजूद इसके केंद्र किसानों को बातचीत के लिए नहीं बुला रहा है। (अनंत ज्ञान)



### पंजाब का माहौल खराब न हो

मान ने कहा कि किसाना दिल्ली जाना चाहते हैं और हरियाणा सरकार उनको रोककर बैठी है। उन पर आंसू गैस के गोले व पानी की बौछार की जा रही है। इन सब के लिए जिम्मेदार पंजाब को ठहराया जा रहा है। मान ने कहा कि केंद्र सरकार पंजाबियों को आपस में लड़ाना चाहती है। मैं नहीं चाहता कि पंजाब में कोई माहौल खराब हो। किसान नेता डल्लेवाल से भी उन्होंने बातचीत कर अपील की है कि वह अपनी सेहत का ध्यान रखें, क्योंकि इस तरह के लंबे आंदोलन के लिए उनकी जरूरत है।

### पंजाब में लागू नहीं होगी कृषि मंडी नीति

**मान** ने कहा कि नई कृषि मंडी नीति पंजाब सरकार को मंजूर नहीं है। तीनों कृषि कानूनों को वापस इस नीति के जरिए लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्र को पत्र लिखकर साफ कर देंगे कि पंजाब में यह नीति लागू नहीं की जाएगी।

### सभी मांगें केंद्र सरकार से संबंधित

**मान** ने कहा कि किसानों की सभी मांगें केंद्र से संबंधित है, लेकिन लोकसभा चुनाव के बाद जुलाई माह से कोई बातचीत नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि डल्लेवाल की सेहत के लिए 50 डॉक्टरों की टीम को तैनात किया हुआ है। इसी तरह खनौरी बॉर्डर के पास ही एक हवेली को अस्पताल में तब्दील कर दिया है, ताकि किसी भी तरह की इमरजेंसी में वहां डल्लेवाल को शिफ्ट किया जा सके। डल्लेवाल को अगर कुछ भी होता है, तो इसके लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार होगी।

## 11 साल केजरीवाल ने दिल्ली की जनता की आंखों में झोंकी धूल : चुग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने चंडीगढ़ में भाजपा के पंजाब प्रदेश संगठन की बैठक को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी, अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर तीखा प्रहार किया।

उन्होंने कहा कि नई राजनीति के दावे करने वाली आप और केजरीवाल, कांग्रेस परिवारवाद और भ्रष्टाचार वाली राजनीति के रास्ते पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपीए-कांग्रेस की सरकारों में प्रधानमंत्री के ऊपर एक सुपर पीएम हुआ करते थे, ठीक उसी तरह दिल्ली और पंजाब की सरकार में मुख्यमंत्रियों के ऊपर एक सुपर सीएम मौजूद हैं। चुग ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो वादे करती है, उसे पूरा करती है, लेकिन अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी के वादे केवल जनता को गुमराह करने के लिए होते हैं। भारत की राजनीति में अविश्वनीयता का सबसे बड़ा संकट अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी ने पैदा किया है। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब की जनता से किए एक भी वादे पूरे नहीं किए। यमुना की सफाई, दिल्ली की हवा सुधारने, सीसीटीवी लगाने, पंजाब की बहन-बेटियों को प्रत्येक माह 1000 रुपए, बिजली के तार सुधारने और शिक्षा व्यवस्था बेहतर बनाने के वादे केवल कागजों पर रहे। आप के दिल्ली के 11 वर्षों के शासनकाल में न स्वास्थ्य सेवाएं सुधरीं, न गंदगी कम हुई, न झुग्गियों में रहने वालों की स्थिति बदली और न ही कच्ची कॉलोनियों में बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई गईं। चुग ने अरविंद केजरीवाल की पार्टी में व्याप्त भ्रष्टाचार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आप का हर बड़ा नेता भ्रष्टाचार, हवाला, माफिया से सांठगांठ और घोटालों में लिप्त है।

## श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व और नववर्ष के उपलक्ष्य में लगाया लंगर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



दसवीं पातशाही श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व और नववर्ष के उपलक्ष्य में सेक्टर 24 सी में लंगर लगाया गया। ओंकार मार्केटिंग शॉप के सामने लगाए गए कुड़ी चावल के लंगर में पंडित सुरेश चंद शर्मा, रविंदर सिंह बिल्ला, जसवंत राय, हेमंत शर्मा, संजय शर्मा, राज कुमार, गुरजीत सिंह सहित गगन, मीनाक्षी, अनु और उदय शाम ने सेवा करते हुए लोगों में लंगर प्रसाद बांटा। जिसे काफी संख्या में लोगों ने श्रद्धाभाव के साथ लंगर प्रसाद ग्रहण किया।

इस मौके पर रविंद्र सिंह बिल्ला ने सर्वजन को श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व और नववर्ष की मुबारकबाद देते हुए कहा कि हर नए साल और लोहड़ी को समर्पित लंगर लगाया जाता है। उन्होंने बताया कि यह लंगर व सेवा मानवता के भले के लिए लगाया जाता है।

पिछले दो दिनों में शहर की सड़कों पर गंदगी का अंबार लग गया था, क्योंकि डोर-टू-डोर गारबेज कलेक्टर्स अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर थे। आखिरकार, नगर निगम ने आज उनकी मांगों पर सहमति जताते हुए संकट का समाधान किया। नगर निगम के जॉइंट कमिश्नर गुरविंद्र सोढ़ी ने कर्मचारियों के साथ बैठक में उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा 'पहले हम कमर्शियल और मार्केट एरिया के वेतन की जांच करेंगे। इसके लिए एक समिति बनाई गई है और इसके नतीजे जल्द ही सामने आएंगे।' विवादित लेबर रेट को भी तुरंत प्रभाव से रद्द कर दिया गया है।

## आदर्श कॉलोनी में शौचालय की मरम्मत का काम शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

### बद से बदत्तर है शौचालय की स्थिति



आदर्श कॉलोनी सेक्टर 54 में शौचालय की मरम्मत का काम वार्ड नंबर 24 के पार्षद जसबीर सिंह बंटी के द्वारा शुरू करवाया गया। आदर्श कॉलोनी के प्रधान विश्वनाथ पासवान ने बताया कि शौचालय की स्थिति बेहद ही बदतर थी। पुरुष तो पुरुष, महिलाओं को भी शौचालय में बहुत परेशानी आ रही थी, जो कि एरिया पार्षद जसबीर सिंह बंटी ने नगर निगम में मुद्दा उठाकर हमारे कॉलोनी के शौचालय का काम शुरू करवा दिया है। अब महिलाओं को शौचालय में जाने में कोई परेशानी नहीं होगी।

जसबीर सिंह बंटी ने कहा कि कॉलोनी वासियों की शौचालय की दुर्दशा को लेकर शिकायत आई थी। जिसका मुद्दा नगर निगम हाउस मीटिंग में पास करवाकर मरम्मत का कार्य शुरू करवा दिया गया है। जेई आशुतोष यादव की देख-रेख में शौचालय मरम्मत का यह कार्य 5 लाख रुपए की लागत से शुरू हो गया है, जो कि एक महीने में पूरा हो जाएगा। इस मौके पर राजकुमार शर्मा, प्रमोद कुमार, संदीप कुमार, कृष्पाल, मंजू और आशुतोष आदि लोगों ने काम शुरू होने पर पार्षद का आभार प्रकट किया।

## देश-विदेश

## निरस्त कृषि कानूनों को पिछले दरवाजे से लागू करने की तैयारी में केंद्र सरकार : केजरीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**आम** आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगर पंजाब में प्रदर्शनकारी किसानों को कुछ हुआ, तो इसके लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिम्मेदार होगी। किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी सहित कई मांगों को लेकर आमरण अनशन पर हैं।

केजरीवाल ने 'एक्स' पर दावा किया कि केंद्र निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों को 'नीति' कहकर उन्हें 'पिछले दरवाजे' से दोबारा लागू करने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि नई 'नीति' की प्रतियां सभी राज्यों को उनके विचार जानने के लिए भेजी गई हैं। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल एक महीने से अधिक समय से आमरण अनशन पर हैं और उन्होंने चिकित्सा सहायता लेने से इनकार कर दिया है। आप के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने 'कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति रूपरेखा' पर नव घोषित मसौदा नीति को 2020 में पारित तीन केंद्रीय कृषि कानूनों को पिछले दरवाजे से प्रवेश का प्रयास करार दिया है। किसानों के एक साल के विरोध के बाद केंद्र ने तीनों कानूनों को निरस्त कर दिया था। केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में किसान कई दिनों से धरने और अनिश्चित अनशन पर बैठे हैं लेकिन अपने अहंकार के कारण भाजपा सरकार किसानों से बात तक नहीं कर रही। आप प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने तीन साल पहले किसानों की मांगों को मान लिया था लेकिन अब वह अपने वादे से मुकर गई है।

### धोखाधड़ी मामला : ईडी ने बंगाल में की छापेमारी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने तमिलनाडु में 1,000 करोड़ रुपए से अधिक की साइबर धोखाधड़ी से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में वीरवार को पश्चिम बंगाल में आठ स्थानों पर छापेमारी शुरू की। उन्होंने कहा कि कोलकाता के पार्क स्ट्रीट, साल्ट लेक और बागुइहाटी इलाकों में पांच जगहों और विभिन्न जिलों में तीन अन्य स्थानों पर एक साथ शुरू की गई छापेमारी जारी है। अधिकारी ने कहा कि साल्ट लेक इलाके में छापेमारी के दौरान ईडी के अधिकारियों ने पूछताछ के लिए एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। बागुइहाटी में एक उच्च श्रेणी के आवासीय परिसर के एक फ्लैट पर छापेमारी कर रहे हैं।

## इसराइल ने गाजा पर किए हमले, 18 लोगों की मौत

**एजेंसी, दीर अल बला**



**गाजा** पट्टी पर इसराइली हमले में तीन बच्चों और हमास संचालित पुलिस बल के दो उच्चाधिकारियों समेत 18 लोग मारे गए। फिलिस्तीन के अधिकारियों ने बताया कि इसराइल की ओर से मानवीय क्षेत्र घोषित किए गए मुवासी नाम के इलाके में स्थित एक तंबू पर वीरवार तड़के यह हमला हुआ, जहां हजारों विस्थापित लोग ठंड और बरसात से बचने के लिए तंबुओं में रह रहे हैं।

नासेर अस्पताल के अनुसार, इस घटना में तीन बच्चों, तीन महिलाओं और चार पुरुषों की मौत हो गई। अस्पताल की ओर से दिए गए विवरण के अनुसार, मृतकों में गाजा पुलिस के महानिदेशक मेजर जनरल महमूद सलाह और उनके डिप्टी ब्रिगेडियर जनरल होसम शाहवान भी शामिल थे। इसराइली सेना की तरफ से इस पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

## चंदन गुप्ता मर्डर में 28 दोषी करार, दो आरोपी बरी

**एजेंसी, लखनऊ**

**चंदन** गुप्ता मर्डर में लखनऊ में स्पेशल एएनआई कोर्ट ने 28 आरोपियों को दोषी ठहराया है, जबकि 2 को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है। 26 जनवरी 2018 को कासगंज में तिरंगा यात्रा के दौरान चंदन गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद शहर में दंगा भड़क गया था। इस मामले को 8 साल हो गए हैं। इसमें चंदन के पिता सुशील गुप्ता ने कासगंज के थाने में सलीम को मुख्य आरोपी बनाया था। उसके अलावा करीब 20 लोगों को नामजद किया गया था। चंदन गुप्ता उस समय बीकॉम का स्टूडेंट होने के साथ एक सामाजिक संस्था भी चलाता था।

### अभिनेत्री कोल्ला हेमा के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मई 2024 में बेंगलुरु में इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी के पास एक रेव पार्टी में कथित तौर पर मादक पदार्थ के इस्तेमाल के मामले में तेलुगु अभिनेत्री कोल्ला हेमा के खिलाफ कार्यवाही पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति हेमंत चंदन गौदर ने 52 वर्षीय हेमा की ओर से दायर याचिका पर अंतरिम रोक का आदेश दिया। याचिका में एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत दायर आरोप पत्र को चुनौती दी गई थी।

## राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि केस में भाजपा नेता से पूछताछ, 10 को होगी सुनवाई

**एजेंसी, सुलतानपुर ( उप्र )**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि मामले में वीरवार को सांसद/विधायक विशेष अदालत में सुनवाई हुई।

यह मामला केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बारे में राहुल गांधी की ओर से वर्ष 2018 में कर्नाटक चुनाव के दौरान की गई कथित अभद्र टिप्पणी से संबंधित है। इस संबंध में यहां के एक भाजपा नेता ने मामला दर्ज कराया था। बीते वर्ष फरवरी माह में अदालत से गांधी को जमानत मिल गई थी और फिर जुलाई माह में उन्होंने अदालत में अपना बयान दर्ज कराया था। गांधी के वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि वादी विजय मिश्रा से पूछताछ हुई। उन्होंने कहा कि जिरह पूरी न होने के कारण अदालत अब इस मामले में अगली सुनवाई 10 जनवरी को करेगी।

## देश के 440 जिलों के भूजल में पाया गया नाइट्रेट का उच्च स्तर

### सीजीडब्ल्यूबी की रिपोर्ट : एकत्र नमूनों में 20 प्रतिशत में 'नाइट्रेट' की सांद्रता अनुमेय सीमा से अधिक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** के 440 जिलों के भूजल में 'नाइट्रेट' उच्च स्तर पर पाया गया है। केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) ने रिपोर्ट में बताया कि एकत्र किए गए नमूनों में से 20 प्रतिशत में 'नाइट्रेट' की सांद्रता अनुमेय सीमा से अधिक है। 'नाइट्रेट' संदूषण पर्यावरण और स्वास्थ्य के मद्देनजर गंभीर चिंता का विषय है, खास कर उन क्षेत्रों में जहां 'नाइट्रोजन' आधारित उर्वरकों एवं पशु अपशिष्ट का उपयोग किया जाता है। 'वार्षिक भूजल गुणवत्ता रिपोर्ट 2024' से पता चला कि 9.04 प्रतिशत नमूनों में 'फ्लोराइड' का स्तर भी सुरक्षित सीमा से अधिक था, जबकि 3.55 प्रतिशत नमूनों में 'आर्सेनिक' संदूषण पाया गया। मई, 2023 में भूजल की गुणवत्ता की जांच के लिए देशभर में कुल 15,259 निगरानी स्थानों को चुना गया। इनमें से 25 प्रतिशत कुओं (बीआईएस 10500 के अनुसार सबसे अधिक जोखिम वाले) का विस्तार से अध्ययन किया गया। पुनर्भरण से गुणवत्ता पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जानकारी लेने के लिए मानसून से पहले और बाद में 4,982 स्थानों से भूजल का नमूना लिया गया।



### राजस्थान, कर्नाटक और तमिलनाडु में 40% से अधिक नमूनों में नाइट्रेट सीमा से ऊपर

राजस्थान, कर्नाटक और तमिलनाडु में 40 प्रतिशत से अधिक नमूनों में नाइट्रेट सीमा से ऊपर था, जबकि महाराष्ट्र के नमूनों में संदूषण 35.74 प्रतिशत, तेलंगाना में 27.48 प्रतिशत, आंध्र प्रदेश में 23.5 प्रतिशत और मध्य प्रदेश में 22.58 प्रतिशत था। यूपी, केरल, झारखंड और बिहार में संदूषण का प्रतिशत कम पाया गया। अरुणाचल प्रदेश, असम, गोवा, मेघालय, मिजोरम और नागालैंड में सभी नमूने सुरक्षित सीमा के भीतर थे। सीजीडब्ल्यूबी ने कहा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात में 'नाइट्रेट' का स्तर 2015 से स्थिर बना हुआ है। हालांकि, यूपी, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और हरियाणा में 2017 से 2023 तक संदूषण में वृद्धि देखी गई है। उच्च 'नाइट्रेट' स्तर शिशुओं में 'ब्लू बेबी सिंड्रोम' जैसी स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकता है और यह पानी पीने के लिए असुरक्षित है। वहीं, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में भी यूरेनियम का सांद्रण भूजल में अधिक पाया गया है। भारत में 15 ऐसे जिले चिन्हित किए गए जहां भूजल में नाइट्रेट उच्च स्तर में पाया गया। इसमें राजस्थान में बाड़मेर, जोधपुर, महाराष्ट्र में वर्धा, बुलढाणा, अमरावती, नांदेड़, बीड, जलगांव और यवतमाल, तेलंगाना में रंगारेड्डी, आदिलाबाद और सिद्दीपेट, तमिलनाडु में विल्लुपुरम, आंध्र प्रदेश में पलनाडु और पंजाब में बठिंडा शामिल हैं।

### भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 12 महीने के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर दिसंबर में 12 महीने के निचले स्तर 56.4 पर आ गई। नए ऑर्डर तथा उत्पादन की धीमी गति इसकी मुख्य वजह रही। वीरवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) दिसंबर में 56.4 रहा जो नवंबर में 56.5 था। यह परिचालन स्थितियों में कमजोर सुधार का संकेत देता है। गिरावट के बावजूद इसका 54.1 के अपने दीर्घकालिक औसत से ऊपर रहना मजबूत वृद्धि दर का सकेंत देता है। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है, जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा संकुचन को दर्शाता है।

एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा कि भारत की विनिर्माण गतिविधि ने 2024 में एक मजबूत वर्ष का समापन किया, जबकि औद्योगिक क्षेत्र में मंदी के रुझान के संकेत मिले हालांकि यह मध्यम रहे। नए ऑर्डर में विस्तार की दर इस साल सबसे धीमी रही, जो भविष्य में उत्पादन में कमजोर वृद्धि का संकेत देती है। प्रतिस्पर्धा और मूल्य दबाव के कारण विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि बाधित हुई।

## सेंसेक्स 1436 व निफ्टी में आई 445 अंक की तेजी

**एजेंसी, मुंबई**





शेयर बाजार में वीरवार को बढ़त देखने को मिली है। सेंसेक्स 1436 अंक चढ़कर 79,943 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 445 अंक की तेजी रही, ये 24,188 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 में तेजी देखने को मिली है। आज ऑटो और द्व शेयर्स में ज्यादा बढ़त रही।

आयशर मोटर्स के शेयर में 8.55त्न और मारुति सुजुकी के शेयर में 5.61त्न तेजी देखने को मिली। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में 25 बेसिस प्वाइंट्स की कटौती के बाद एनालिस्ट्स का मानना है कि अगली मीटिंग में भारतीय रिजर्व बैंक ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। फेडरल रिजर्व के ब्याज दर घटाने से ग्लोबल मार्केट में लिक्विडिटी बढ़ेगी। इससे भारतीय भारतीय बाजारों में विदेशी निवेशकों की दिलचस्पी और बढ़ने की उम्मीद है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### श्रीलंका दौरे से बाहर रह सकते हैं ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस

**एजेंसी, सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने संकेत दिया कि वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण इस महीने के आखिर में श्रीलंका दौरे से बाहर रह सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका में 29 जनवरी और छह फरवरी से दो टेस्ट खेलने



हैं। उसी समय कमिंस की पत्नी बेकी बच्चे को जन्म देने वाली है। कमिंस ने शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे गुलाबी टेस्ट से पूर्व 'द डेली टेलिग्राफ' से कहा, ''अभी दिन पता नहीं है लेकिन यह तय है (मैं श्रीलंका दौरे से बाहर रह सकता हूं)।'' उनकी गैर मौजूदगी में स्टीव स्मिथ या ट्रेविस हेड आस्ट्रेलिया के कप्तान होंगे। कमिंस ने कहा कि पिछले साल मां के निधन के बाद जीवन में प्राथमिकताएं तय करने के उनके मानदंड बदले हैं। वह भारत दौरा बीच में छोड़कर अपनी मां के पास लौट आए थे जब उनका निधन हुआ। कमिंस ने कहा,''इससे आपको उस पर फोकस करने में मदद मिलती है जो महत्वपूर्ण है। परिवार, परिवार के साथ समय। पहले मैं जिस तरह से खेलने और विदेश दौरे के बारे में सोचता था, उस घटना से उसमें बदलाव आ गया है।'' उन्होंने कहा,''जब आप खेल रहे होते हैं तो बस अच्छा खेलना चाहते हैं। दबाव होना लाजमी है लेकिन आप अपने माता पिता की बात नहीं भूलते कि जाओ और खेल का मजा लो। अपनी ओर से पूरी कोशिश करो लेकिन आनंद आना जरूरी है। मैं जब भी खेलने उतरता हूं तो यह बात याद रखता हूं।''

### नरेंद्र यादव ने सरकार से भारत में पर्वतारोहण को बढ़ावा देने का किया आग्रह

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के सबसे युवा पुरुष पर्वतारोही नरेंद्र सिंह यादव ने सरकार से देश में पर्वतारोहण को बढ़ावा देने के लिए और अधिक प्रयास करने तथा प्राकृतिक



आपदाओं से परे पर्वतारोहियों के योगदान को महत्व देने की बात कही। यादव (30 वर्ष) सात चोटियों पर चढ़ाई कर चुके हैं। उन्होंने 25 दिसंबर को अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट विंसन मैसिफ पर चढ़ाई की, जिसमें माइनस 52 डिग्री सेल्सियस तक के न्यूनतम तापमान का सामना करते हुए उन्होंने सभी सात महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर जीत हासिल की। अंटार्कटिका से यादव ने 'वीडियो कॉल' पर पीटीआई से कहा, ''पर्वतारोहियों का महत्व सरकार को अकसर तभी समझ में आता है जब भूकंप या बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाएं आती हैं इसलिए जिला स्तर पर एक समर्पित बचाव बल बनाने की जरूरत है। '' उन्होंने कहा, ''अगर हम बचाव कोर्स की बात करें तो बहुत कम लोगों ने इसे पूरा किया है। यह आसान नहीं है, लेकिन बचाव कार्यों में ट्रेनिंग लेने वाले लोगों की प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सबसे अधिक जरूरत होती है।''

### इसा गुहा का स्टाइलिश अंदाज

**नई दिल्ली।** इसा गुहा इंग्लैंड की यह खिलाड़ी द.अफ्रीका में हुए विश्व कप में खेल चुकी हैं। 2009 में क्रिकेट विश्व कप भी जीत चुकी हैं। 17 साल की उम्र में उन्होंने भारत के खिलाफ बतौर तेज गेंदबाज शुरुआत की थी। वह बीबीसी स्पोर्ट्स वेबसाइट के लिए कॉलम भी लिखती हैं।



### कपिल देव ने कांबली से कहा, ठीक हो जाओ फिर करेंगे मुलाकात

**एजेंसी, मुंबई।** महान हरफनमौला कपिल देव ने भारत के पूर्व बल्लेबाज विनोद कांबली से वादा किया है कि वह जल्दी ही उनसे



मुलाकात करेंगे। कांबली को मूत्रमार्ग में संक्रमण की शिकायत पर 21 दिसंबर को ठाणे के एक अस्पताल में आईसीयू में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने बाद में कहा कि 52 वर्ष के कांबली के दिमाग में भी थक्का जम गया था। कांबली को बुधवार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। आकृति अस्पताल के निदेशक शैलेष ठाकुर ने बताया कि अस्पताल में रहने के दौरान कांबली ने भारत के 1983 विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव को वीडियो कॉल भी किया जिन्होंने मदद की पेशकश की। वीडियो कॉल के दौरान कांबली ने कहा,''हैलो कपिल पाजी। आप कैसे हो।'' कपिल ने इस पर कहा,''मैं तुमसे मिलने आऊंगा। तुम अब ठीक लग रहे हो । दाढ़ी भी रंग ली है। जल्दबाजी मत करो। कुछ दिन और अस्पताल में रहना पड़े तो रह जाओ।

## बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी

### भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सिडनी में अंतिम टेस्ट मैच आज

# ऑस्ट्रेलिया की नजरें सीरीज जीतने पर



फाइल फोटो

**एजेंसी,सिडनी**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सिडनी में शुक्रवार से शुरू होने वाले आखिरी टेस्ट मैच में जीत हासिल करने के लिए ऑस्ट्रेलिया उत्सुक है, तो वहीं भारतीय टीम सीरीज में बराबरी करने के लिए पूरी जोर-अजमाइश करेगी। आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि सीरीज में 2-1 से बढ़त बनाने के बावजूद भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रहे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी मैच में उनकी टीम की ऊर्जा में कोई कमी नहीं आएगी। आस्ट्रेलिया ने बॉक्सिंग डे टेस्ट 184 रन से जीतकर 2014-15 के बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने की ओर कदम बढ़ा दिया है।

कमिंस ने कहा,''सीरीज में आगे होना अच्छा रहता है। आप हर टेस्ट मैच जीत के इरादे से ही खेलते हैं और यहां भी कुछ अलग नहीं है।'' उन्होंने कहा,''पिछले तीन टेस्ट में टीम के प्रदर्शन से मैं बहुत खुश हूं। हमने दिखा दिया कि हम जीत के प्रबल दावेदार हैं और इस सप्ताह भी हमारा लक्ष्य जीतना ही है।'' उन्होंने स्वीकार किया कि टीम के सामने कुछ मसले हैं। उन्होंने कहा,'' इसमें कोई शक नहीं कि कुछ मौकों पर हम और रन बनाना चाहते थे। मेलबर्न में पिछले टेस्ट में हमें 400-500 रन की बढ़त लेनी चाहिए थी। हम इतनी अच्छी स्थिति में थे, लेकिन यही टेस्ट क्रिकेट है।'' कमिंस ने कहा कि सिडनी क्रिकेट ग्राउंड की पिच पारंपरिक पिच से अलग है जिस पर स्पिनरों और बल्लेबाजों को मदद मिलती है। उन्होंने कहा,''यह एससीजी की पारंपरिक पिच से अलग है। इस साल यहां शेफील्ड शील्ड के दो मैच अच्छे रहे और टीमें विकेट से खुश थीं। इससे गेंदबाजों को मदद मिलेगी और बल्लेबाज भी रन बना सकेंगे। कुछ समय इस पर बल्लेबाजी आसान होगी तो आखिर में यह स्पिनरों की मददगार रहेगी। मैने यहां कुछ टेस्ट खेले हैं लेकिन बाकी वनडे ही खेले हैं तो मैं कोई विशेषज्ञ नहीं हूं।''

आस्ट्रेलिया के लिए कड़ी चुनौती बने भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बारे में उन्होंने कहा,''वह बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहा है । उसका सामना करना कठिन है।''

**मैच : सुबह 5 :00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारतः** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रविंद्र जड़ेजा, नितीश रेड्डी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, वाशिंगटन सुंदर, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, तनुश कोटियन, सरफराज खान, अभिमन्यु ईश्वरन, ध्रुव जुरेल, देवदत्त पडिक्कल।

**ऑस्ट्रेलियाः** पैट कमिंस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोनस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिशेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), नाथन लियोन, मिशेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड।

### क्या सिडनी टेस्ट में अंतिम एकादश से बाहर होंगे रोहित?

**एजेंसी, सिडनी**

अतिरिक्त उछाल और सीम मूवमेंट का सामना नहीं कर पाने के अलावा अपनी कप्तानी को लेकर आलोचना झेल रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेटर के रूप में करियर निराशाजनक अंत की ओर बढ़ता दिख रहा है और ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि शुक्रवार से यहां आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे अंतिम टेस्ट मैच के लिए टीम में उनकी जगह भी पक्की नहीं है। मेलबर्न की तरह ही यहां रोहित नेट्स पर अभ्यास के लिये आखिर में उतरे। इससे पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर ने यह पुष्टि करने से इनकार किया कि शुक्रवार की सुबह टॉस के लिये रोहित आएंगे या नहीं। गंभीर ने रोहित के खेलने को लेकर पूछे गए सवाल पर इतना ही कहा,'हम पिच को देखने के बाद अंतिम एकादश के बारे में फैसला लेंगे।''




अगर ऐसा होता है तो रोहित खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर किए जाने वाले पहले कप्तान होंगे। वह पांच पारियों में 31 रन ही बना सके हैं। महेंद्र सिंह धोनी और अनिल कुंबले ने सीरीज के बीच में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था, क्योंकि उनका शरीर पांच दिन क्रिकेट और खेल पाने की इजाजत नहीं दे पा रहा था। रोहित के मामले में उन्हें फॉर्म के आधार पर बाहर किया जाएगा क्योंकि गंभीर ने साफ तौर पर कहा है कि प्रदर्शन के आधार पर ही कोई भी खिलाड़ी भारतीय ड्रेसिंग रूम में बने रह सकता है। अगर रोहित शुक्रवार को टॉस के लिए नहीं आते हैं तो यह माना जा सकता है कि उन्होंने इस सप्ताह एमसीजी पर अपना आखिरी टेस्ट खेल लिया। गंभीर ने अंतिम एकादश का खुलासा नहीं किया, लेकिन ऐसे संकेत हैं कि भारतीय टीम तीसरे नंबर पर शुभमन गिल को उतार सकती है। गंभीर ने मैच से पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,''भारतीय क्रिकेट में बदलाव का यह दौर सुरक्षित हाथों में है, जब तक ड्रेसिंग रूम में ईमानदार लोग हैं। ड्रेसिंग रूम में बने रहने का एकमात्र मानदंड प्रदर्शन है।' सीरीज में 1-2 से पीछे चल रही आस्ट्रेलियाई टीम आखिरी मैच जीतकर लॉर्ड्स पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप फाइनल में जगह पक्की करना चाहेगी। दूसरी ओर भारतीय टीम को न सिर्फ जीत की जरूरत है बल्कि यह भी दुआ करनी होगी कि श्रीलंका अपनी धरती पर आस्ट्रेलिया के खिलाफ दो में से एक भी टेस्ट नहीं गंवाए। भारतीय टीम का प्रदर्शन बिल्कुल भी प्रभावी नहीं रहा है और बतौर कप्तान तथा बल्लेबाज रोहित के लिए यह सबसे खराब दौर है। वह संन्यास की घोषणा करे या नहीं करे लेकिन सिडनी के बाद उनका टेस्ट क्रिकेट खेलना संभव नहीं लग रहा। इसके अलावा टीम में असंतोष की खबरें भी प्रदर्शन पर असर डाल सकती है । इसकी शुरुआत सीरीज के बीच में रविचंद्रन अश्विन के संन्यास के फैसले से हुई और रोहित के खराब फॉर्म से बतौर कप्तान उनका कद घटा है।

### गंभीर के कड़े तेवर, कहा- सार्वजनिक नहीं होनी चाहिए ड्रेसिंग रूम की बात

**सिडनी।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि ड्रेसिंग रूम की 'बहस' सार्वजनिक नहीं होनी चाहिए और उन्होंने अपने खिलाड़ियों से 'ईमानदारी' से बातचीत की क्योंकि प्रदर्शन ही उन्हें टीम में बनाये रख सकता है। गंभीर ने इन सवालों को भी दरकिनार किया कि खराब फॉर्म से जूझ रहे कप्तान रोहित शर्मा को आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट के लिए अंतिम एकादश में जगह मिलेगी या नहीं। ड्रेसिंग रूम में तनाव की रिपोर्ट के बीच गंभीर ने कहा कि वे सिर्फ रिपोर्ट हैं, सच नहीं। गंभीर ने से पहले




प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,''मैं इतना ही कह सकता हूं कि ईमानदारी से बात हुई। बड़ी चीजें हासिल करने के लिए ईमानदारी बहुत महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा,''जब तक ईमानदार लोग ड्रेसिंग रूम में हैं, भारतीय क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है। किसी भी बदलाव के दौर में ईमानदारी सबसे महत्वपूर्ण है।'' स्पष्टवादिता के लिए मशहूर भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कोई नाम नहीं लिया, लेकिन कहा कि टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है और टीम में बने रहने के लिए प्रदर्शन ही एकमात्र मानदंड है।''

### रोहित के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने पर नहीं होगी हैरानी : शास्त्री

**एजेंसी, सिडनी**

भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का कहना है कि आलोचनाओं से घिरे कप्तान रोहित शर्मा के निकट भविष्य में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने पर उन्हें हैरानी नहीं होगी। उनका कहना है कि प्रतिभाशाली और फॉर्म में चल रहे युवा जैसे शुभमन गिल टीम में आने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। रोहित अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए पांच मैच की सीरीज के शुरुआती टेस्ट में नहीं खेल पाए थे, लेकिन इसके बाद पांच पारियों में उनका सर्वोच्च स्कोर 10 रन रहा है।



सिडनी टेस्ट के लिए अंतिम एकादश में रोहित के स्थान को लेकर अटकलें तेज हो गईं है, जब मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में टीम के कप्तान के स्थान की पुष्टि नहीं की। शास्त्री पिछली बार भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मुख्य कोच थे और अब इस सीरीज में यहां कमेंटेरी कर रहे हैं। वह चाहते हैं कि 37 वर्षीय रोहित अगर अपने टेस्ट भविष्य पर फैसला करते हैं तो उन्हें धमाकेदार प्रदर्शन से अलविदा करना चाहिए। शास्त्री ने 'आईसीसी रिव्यू' में कहा, ''वह अपने करियर पर फैसला लेंगे। लेकिन अगर रोहित शर्मा संन्यास लेते हैं तो मुझे जरा भी हैरानी नहीं होगी क्योंकि उनकी उम्र बढ़ रही है, घट नहीं रही।'' उन्होने कहा, ''टीम में शामिल होने के लिए कुछ अन्य युवा खिलाड़ी भी हैं जैसे शुभमन गिल। और वह अभी टीम में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। वह बेंच पर बैठकर क्या कर रहे हैं। मुझे रोहित के संन्यास की घोषणा से हैरानी नहीं होगी, लेकिन यह उनका फैसला है।'' रोहित जिस तरह से खेलते हैं, वह उससे करीब भी नहीं दिखे हैं और शास्त्री चाहते हैं कि सलामी बल्लेबाज पूरी स्वतंत्रता से खेले। शास्त्री ने कहा, ''अगर मैं रोहित शर्मा के करीब होता तो मैं उससे कहता, जाकर धमाल करो। मैदान पर जाओ और विपक्षी टीम पर हमला करो। फिर देखते हैं क्या होता है।''

उन्होंने कहा, ''अंत में अगर भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (फाइनल) के लिए क्वालीफाई कर ले तो यह पूरी तरह से अलग बात होगी। मुझे लगता है कि यह सही समय हो सकता है। लेकिन अगर रोहित खेलते हैं तो उन्हें शानदार प्रदर्शन करना चाहिए।'' शास्त्री ने कहा कि रोहित को अब तक श्रृंखला में पैरों के मूवमेंट से जूझना पड़ा है। उन्होंने कहा, ''वह गेंद को थोड़ा देर से खेल रहा है। उसके पैर सामान्य रूप से उतने अच्छे से नहीं चल रहे हैं। हालांकि तब वह सर्वश्रेष्ठ खेलते थे, तब भी उनका फुटवर्क कम ही था।'' मैं चाहता हूं कि वह बस पिच पर जाकर धमाकेदार बल्लेबाजी करे और इस टेस्ट मैच को जीतने की कोशिश करे।

### भारत का चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाक नहीं जाना दुर्भाग्यपूर्ण : वाटसन

**एजेंसी, सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला शेन वाटसन ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के पाकिस्तान नहीं जा पाने



को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया, लेकिन कहा कि इस आईसीसी टूर्नामेंट से विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे स्टार बल्लेबाजों को लंबे समय से चले आ रहे खराब फॉर्म से उबरने का मौका मिलेगा। आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी 'हाइब्रिड' मॉडल में कराने पर मंजूरी जताई है जिसमें भारतीय टीम के सारे मैच दुबई में खेले जाएंगे। वाटसन ने चैंपियंस ट्रॉफी टूर के दौरान मीडिया से कहा,''यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसे हालात बने, लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि भारत-पाकिस्तान मैचों का सभी को इंतजार रहता है। जब भी वे एक दूसरे के खिलाफ खेलते हैं तो यह खास होता है।'' उन्होंने कहा,''यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान नहीं जा रही है, लेकिन इसमें क्या किया जा सकता है।'' वाटसन ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी दो वनडे विश्व कप के बीच चार साल के अंतर को पाटने के लिए अच्छा जरिया है। उन्होंने कहा,''चैंपियंस ट्रॉफी विश्व क्रिकेट में महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है क्योंकि वनडे विश्व कप चार साल में एक बार होता है। यह उस इंतजार को कम करता है।''

### गोबिंदसागर झील में 5 को होंगे खिलाड़ियों के ट्रायल


फाइल फोटो।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

16 से 19 जनवरी 2025 को केरल में आयोजित होने जा रही 11वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट एवं ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के लिए ट्रायल 5 जनवरी को मंडी भराड़ी फोरलेन के पास गोबिंदसागर झील बिलासपुर में आयोजित किए जाएंगे।

हिमाचल प्रदेश ड्रैगन बोट एवं ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के राज्य महासचिव रितेश अहलूवालिया ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी 30 दिसंबर 2024 तक अपने नाम इस सम्पर्क नंबर 8580825884 पर भेज दें तथा 5 जनवरी 2025 को 10 बजे उपरोक्त स्थान पर ट्रायल के लिए पहुंचे। रितेश ने बताया कि हिमाचल प्रदेश ड्रैगन बोट एवं ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आईएएस डॉ. राजीव कुमार के दिशा-निर्देश से हिमाचल प्रदेश के 12 जिलों के खिलाड़ी केरल में आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय ड्रैगन बोट चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर छिपी प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करने के लिए हिमाचल प्रदेश ड्रैगन बोट एवं ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन हमेशा कटिबद्ध है। राज्य महासचिव रितेश अहलूवालिया ने बताया कि इस चैंपियनशिप के दौरान जर्मनी में आयोजित होने जा रही 17 वीं वर्ल्ड ड्रैगन बोट रेस चैंपियनशिप के लिए भारत की टीम का चयन किया जाएगा।

### रित्विक बोलीपल्ली ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट से बाहर

**एजेंसी, ब्रिस्बेन।** एटीपी सर्किट में लगातार प्रगति कर रहे भारतीय खिलाड़ी रित्विक चौधरी बोलीपल्ली और रोबिन हासे की जोड़ी ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टरफाइनल से बाहर हो गई। भारत और नीदरलैंड की यह जोड़ी 12 जनवरी से शुरू होने वाले सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले आयोजित इस एटीपी 250 टूर्नामेंट में रिंकी हिजिकाता और जेसन कुबलर 65 मिनट में 4-6 2-6 से हार गई। बोलीपल्ली मेलबर्न में अपना मेजर पदार्पण करेंगे। एन श्रीराम बालाजी और मिगुएल रेयेस वारेला की जोड़ी को शुरुआती दौर में मैनुअल गुईनार्ड और आर्थर रिंडर्कनेच से 4-6 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य भारतीय युकी भांबरी फ्रांस के अपने जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी के साथ हांगकांग टेनिस ओपन के क्वार्टरफाइनल में कारेन खाचानोव और आंद्रे रूबलेव की जोड़ी से 4-6 6-7(5) से हार गए। एकल में सुमित नागल कैनबरा में एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में अमेरिकी क्वालीफायर पैट्रिक किपसन से 6-2 4-6 1-6 से पराजित हुए।

## क्रिकेट

### कुसल परेरा ने टी-20 क्रिकेट में श्रीलंका के लिए सबसे तेज शतक लगाया, असलांका को 3 विकेट

# श्रीलंका ने तीसरा टी-20 जीता, न्यूजीलैंड ने 2-1 से जीती सीरीज

**एजेंसी, नेलसन ( न्यूजीलैंड )**

कुसल परेरा ने टी-20 क्रिकेट में श्रीलंका के लिए सबसे तेज शतक लगाकर तीन मैचों की सीरीज के आखिरी मैच में अपनी टीम को न्यूजीलैंड पर सात रन से जीत दिलाई। परेरा के 44 गेंद में शतक और कप्तान चरित असलांका के साथ शतकीय साझेदारी की मदद से श्रीलंका ने पांच विकेट पर 218 रन बनाए जो टी-20 में उसका दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। न्यूजीलैंड ने पहला मैच आठ रन से और दूसरा 45 रन से जीता था।

न्यूजीलैंड की टीम सात विकेट पर 211 रन ही बना सकी, जिसमें रचिन रविंद्र ने 39 गेंद में 69 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड की शुरुआत बहुत अच्छी रही और




पावरप्ले के छह ओवरों में बिना किसी नुकसान के 60 रन बने। असालांका ने रविंद्र, मार्क चैपमैन (नौ) और ग्लेन फिलिप्स (छह) को आउट किया। असालांका ने 25 रन देकर तीन विकेट लिए थे, लेकिन डेरिल मिचेल ने उनके आखिरी ओवर में लगातार चार छक्के लगाकर उनका औसत बिगाड़ दिया।

वानिंदु हसरंगा ने मिचेल हे (आठ) और माइकल ब्रासवेल (1) को 16वें ओवर में पवेलियन भेजा। न्यूजीलैंड को आखिरी ओवर में 22 रन की जरूरत थी। पहली तीन गेंद पर छह रन लेने के बाद जाक फोक्स ने चौथी गेंद पर छक्का लगाया। आखिरी दो गेंद पर न्यूजीलैंड को 10 रन की जरूरत थी लेकिन उसके बल्लेबाज तीन रन ही बना सके।